4 रायपुर संभाग
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मंथन 2024 का भव्य...

6 अभिमत
जाति-आधारित भेदभाव और समकालीन विडंबनाएं

09 विविध
ढाई करोड़ से अधिक लागत से बनाई गई नहर लाइनिंग चढ़ी...

10 फिल्मी
एक्ट्रेस और इंफ्लुएंसर रीवा अरोड़ा की नहीं पता किसी...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 21 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-32 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### तीनों सेनाओं के जल तैराकी अभियान के सदस्यों से मिले राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के 21 द्वीपों के लिए अपनी तरह के पहले



खुले जल तैराकी अभियान का स्वागत किया। रक्षा मंत्रालय ने वक्तव्य जारी कर बताया कि नाम बदलने की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए त्रि-सेवा अंडमान और निकोबार कमान ने 'अभियान परमवीर' शुरू किया, जिसमें सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के कर्मियों की एक टीम ने सभी 21 स्थानों पर तैराकी की। इस अवसर पर 21 वीरता पुरस्कार विजेताओं की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि के रूप में द्वीपों और प्रत्येक द्वीप पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। वक्तव्य में कहा गया है कि 11 सदस्यीय अभियान दल का नेतृत्व ओपन वॉटर तैराक और तेनजिंग नॉर्वे नेशनल एडवेंचर पुरस्कार प्राप्त विंग कमांडर परमवीर सिंह ने किया।

### महाराष्ट्र में हर दिन सात किसान कर रहे हैं आत्महत्या : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा को किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में हर दिन सात किसान आत्महत्या कर रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार उनकी समस्याओं का निदान नहीं कर रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि महाराष्ट्र में एक दिन में औसतन सात किसान आत्महत्या कर रहे हैं। दिल दहला देने वाला यह आंकड़ा राज्य के राहत और पुनर्वास मंत्री की ओर से आया है जिसमें उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक 2,366 किसानों ने आत्महत्या की। पिछले वर्ष 60 फीसदी ज़िलों में सूखे की स्थिति रही लेकिन सरकार की ओर से कोई मदद किसानों को नहीं दी गई।

### सुप्रीम कोर्ट की बेवसाइट से यूट्यूब चैनल हटा, शीघ्र बहाल होने की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट से यूट्यूब चैनल को अस्थाई तौर हटा दिया गया। शीर्ष अदालत की ओर से जारी एक बयान में यह जारी जानकारी दी गई। बयान में यह भी बताया गया कि यूट्यूब चैनल सेवा जल्दी ही बहाल कर दी जाएगी। इससे पहले इस यूट्यूब चैनल के हैक होने की खबरें सामने आई थीं, लेकिन शीर्ष अदालत की ओर से जारी बयान में इसके बारे कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

# कांग्रेस के अंदर देशभक्ति दम तोड़ चुकी है : पीएम मोदी

## कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है

एजेंसी ᐸ वार्धा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हाल की विदेश यात्रा में उनके विवादास्पद बयानों को लेकर कांग्रेस की तीखी आलोचना की और कहा कि आज की कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं रह गयी है, इस पार्टी में देश भक्ति दम तोड़ चुकी और इस पर नफरत का भूत सवार हो चुका है। मोदी संसद में नेता प्रतिपक्ष का नाम लिए बिना कहा कि आज कांग्रेस के नेता विदेश जा कर देश विरोधी एजेंडा चलाते हैं और भारतीय संस्कृत तथा यहां के लोगों की आस्था का अपमान करते हैं। पीएम मोदी कारीगरों की सहायता के लिए चल रहे केंद्र सरकार के विश्वकर्मा कार्यक्रम पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि वार्धा आश्रम महात्मा गांधी और आचार्य विनोबा भावे जैसे महापुरुषों की कार्यस्थली और सामाजिक प्रयोगशाला रही है। प्रधानमंत्री कहा, आज जो कांग्रेस हम देख रहे हैं, ये वो कांग्रेस नहीं है जिससे कभी महात्मा गांधी जी जैसे महापुरुष जुड़े थे। आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। आज की कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है। उन्होंने गांधी की हाल की अमेरिका यात्रा में सिखपंथ के लोगों की भारत में स्थिति और अन्य मुद्दों पर उनके विवादास्पद बयानों तथा कथित तौर पर कुछ भारत विरोधी लोगों के साथ उनकी मुलाकातों की ओर संकेत करते हुए कहा, आप देखिए, आज कांग्रेस के लोगों की भाषा, उनकी बोली, विदेशी धरती पर जाकर उनके देशविरोधी एजेंडे, समाज को तोड़ना, देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना, ये वो कांग्रेस है, जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं। मोदी ने कहा, आज देश की सबसे बेईमान और सबसे भ्रष्ट कोई पार्टी है, तो वह कांग्रेस पार्टी है। देश का सबसे भ्रष्ट परिवार कोई है, तो वो कांग्रेस का शाही परिवार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र की धरती गवाह है, आज़ादी की लड़ाई में लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में गणपति उत्सव भारत की एकता का उत्सव बन गया था। गणेश उत्सव में हर समाज, हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते थे। इसीलिए, कांग्रेस पार्टी को गणपति पूजा से भी चिढ़ है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा, कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- युवाओं को जॉब गिवर बनना चाहिए, ना की जॉब सीकर


पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित युवा उत्सव 3.0 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया है और वे हमेशा कहते हैं कि युवाओं को जॉब गिवर बनना चाहिए ना की जॉब सीकर। निश्चित रूप से विकसित भारत बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं पर है और इस लक्ष्य को पाने में छत्तीसगढ़ की युवाशक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को अपने आयोजन की थीम बनाया है। युवा उत्सव के दौरान अलग-अलग विषयों को लेकर पैनल डिस्कशन होंगे, जिसमें युवाओं के लिए उद्यम में अवसर पर बात होगी। सीआईआई और यंग इंडियन्स की इस पहल से वर्तमान और भावी पीढ़ी को सफल उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत नए जमाने की प्रौद्योगिकी और रोजगार जरूरतों के मुताबिक स्किल डेवलपमेंट करने और शिक्षा देने की बात पर जोर दे रहा है। इसी कड़ी में हम प्रदेश के आदिवासीबहुल क्षेत्र के युवाओं को अब रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे तकनीकी विषय पढ़ा रहे हैं। प्रदेश के स्कूलों में स्किल डेवलपमेंट का कोर्स शामिल करने से पढ़ाई के साथ ही बच्चे हुनरमंद भी हो रहे हैं। साय ने कहा कि हमारे साथ उद्योग जगत के लोग बैठे हैं। आप सभी जानते है कि प्रदेश में प्रशिक्षित कुशल इंजीनियरों की बहुत अधिक मांग है। इस मांग को पूरी करने हम छत्तीसगढ़ में नए प्रौद्योगिकी संस्थान आरंभ करने जा रहे हैं। इस बजट में हमने आईआईटी की तर्ज पर पांच सीआईटी आरंभ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके पैदा कर रही है। जल्द ही स्वास्थ्य विभाग में 650 पदों पर मेडिकल स्टाफकी नियुक्ति की जाएगी।

# ईओएस-08 ने मिशन शुरु किया

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-08 ने अपना मिशन शुरू कर दिया है। इसरो ने एक अपडेट में कहा कि इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड,



ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड और एसआईसी यूवी डोसिमीटर के साथ ईओएस-08 अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक पेलोड है। इसरो ने इसे 16 अगस्त, 2024 को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान की तीसरी विकासात्मक उड़ान के माध्यम से प्रक्षेपित किया था। ईओआईआर पेलोड उन्नत मिड-वेव इंफ्रारेड और लॉन्ग-वेव इंफ्रारेड चैनलों से लैस है जो अपने उच्च प्रदर्शन के साथ थर्मल इमेजिंग तकनीक में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है।

# किसी के साथ नहीं होने देंगे अन्याय : सीएम योगी

पायनियर संवाददाता ᐸ गोरखपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन के दौरान गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक.एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए।

# ओडिशा यौन शोषण मामले में मोदी चुप्पी तोड़ें, माफी मांगे : कांग्रेस

एजेंसी ᐸ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने ओडिशा में एक महिला वकील एवं सैन्य अधिकारी की मंगेतर के साथ पुलिस थाने मे हुए यौन शोषण को अत्यंत शर्मनाक घटना बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ने और आधी आबादी से माफी मांगने की मांग की। कांग्रेस सोशल मीडिया तथा डिजिटल प्लेटफार्म की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि जिस ओडिशा में महिला सशक्तीकरण की बात करते हैं लेकिन भाजपा शासित ओडिशा में एक वकील तथा सेना अधिकारी की मंगेतर के साथ थाने में यौन शोषण होता है। उसके साथ यौन शोषण पुलिसकर्मी करता है और यह घटना तब होती है जब ओडिशा में भाजपा सरकार अपने100 दिन पूरे कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा देशभक्ति की बात करती है लेकिन भाजपा शासित राज्यों में आधी आबादी का सम्मान नहीं हो रहा है। मणिपुर में जिन दो बेटियों को आदमखोरों ने नोचा उनमें से एक कारगिल योद्धा की पत्नी है।

# भारतीय गेंदबाजों ने बंगलादेश को 149 पर किया ढ़ेर

पायनियर संवाददाता ᐸ चेन्नई
www.dailypioneer.com




जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवींद्र जडेजा की चौकड़ी ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन बंगलादेश की टीम को 149 के स्कोर पर ढ़ेर कर भारत को पहली पारी के आधार पर 227 रनों की बढ़त दिला दी है। बंगलादेश ने भोजनकाल के बाद तीन विकेट पर 26 रन से आगे खेलना शुरु किया। 12वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने कप्तान नजमुल शान्तो (20) को आउटकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। इसके बाद बुमराह ने मुशफिकुर रहीम (8) को आउट किया। शाकिब अल हसन और लिटन कुमार दास ने कुछ देर बंगलादेश की पारी को संभालने का प्रयास किया। शाकिब अल हसन (32) और लिटन कुमार दास (22) रवीन्द्र जडेजा का शिकार बने। हसन महमूद (9) और तसकीन अहमद (11) को बुमराह ने आउट किया। 48वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने नाहिद राणा (11) को आउट कर बंगलादेश की पारी को 149 के स्कोर पर समेट दिया। भारत ने बंगलादेश को फॉलो ऑन न देते हुए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी का फैसला किया है। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवीन्द्र जडेजा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले बंगलादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और हसन महमूद ने सुबह के सत्र में भारतीय पारी को 376 स्कोर पर समेट दिया था। और पहले सत्र में भोजनकाल तक बंगलादेश ने 26 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवांकर दिये थे। भारत ने कल के छह विकेट पर 339 रन से आगे खेलना शुरू किया। अभी टीम को स्कोर 347 रन ही पहुंचा था कि तस्कीन अहमद ने रवींद्र जडेजा को विकेट के पीछे लिटन के हाथों कैच आउट कराकर सुबह के सत्र का पहला विकेट झटका। जडेजा (86) अपना शतक पूरा नहीं कर सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आकाश दीप (17) को भी तस्कीन ने शांतो के हाथों कैच आउट कर दिया। 91वें ओवर में तस्कीन ने रविचंद्रन अश्विन (113) को आउट कर भारत की बड़े स्कोर बनाने की उम्मीद को झटका दिया। 10वें विकेट के रूप में बुमराह (7) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें हसन महमूद ने आउट किया। भारतीय पारी 91.2 ओवर में कल के स्कोर में 37 रन जोड़कर 376 के स्कोर पर सिमट गई। बंगलादेश की ओर से हसन महमूद ने पांच विकेट लिये।

# नक्सली हिंसा से पीड़ित लोगों से मिले अमित शाह

पायनियर संवाददाता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया है कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर अगले एक से डेढ़ वर्ष में राज्य को नक्सली हिंसा से मुक्त कराने के प्रति वचनबद्ध है। शाह ने अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित इलाकों के हिंसा प्रभावित 55 लोग बस्तर शांति समिति के तत्वाधान में केन्द्रीय गृह मंत्री से मिले। गृह मंत्री ने इन लोगों को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उनके कल्याण तथा क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं बनाकर उनको अमली जामा पहनाएगी। उन्होंने नक्सली हिंसा में शामिल लोगों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उनके कल्याण तथा उनके क्षेत्र के विकास में हर संभव सहायता करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि नक्सली हिंसा का रास्ता नहीं छोड़ते हैं तो सरकार ने इस विचारधारा को समाप्त करने के लिए अभियान चला रखा है और उन्हें विश्वास है कि अगले एक से डेढ़ वर्ष में छत्तीसगढ़ से नक्सली समस्या समाप्त हो जाएगी। गृह मंत्री ने उनसे मिलने आए लोगों से कहा कि वे राजधानी में अलग-अलग संगठनों तथा लोगों से मिले तथा मीडिया के सामने भी अपनी बात रखें।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद से निजात पाने के लिए वह अपना संघर्ष जारी रखें और सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा, सिफारिशें दोहराने के बावजूद क्यों लंबित हैं न्यायाधीशों की नियुक्तियां

पायनियर संवाददाता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित शीर्ष अदालत कॉलेजियम की ओर से बार-बार दोहराए जाने के बावजूद नियुक्ति में कथित देरी मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह लंबित सिफारिशों का ब्यौरा उपलब्ध कराये। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने झारखंड सरकार और अन्य की याचिकाओं पर केंद्र सरकार से यह बताने को कहा कि आखिर न्यायाधीशों की नियुक्तियां किस वजह से लंबित हैं। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से इस संबंध में एक चार्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई अगले सप्ताह करेगी। पीठ ने उनसे पूछा, आप हमें बताएं कि वे नियुक्तियां क्यों नहीं की गई हैं। कौन से मामले दोहराए गए हैं और वे क्यों लंबित हैं। पीठ ने हालांकि यह भी कहा कि उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की कुछ नियुक्तियां होने की संभावना है। पीठ ने सुनवाई करते हुए टिप्पणियां कीं कि शीर्ष अदालत की कॉलेजियम कोई खोज समिति नहीं है, जबकि सरकार न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में अपने ऐसे विवेकाधिकार का प्रयोग कर सकती है। अटार्नी जनरल ने लंबित सिफारिशों का ब्यौरा उपलब्ध कराने पर सहमति जताई, लेकिन न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सवाल उठाने वाली रिट याचिकाओं पर प्रारंभिक तौर पर आपत्तियां भी दर्ज कराईं। झारखंड सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की सिफारिश लंबित रखी गई। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ कृपाल का मुद्दा उठाया, जिन्होंने समलैंगिक होने का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि दोहराई गई कॉलेजियम की सिफारिशें उचित समय के बाद नियुक्त की गई मानी जानी चाहिए, क्योंकि सरकार कुछ नामों पर महीनों तक बैठी रही।

## मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

# राज्य में गठित पांचों विकास प्राधिकरणों के पुनर्गठन आदेश में संशोधन को मंजूरी

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण तथा बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। राज्य मंत्रिमण्डल ने राज्य में गठित पांचों विकास प्राधिकरणों के पुनर्गठन आदेश में आंशिक रूप से संशोधन की मंजूरी दी है। इस संशोधन से पांचों प्राधिकरणों में जनप्रतिनिधित्व का दायरा काफी विस्तृत किया गया है। पांचों प्राधिकरणों में अब राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्रीगणों को सदस्य के रूप में शामिल करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद एवं प्राधिकरण क्षेत्रों के जिला पंचायत अध्यक्षों को अब इसका सदस्य बनाया गया है। पांचों प्राधिकरणों में प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। शेष सभी सदस्य यथावत रहेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में प्रस्तावित संशोधन को मंत्रिमण्डल ने मंजूरी दी, जिसके तहत मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक उपाध्यक्ष होंगे। वहीं सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में संशोधन किया गया है। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक (अ.ज.जा. आरक्षित) उपाध्यक्ष होंगे। पूर्व में सदस्य के रूप में शामिल आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं वित्त मंत्री के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के समस्त मंत्रीगण प्राधिकरण के सदस्य होंगे। प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण क्षेत्र के जनजाति बाहुल्य जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष भी अब प्राधिकरण के सदस्य होंगे। आदिवासी विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा मनोनीत), मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण के सदस्य तथा मुख्यमंत्री जी के प्रमुख सचिव/सचिव प्राधिकरण के सदस्य सचिव होंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा विधायक (अ.जा. आरक्षित) प्राधिकरण के उपाध्यक्ष होंगे।






गोमती साय को सरगुजा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष लता उसेंडी को बनाया गया है। मध्यक्षेत्र विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष प्रणव कुमार को बनाया गया है। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी आरंग विधायक खुशवंत साहेब को सौंपी गई है। इसके साथ ही दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान पर यादव ने खड़गे से पूछे सवाल

**भोपाल/वार्ता।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के धारा 370 को लेकर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे



से सवाल किया है। डॉ. यादव ने कल देर रात वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने के मसले पर खुलकर कह रहे हैं कि पाकिस्तान, कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की एक राय है। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि क्या यह गठबंधन पाकिस्तान ने कराया है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे इस मुद्दे को लेकर अपनी बात स्पष्ट करें। यह घोर निंदनीय है। अगर कांग्रेस पाकिस्तान के एजेंडे को लागू कर रही है तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हुए है, लेकिन आज भी यह दंश सामने आ रहा है। भाजपा ने हमेशा कहा है कि धारा 370 एक कलंक है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर सामान्य राज्यों की श्रेणी में खड़ा हुआ है, तो कांग्रेस केवल चुनावी राजनीति के लिए देश के दुश्मनों से हाथ मिलाना चाह रही है। यह शर्म की बात है। डॉ यादव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष को इस पूरे घटनाक्रम पर माफी मांग कर पाकिस्तान को कठोर शब्दों में जवाब देना चाहिए।

# तिरुपति प्रसाद मामले पर उचित कार्रवाई होगी: नड्डा

वार्ता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरुमाला तिरूपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गयी है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। नड्डा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए कहा कि तिरुमाला तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का मामला सामना आया है। यह जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आयी है, इसलिए इस संबंध में आंध्र प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी गयी है। नड्डा ने कहा, मैंने सुबह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू को फोन किया और उनसे इस संबंध में जानकारी ली। मैंने उनसे इस संबंध में पूरी जानकारी भेजने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई होगी और भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने की प्रणाली तय होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट की जांच करने के बाद प्रसाद में मिलावट के मामले में उचित और कानूनी कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि सोशल मीडिया के अनुसार आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के शासन काल में तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलायी जा रही थी।

# ममता ने मोदी से की राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राशि जारी करने की मांग

एजेंसी < कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर प्रभावित लोगों के हित में व्यापक बाढ़ प्रबंधन कार्य करने के लिए पर्याप्त केंद्रीय निधि की मांग की। बनर्जी ने प्रधानमंत्री को लिखे चार पन्नों के पत्र में आरोप लगाया है कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) द्वारा भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण राज्य वर्ष 2009 के बाद से सबसे खराब बाढ़ का सामना कर रहा है। बाढ़ को 'मानव निर्मित बाढ़' बताते हुए उन्होंने प्रभावित लोगों के हित में व्यापक बाढ़ प्रबंधन कार्य करने के लिए पर्याप्त केंद्रीय निधि की मांग की। मुख्यमंत्री दक्षिण बंगाल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद प्रधानमंत्री को लिखा, राज्य इस समय निचले दामोदर और उसके आसपास के इलाकों में 2009 के बाद सबसे बड़ी बाढ़ का सामना कर रहा है। मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप इस मामले पर गंभीरता से विचार करें और संबंधित मंत्रालयों को इन मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर हल करने का निर्देश दें, जिसमें सबसे अधिक पीड़ित लोगों के हित में व्यापक बाढ़ प्रबंधन कार्य करने के लिए पर्याप्त केंद्रीय निधियों की मंजूरी और रिलीज शामिल है। उन्होंने दामोदर घाटी निगम पर 5.5 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ने का आरोप लगाया, जिससे दक्षिण बंगाल के पूरे जिले जलमग्न हो गए। बनर्जी ने कहा, यदि यह एकतरफा दृष्टिकोण जारी रहा, जिससे मेरे राज्य के लोगों को कठिनाई हुई, तो हमारे पास डीवीसी से पूरी तरह से अलग होने और अपनी भागीदारी वापस लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। हम इस चल रहे साल दर साल अपने लोगों को प्रभावित नहीं करने दे सकते। मुख्यमंत्री ने कहा, डीवीसी के स्वामित्व और रखरखाव वाले मैथन और पंचेत बांधों की संयुक्त प्रणाली से लगभग पांच लाख क्यूसेक पानी की अनियोजित और एकतरफा छोड़े जाने के कारण तबाही मची। इस बीच, झारखंड से सभी वाहनों के आवागमन को रोकने के मुख्यमंत्री के आदेश के बाद कल शाम से झारखंड-बंगाल सीमा पर आवश्यक वस्तुओं से लदे ट्रक फंसे हुए हैं। बनर्जी ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को झारखंड से वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने का आदेश दिया, क्योंकि इससे राजमार्गों और जलमग्न क्षेत्रों के गांवों को तथा अधिक नुकसान पहुंचने की आशंका है। ट्रक चालकों ने कहा कि वे कश्मीर, पंजाब, हरियाणा से फल और सब्जियां जैसे जल्दी खराब होने वाले सामान लेकर आए थे, जिन्हें वे बड़ा बाजार के थोक बाजार में पहुंचाना चाहते थे। बनर्जी ने आरोप लगाया कि झारखंड को बचाने के लिए डीवीसी ने पानी छोड़ा। उन्होंने कहा कि डीवीसी ने चार लाख क्यूसेक पानी छोड़ा, जबकि तेनुघाट से 1.5 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। उन्होंने डीवीसी की क्षमता बढ़ाने के लिए गहराई से ड्रेजिंग और गाद निकालने के लिए केंद्र की आलोचना की, जो अब घटकर 36 प्रतिशत रह गई है। बनर्जी ने गुरुवार को कहा, वे ड्रेजिंग और गाद निकालने का काम क्यों नहीं करना चाहते? बंगाल क्यों डूबना चाहिए? डीवीसी ड्रेजिंग नहीं करता और बंगाल डूब जाता है। उन्होंने कहा कि नेपाल और भूटान से बारिश का पानी समेत पड़ोसी क्षेत्रों से अतिरिक्त पानी बंगाल में प्रवेश करता है, जिससे उत्तर बंगाल में बाढ़ आती है। दक्षिण बंगाल में डीवीसी द्वारा छोड़े गए पानी के कारण भयंकर बाढ़ आई। उन्होंने उल्लेख किया कि मालदा और अन्य भागों में गंगा के कटाव ने स्थिति को और खराब कर दिया है।

# आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करना है मगर इसके दुष्प्रभाव से बचना है: द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी < रांची
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड से मेरा विशेष लगाव हैऔर यह भगवान बिरसा मुंडा की धरती मेरे लिए तीर्थ स्थल है। राष्ट्रपति ने रांची के नामकुम में स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (आईसीएआर) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप पर भाग लेते हुए कहा कहा कि झारखंड के राज्यपाल कि अपने कार्यकाल के दौरान वह 2017 में इस संस्थान में आ चुकी हैं। हमारे देश के कई राज्यों में लाह का उत्पादन होता है। भारत में लाह का उत्पादन मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय के द्वारा किया जाता है। इस संस्थान में लाह के साथ-साथ कई लाह से जुड़े कई उत्पाद किए जा रहे हैं। यह भी गर्व की बात है कि झारखंड में इसका उत्पादन देश के कुल उत्पादन का 55 प्रतिशत है। कौशल विकास के लिए भी प्रशिक्षण आयोजन किया जाता है? एसएजी समुह की बहने बहुत मेहनती हैं जो कृषि के साथ अन्य उत्पाद से जुडे हैं। महिलाएं सब्जी उत्पादन करके लाती हैं, मगर उसे फ्रिजिंग करके रखने की जरूरत है ताकि सब्जियां खराब न हो। आज का दौर आधुनिक तकनीक का है इसका इस्तेमाल करना है मगर इसके दुष्प्रभाव से बचना है। अभी भी अनेक क्षेत्र हैं जहां हम और आगे जा सकते हैं। लाह के उत्पादन, सप्लाई चैन और मार्केटिंग में सुधार किया जाए तो हम लाह की खेती में और आगे बढ़ सकते हैं। गांवों में कृषि आधारित भंडारण नीति बनायी जा रही है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कृषि एवं उत्पाद कैसे आगे बढ़े, इसके लिए काम करने जरूरत है। मगर आज भी हमारे किसानों गरीबी में जीने को विवश हैं। इस दिशा में काम करने की जरूरत है। सेकेंडरी कृषि इसका विकल्प हो सकता है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और वे गांव में नहीं छोड़ेंगे। सेंकेंडरी कृषि उत्पाद हम बेहतर दिशा में बढ़ सकते हैं। वेस्टेज वस्तुओं को हम रीसाइकलिंग करके उपयोगी एवं मूल्यवान वस्तुएं बना सकते हैं। एक बदाम के छिलके से कैसे वे लाभान्वित हो सकते हैं इसे भी देखने का मौका मिला है। यह संस्थान लाह के साथ गम के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस संस्थान का लाभ अन्य संस्थानों को मिलना चाहिए। यह संस्थान प्रशिक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं, राष्ट्रीय कृषि उत्तर पर संस्करण संस्थान के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

# बुड्ढा नाले की सफाई के लिये तीन चरणीय अभियान शुरू किया जायेगा: मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लुधियाना में बुड्ढा नाले की सफाई के लिये तीन चरण वाली बहुआयामी कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। विश्व प्रसिद्ध नेबुला ग्रुप के साथ यहां एक बैठक की अध्यक्षता करते हुये मुख्यमंत्री ने जल प्रदूषण की समस्या से निपटने में समूह की विशेषज्ञता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मौजूदा अभियान नेबुला समूह के सहयोग से शुरू किया जायेगा और इसका उद्देश्य लुधियाना में बुड्ढा नाले की सफाई करना है, ताकि नैनो स्तर पर नेबुला ओजोनेशन तकनीक से कैंसर पैदा करने वाली अशुद्धियों को दूर किया जा सके। मान ने कहा कि इसका लक्ष्य पानी के कुल घुले हुये ठोस (टीडीएस) स्तर को 100 से नीचे लाना है, ताकि इसे पीने योग्य बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेहद गर्व और संतुष्टि की बात है कि नेबुला ओजोन की नैनो-स्तर की तकनीक पानी से कैंसर पैदा करने वाले तत्वों और अशुद्धियों को दूर करने का एक सिद्ध उपाय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू किये जाने वाले तीन चरण के कार्यक्रम का उद्देश्य बुड्ढा नाले में पानी की गुणवत्ता को बहाल करना है। उन्होंने कहा कि टीम ने पंजाब जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड, पीपीसीबी और अन्य हितधारकों के अधिकारियों के साथ पहले ही साइट का दौरा किया है।

# विक्रमादित्य सिंह शिमला में 'दी जॉर्ज इंस्टीटूशन फॉर ग्लोबल हैल्थ' संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए

एजेंसी < शिमला
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह शुक्रवार को शिमला स्थित गयेटी थियेटर में 'दी जॉर्ज इंस्टीटूशन फॉर ग्लोबल हैल्थ' संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिमला शहर की खूबसूरती के लिए सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में सफाई कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि बरसात एवं सर्दियों के दौरान जब लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल सकते, उस समय सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए सफ ई व्यवस्था को नियमित रूप से जारी रखते है। इसलिए वर्तमान सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है और मंत्री होने के नाते यह जिम्मेवारी बनती है कि उनकी मांगों एवं समस्याओं का निपटारा शीघ्र हो। इसी को ध्यान में रखते हुए सफाई कर्मचारी युनियन के साथ शीघ्र ही एक बैठक आयोजित की जाएगी और चर्चा कर साकारात्क निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर शहरवासियों को बेहतर सुविधाऐं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिमला शहर तथा आसपास के सीवरेज सिस्टम में सुधार करना भी सरकार की प्राथमिकता है। विधायक शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र हरीश जनार्था ने कहा कि यह सेहब (एसईएचबी) सोसाईटी 2009 से कार्य कर रही है जिसमें उस समय 500 से अधिक सदस्य थे लेकिन वर्तमान में सोसाइटी के सदस्यों की संख्या 1500 से अधिक हो गई है जो कि अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि किसी संस्था को चलाने के लिए समय-समय पर जनरल हाऊस करवाना जरूरी होता है लेकिन सेहब संस्था के माध्यम से अभी तक एक भी जरनल हाऊस नहीं हुआ है जोकि चिंता का विषय है। उन्होंने महापौर नगर निगम शिमला से शीघ्र ही एक जनरल हाऊस बुलाने का आग्रह किया ताकि सफाई कर्मचारियों की मांगों सहित स्थायी पॉलिसी बनाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा सके।

# उत्तरी अंडमान सागर पर चक्रवात बनने के आसार

**अमरावती।** उत्तर अंडमान सागर और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को एक ऊपरी वायुमंडलीय चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि चक्रवात के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने के आसार हैं, उसके बाद इसके प्रभाव में 23 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है। एक दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया कि एक चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर औसत समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किलोमीटर ऊपर स्थित है। रिपोर्ट के मुताबिक़ 23 सितंबर के आसपास पश्चिमी राजस्थान और कच्छ के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हो रही हैं। तटीय आंध्र प्रदेश और यनम और रायलसीमा में दक्षिण-पश्चिम मानसून कमजोर रहा है। इसके प्रभाव में अगले 24 घंटों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने का अनुमान है। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम तथा दक्षिणी तटीय आंध्र प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर 24 सितंबर को भारी बारिश होने के आसार हैं। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, दक्षिणी तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में कई स्थानों पर अगले सात दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश के गंट्याडा (विजयनगरम जिला) में भारी बारिश हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में कुछ स्थानों पर बारिश हुई और इसी अवधि के दौरान रायलसीमा में मौसम शुष्क रहा।

# दार्जिलिंग में हाम्रो पार्टी की बड़ी सभा, स्थानीय नेताओं ने दिखाया समर्थन

**दार्जिलिंग।** हाम्रो पार्टी ने दार्जिलिंग के ऋषिहाट खसमल में एक बड़ी सभा का आयोजन किया। इस सभा में हाम्रो पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष अजय एडवार्ड्स ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हाम्रो पार्टी पहाड़, तराई और डुवर्स के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हमें एकसाथ मिलकर काम करना होगा। इस अवसर पर भारतीय गोर्खा प्रजातान्त्रिक मोर्चा, गोर्खा जनमुक्ति मोर्चा, गोरामुमो सहित अन्य राजनैतिक दलों के 42 कार्यकर्ता और नेतृत्व ने हाम्रो पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। अजय एडवार्ड्स ने नए सदस्यों को पार्टी का झण्डा सौंपकर स्वागत किया और कहा कि हमें एकजुट होकर अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए काम करना होगा। इस सभा में हाम्रो पार्टी के स्थानीय नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पार्टी के उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह सभा हाम्रो पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और समर्थन का प्रमाण है और यह दर्शाता है कि पार्टी पहाड़, तराई और डुवर्स के लोगों के बीच अपनी जड़ें मजबूत कर रही है।

# तमिलनाडु में छत गिरने से दो वर्षीय बच्चे की मौत, मां घायल

**नागपट्टिनम।** तमिलनाडु में नागपट्टिनम जिले के सेलूर में एक मकान की छत का एक हिस्सा सुबह ढह जाने से दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और उसकी मां घायल हो गई। यह घटना सेलूर क्षेत्र में सुनामी पुनर्वास कॉलोनी की है। परिवार के सभी सदस्य, विजयकुमार, उनकी पत्नी पांडी मीना और उनका बेटा यासीन राम घर में सो रहे थे। इसी दौरान मकान की जर्जर छत गिरने से उसका मलबा यासीन राम और पांडी मीना पर गिर गया, जबकि विजयकुमार सुरक्षित बच गए। घायल मां और बच्चे को मलबे से निकाला गया और नागपट्टिनम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने यासीन राम को मृत घोषित कर दिया। घायल पांडी मीना की हालत अब स्थिर है। वरिष्ठ राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने कॉलोनी का दौरा किया।

# आगजनी के मामले में थानाध्यक्ष लाइन हाजिर, 28 लोगों पर प्राथमिकी

एजेंसी < नवादा
www.dailypioneer.com

बिहार में नवादा जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कृष्णानगर दलित बस्ती में हुई आगजनी की घटना में 28 लोगों के खिलाफ जहां प्राथमिकी दर्ज की गई है वहीं, मुफस्सिल थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर किया गया है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास तीन देसी कट्टा और कारतूस और खोखा बरामद किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि आगजनी की घटना में 34 लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा है। प्रत्येक परिवार को एक लाख पांच - एक लाख पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। पीड़ितों को पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। पुलिस अधीक्षक धीमान ने बताया कि पीड़ितों की सुरक्षा के लिए पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में पाली बार पुलिस की तैनाती की गई है।

इस मामले में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष नीलेश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# नीतीश ने जीविका के स्टॉलों का किया निरीक्षण

**सहरसा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीविका के कई स्टॉल का निरीक्षण किया। कुमार के सहरसा के दौरे के दौरान जीविका द्वारा तीन प्रमुख योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। उन्होंने जीविका स्टालों का निरीक्षण किया



और वहां उपस्थित जीविका दीदी रीता देवी ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत जीविका दीदियों के लिए एक करोड़ बारह लाख सत्तावन हजार मात्र की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके बाद,बासठ करोड़ तैतालीस लाख मात्र की राशि बैंकों द्वारा समर्थित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जीविका दीदियों को दी गई। साथ ही, पशुपालकों को पांच करोड़ सत्तासी लाख तीन हजार छह सौ सत्ताईस मात्र की सहायता भी मुख्यमंत्री द्वारा सौंपी गई। इस अवसर पर तीन प्रमुख योजनाओं के स्टॉल लगाए गए। पहला स्टॉल सतत जीविकोपार्जन योजना का था, दूसरा स्टाल कौशकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा और तीसरा स्टाल सहरसा जीविका वुमेन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किया गया। उनके दौरे ने जिले में चल रही जीविका योजनाओं और दीदियों के सशक्तिकरण के प्रयासों को और मजबूती दी है।

# सारण से भारी मात्रा में शराब जब्त, कई कारोबारी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के परसा, मांझी और जनता बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने भारी मात्रा में देशी शराब बरामद करने के साथ ही चार कारोबारी को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि एकमा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर परसा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के एक बांसवाड़ी में छापामारी कर मनोज मांझी, विजय मांझी, छोटेलाल मांझी उर्फ घोटेलाल मांझी को 20 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इधर, मांझी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दुर्गापुर गांव में शराब कारोबारी 20 लीटर देशी शराब के साथ एकमा थाना क्षेत्र के एकमा चक्की गांव निवासी सुशील कुमार को गिरफ्तार किया है। जनता बाजार थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के शोमिपुर में 40 लीटर देशी शराब बरामद किया।

# क्लाइमेट चेंज है दुनिया के लिए खतरे की घंटी ग्रीन एनर्जी है बड़ा विकल्प: प्रो. ए के बनर्जी

वार्ता < रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। क्लाइमेट चेंज एंड एनर्जी ट्रांजिशन विषयक इस कॉन्फ्रेंस में भारत के साथ ही विदेशी यूनिवर्सिटी व कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय इस सेमिनार के दौरान मुख्य रूप से यह बात उभर कर सामने आई कि क्लाइमेट चेंज का खतरा सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर बढ़ा है। इस खतरे को कम करने के लिए जरूरी है कि हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए। इसमें इंडस्ट्री सेक्टर का भी रोल महत्वपूर्ण है। कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन प्रो. एके बनर्जी ने आज कहा कि एकेडमिया और इंडस्ट्री के बीच बड़ा गैप है। क्लाइमेट चेंज को इसमें महत्वपूर्ण स्थान देकर काफी हद तक क्लाइमेट रिस्क को कम किया जा सकता है। एडीएल की रिपोर्ट 'पावरिंग इंडियाज एनर्जी विजन-2030' में कहा गया है कि भारत को 2030 तक 500 गीगावॉट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए 300 अरब डॉलर के अतिरिक्त रणनीतिक निवेश की जरूरत है। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए एकेडमी और इंडस्ट्री दोनों को मिल कर एक साथ काम करना होगा। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन एक्सएलआरआइ के डीन फाइनांस फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने किया। उन्होंने वैश्विक हितों के मुद्दों पर एक्सएलआरआइ द्वारा संवेदनशील रहने से जुड़ी बातें कही। इस दौरान कई पेपर भी प्रेजेंट किए गए। क्वीन मैरी स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट के प्रोफेसर सुशांत मलिक ने भी कई महत्वपूर्ण बातें रखी। दूसरे दिन का समापन सतत विकास, उद्योग 4.0, प्रोजेक्ट फंडिंग और स्टार्टअप पहल पर एक पैनल डिस्कशन और समापन सत्र के साथ हुआ।

# हिंदू मंदिरों की पवित्रता बनाए रखने के लिए सनातन धर्म रक्षण बोर्ड का हो गठन: पवन

एजेंसी < विजयवाड़ा
www.dailypioneer.com

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के. पवन कल्याण ने तिरुमला वेंकटेश्वर के प्रसिद्ध 'लड्डू प्रसादम' को बनाने में मछली के तेल तथा सूअर और गाय की चर्बी का इस्तेमाल किये जाने की रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि हिंदू मंदिरों की पवित्रता की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'सनातन धर्म रक्षण बोर्ड' की स्थापना की जानी चाहिए। कल्याण ने एक बयान में कहा, हम सभी तिरुपति बालाजी प्रसादम में पशु वसा (मछली का तेल, सूअर की चर्बी और गाय की चर्बी) का इस्तेमाल किये जाने की रिपोर्ट से बहुत परेशान हैं। पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान गठित टीटीडी बोर्ड को कई सवालों के जवाब देने होंगे। हमारी सरकार सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन, इसने मंदिरों के अपमान, इसकी भूमि के मुद्दों और अन्य 'धार्मिक' प्रथाओं से जुड़े कई मुद्दों पर प्रकाश डाला है। जन सेना पार्टी के प्रमुख एवं प्रदेश के पंचायत राज मंत्री ने कहा कि पूरे भारत में मंदिरों से जुड़े सभी मुद्दों पर विचार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'सनातन धर्म रक्षण बोर्ड' के गठन का समय आ गया है। उन्होंने सभी नीति निर्माताओं, धार्मिक प्रमुखों, न्यायपालिका, नागरिकों, मीडिया और अन्य सभी लोगों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर बहस आयोजित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कल्याण ने कहा, मुझे लगता है कि हम सभी को किसी भी रूप में 'सनातन धर्म' के अपमान को रोकने के लिए एक साथ आना चाहिए। उन्होंने तिरुमला लड्डू प्रसादम बनाने के लिए पशुओं की चर्बी का उपयोग करने के आरोपों के मद्देनजर 'सनातन धर्म रक्षण बोर्ड' की मांग की। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर के पवित्र 'लड्डू प्रसाद' को बनाने के लिए पशुओं की चर्बी वाली मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया था। तेलुगू देशम पार्टी के प्रवक्ता अनम वेंकट रमण रेड्डी ने मीडिया को बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के पशुधन और खाद्य विश्लेषण एवं अध्ययन केंद्र (सीएएलएफ) के विश्लेषण से पता चला है कि घी में सोयाबीन, सूरजमुखी, जैतून रेपसीड, अलसी, गेहूं चना, मक्का चना, कपास के बीज, मछली का तेल, बीफ वसा सहित कई प्रकार की विदेशी वसा मिलायी गयी थी। तेदेपा नेता ने दावा किया कि नमूना 09 जुलाई, 2024 को लिया गया था।

# छल-कपट की राजनीति है कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा: शर्मा

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता चौबीसों घंटे झूठ बोलते हैं। छल-कपट की राजनीति करते हैं। कांग्रेस किसानों के साथ वादा-खिलाफी करती रही है और उसकी किसान न्याय यात्रा भी झूठ, छल-कपट की राजनीति ही है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को तो किसान न्याय यात्रा की बजाय किसानों से क्षमा याचना के लिए 'क्षमा' यात्रा निकालना चाहिए। कांग्रेस के लोग लगातार झूठ बोलते हैं। मध्यप्रदेश का अन्नदाता भली भांति जानता है कि कांग्रेस की कमलनाथ के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जो सरकार बनी थी, वह भी झूठ बोलकर ही आई थी। बाद में 15 महीने कांग्रेस की यह सरकार रही, लेकिन उस सरकार ने किसानों के साथ वादा-खिलाफी की और किसी किसान का कर्ज माफ नहीं किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिसकी दिग्विजयसिंह सरकार ने मुलताई में धरना-प्रदर्शन कर रहे किसानों पर गोलियां चलवा दी थी।

यह वहीं कांग्रेस है, जिसने कई सालों तक न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में स्वामीनाथन कमेटी की अनुशंसाओं को लागू नहीं किया। किसान विरोधी कांग्रेस पार्टी ने दशकों के अपने शासन में देश के अन्नदाताओं को मजबूर बनाए रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस यात्रा को न तो किसानों का समर्थन मिल रहा है और न ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं का। इसलिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ट्रैक्टर रोकने जैसे बहाने बनाकर अपनी असफलता को छिपा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस किसानों के नाम पर सिर्फ नौटंकी करती है, उनकी चिंता सिर्फ भाजपा की सरकार ही करती है। प्रदेश के किसान जानते हैं कि जब कांग्रेस की वादा-खिलाफी ने उन्हें कर्ज के बोझ से डिफाल्टर बना दिया था, तो उन्हें कर्ज से राहत देने का काम तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने किया था। यही, नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा किसानों को जो सम्मान निधि दी जा रही है, उसके साथ ही मध्यप्रदेश सरकार भी अपनी तरफसे भी किसानों को सम्मान निधि दे रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा किसानों के हित में जो योजनाएं लाई गई हैं, जो कदम उठाए हैं, उनके परिणामस्वरूप देश-प्रदेश के किसानों के जीवन में बदलाव आ रहा है।

# स्टालिन ने सर जॉन मार्शल को श्रद्धांजलि अर्पित की

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सिंधु घाटी सभ्यता की खोज करने वाले सर जॉन मार्शल को श्रद्धांजलि अर्पित की। सर मार्शल की सौ साल पहले आज के ही दिन सिंधु घाटी सभ्यता की खोज से भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास को एक नया रूप मिला था। स्टालिन ने कहा कि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) इस ऐतिहासिक अवसर को चिह्नित करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगी और सर जॉन मार्शल की आदमकद प्रतिमा स्थापित करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ठीक 100 साल पहले 20 सितंबर 1924 को ही सर जॉन मार्शल ने सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की घोषणा की, जिसने भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास को नया रूप दिया।

# मुख्यमंत्री सुक्खू की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई बड़ें फैसले

वार्ता < शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 780 मेगावाट की जंगी-थोपन-पोवारी जल विद्युत परियोजना को हिमाचल प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड को सौंपने को मंजूरी दी गई। बैठक में 1630 मेगावाट की रेणुकाजी तथा 270 मेगावाट की थाना प्लाउन पंप भंडारण जलविद्युत परियोजनाओं को हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के पक्ष में आवंटित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही वन विभाग में सहायक वन रक्षकों के 100 रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल उप समिति के गठन को मंजूरी दी, जिसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी तथा आयुष मंत्री यादविंदर गोमा शामिल होंगे। कमेटी को रोगी कल्याण समितियों को सुदृढ़ बनाने के लिए सिफारिश देने का कार्य सौंपा गया है। कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग को पोस्ट कोड 903 तथा 939 के परिणाम घोषित करने के लिए अधिकृत किया है। जबकि पोस्ट कोड 903 के तहत पांच पद तथा पोस्ट कोड 939 के तहत छह पद जांच तथा अदालती कार्रवाही के अंतिम परिणाम तक रिक्त रखे जाएंगे।

# कन्हाईगुड़ा जंगल में हुए अंधे कत्ल का खुलासा

## सरस्वती कड़ियामी की कर दी गई थी गला रेत कर हत्या, शातिर अपराधियों ने कबूला अपना जुर्म

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




सरस्वती कड़ियामी उम्र 34 वर्ष शिविरपारा से सागवाही खेत रोपाई काम से अकेली पैदल निकली थी, जो घर वापस नहीं पहुंची। खोजबीन करने पर कन्हईगुड़ा के पहले जंगल में मृतका का चप्पल, झोला पड़ा हुआ मिला। सूचना मिलने पर मामले की गंभीरता को समझते हुए बीजापुर पुलिस टीम तुरंत ही परिजनों के साथ घटनास्थल जाकर सर्च किया, जहां खून के धब्बे एवं झोला दिखाई दिया। सघनता से सर्च करने पर रास्ते से करीब 100 मीटर की दूरी पर गुमशुदा सरस्वती कड़ियामी का शव नाले में उल्टे मुंह फंदे से लटका मिला था। घटना स्थल देखकर पुलिस ने भाप लिया था कि यह मामला आत्महत्या का नहीं हो सकता, अपितु घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के दौरान फंदा खोल कर देखा गया तो मृतिका सरस्वती का गला रेता गया था। जिसे आत्महत्या का रूप देने शातिराना तरीके से फंदा लगा दिया गया था। पोस्टमार्टम में डॉक्टर की टीम ने प्रथम दृष्टया मामला हत्या का होना बताया। अन्य किसी तरह की घटना होने से इंकार किया था। जिससे पुलिस को यह सुनिश्चित हो गया था कि किसी जानने पहचाने वाले व्यक्ति ने ही पूरी तैयारी के साथ घटना को अंजाम दिया है। घटना स्थल घना जंगल एवं नक्सल प्रभावित ईलाका था, आसपास या रास्ते में किसी तरह का कोई सीसीटीव्ही कैमरा भी नहीं था एवं मोबाईल नेटवर्क भी कमजोर था। विवेचना के दौरान सरस्वती के इतिहास का अध्ययन करने पर भी कोई खास बात निकलकर सामने नहीं आ पा रही थी तथा चौकाने वाले तथ्य थे कि मृतिका का भाई घटनास्थल व घटना समय के आसपास कई बार गुजरा था। उसके अलावा भी उस रास्ते में लोगों का आवाजाही सुबह से लगातार हो रही थी, पर किसी ने भी किसी को देखना नहीं बता रहे थे। पुलिस ने विवेचना के दौरान करीब 500 से अधिक कॉल रिकार्ड खंगाले तथा 200 से अधिक लोगो से पूछताछ के बाद भी किसी स्पष्ट नतीजे पर पहुंच नहीं पा रहे थे। उप पुलिस अधीक्षक तुलसीराम लेकाम के नेतृत्व में 2 निरीक्षक 8 उप निरीक्षक एवं 15 जवानों की एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक कर रहे थे। पुलिस टीम की लगातार धैर्य पूर्वक मेहनत से अंततः कुछ ऐसे सुराग मिले जिससे कि पुलिस टीम ने पदेड़ा निवासी नंदू मांझी व उसके भैया मंगल मांझी को हिरासत में लिया। दोनों से पूछताछ करने पर दोनों शातिर अपराधी लगातार पुलिस को गुमराह करते रहे, किन्तु अंततः घटना कारित करना कबूल किये। नंदू मांझी ने पूछताछ में कबूल किया कि मृतिका सरस्वती कड़ियामी से इसकी शादी का रिश्ता लगा था परंतु सरस्वती के द्वारा अपमानित करते हुए इससे शादी के लिए मना कर दिया गया था। उसके बाद भी नंदू लगातार सरस्वती से बातचीत करने का प्रयास करता रहा, परंतु सरस्वती उससे बात करने या कोई भी मतलब रखने से इंकार कर देती थी, सरस्वती द्वारा अपमानित कर शादी से इंकार करने के कारण नंदू व उसके परिवार की समाज में काफी बदनामी हुई थी तथा उसका कहीं भी रिश्ता नहीं लगा पा रहा था, इसी बात से नंदू, सरस्वती से काफी नाराज था तथा इसका बदला लेना चाहता था। नंदू को पता चला कि सरस्वती पिछले 07-08 दिनों से रोपाई के काम में अकेली पैदल सागवाही सुबह - सुबह जाती है तो इसने अपने भैया मंगल मांझी के साथ मिलकर सरस्वती की हत्या करने की योजना बनाई। दोनों 10 अगस्त को सुबह कन्हईगुड़ा जंगल के पास छिपकर बैठ गये और सरस्वती का इंतजार करने लगे। सरस्वती को अकेली आता देख इनके द्वारा मृतिका को जंगल के अंदर खींचकर, गला रेत कर हत्या कर दिया गया और पुलिस को गुमराह करने की नीयत से हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे नाले के पास फंदे में लटका दिये और वहां से भाग निकले। घटना के संबंध में अपने पिता सुखनाथ मांझी उर्फ फोटकू को भी जानकारी दिये। जो इनके पिता ने दोनों का साथ देते हुए आरोपियों को पूर्णतः संरक्षण दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू, आरोपियों के घटना समय पहने कपड़े, जो इसके द्वारा जंगल में छिपाए गये थे, बरामद कर लिया है। पर्याप्त सबूतो के आधार पर पुलिस ने इस अंधे कत्ल के मामले में 03 आरोपी 1. मंगल साय मांझी 2. नंदू मांझी 3. सुखनाथ उर्फ फोटकू मांझी को धारा 103(1), 238, 239, 249, 61(2), 351(2) 3(5) बी.एन.एस. में गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

# महिलाओं के लिए विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के निर्देशानुसार एवं गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में सुरेन्द्र भटट् प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय के द्वारा ग्राम पंचायत कोकोड़ी भवन में विधिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता करना है। शिविर में सुरेन्द्र भटट् ने विभिन्न कानूनी विषयों जैसे घरेलु हिंसा, कार्यस्थल पर सुरक्षा और महिला संबंधी कानूनों पर चर्चा की। उपस्थित महिलाओं ने कानूनी प्रक्रियाओं और संसाधानों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जानकारी देना था और सावित्री कोर्राम महिला संरक्षण अधिकारी कोंडागांव ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक महिलाए लाभान्वित हो सकें एवं महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और सवाल पूछे, जिससे चर्चा में सक्रिय भागीदारी बढ़ी। शिविर ने महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी सहायता के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर हरिका चौहान शिवि संस्था बोर्ड मेंबर, शोख सफीना इवन पटेल शिवि सोसाइटी कार्यकर्ता, ललित नेताम सरपंच व विवेक कश्यप पैरालीगल वालेंटियर व महिलाए उपस्थित रहें।

# रक्तदान महादान को चरितार्थ किया शिक्षक सूरज नेताम ने

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



सूरज नेताम जो पेशे से शिक्षक हैं उन्होंने कहा कि, 100 साल जिऊं या नहीं लेकिन अपने जीवन काल में 100 बार रक्तदान कर हजारों दिलों पर राज जरूर करना चाहूंगा। यह कहना हैं आज के इस नश्वर मानव शरीर से दिया हुआ रक्त अगर किसी व्यक्ति के अंधेरी जिंदगी में उजाला लेकर आता हैं तो इससे बड़ा पुण्य और परोपकार क्या हो सकता हैं, इसे शब्दों में बयां कर पाना मुमकिन नहीं है। कई ऐसे लोग भी होते हैं जो लोगों के जीवन को बचाने के साथ-साथ समाज को नई राह भी दिखाते हैं। इसी के तहत रक्तदान महादान को चरितार्थ किया है जिला कोंडागांव अंतर्गत ग्राम उमरगांव के शिक्षक सूरज नेताम ने उनके द्वारा लंजोड़ा निवासी कांता पाण्डे जो कि जिला अस्पताल कोंडागांव में खून की कमी के चलते भर्ती थे, परिजन ओ निगेटिव रक्त की तलाश कर रहे थे। इसी दरम्यान शिक्षक सूरज नेताम को इसकी सूचना मिलते ही तत्काल जिला अस्पताल कोंडागांव में पहुंचकर ओ निगेटिव रक्तदान किया गया। विदित हो कि, सूरज नेताम पेशे से शिक्षक हैं और समय-समय पर रक्तदान करने के साथ ही लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करते हैं उनका कहना हैं जरुरतमंद को रक्त हर वक्त। उनके द्वारा इस नेक कार्य हेतु शिक्षकों, परिजनों, मित्रों और रक्तदाता ग्रुप कोंडागांव के द्वारा उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आश्रम छात्रावासों में अधीक्षक निवास करना सुनिश्चित करें : बिपीन मांझी

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com






कलेक्टर बिपिन मांझी ने आदिवासी विकास विभाग के द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों के अधीक्षकों की समीक्षा करते हुए जिले के समस्त आश्रम छात्रावासों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे को दिए। बैठक में उपस्थित अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ बीरेंद्र बहादुर पंचभाई एवं एसडीएम वासु जैन ने जिले में संचालित आश्रम छात्रावासों की व्यवस्था के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि सोलर लाइट, गददा, तकिया, पलंग की कमी को दूर करने के लिए सूची बनाकर प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने निर्देशित किये। उन्होंने मसपुर के आश्रम में पेयजल की व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराने निर्देशित किया।

कलेक्टर मांझी ने आश्रम छात्रावासों में फलदार पौधे मुंनगा, नींबू,नारियल आम, जामुन कटहल और चीकू लगाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आश्रमों के बच्चों को खेलकूद में दक्ष बनाने के लिए फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, तीरंदाजी आदि खेल खिलाने की समीक्षा की। उन्होंने सभी आश्रम छात्रावास में गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आश्रम छात्रावास के अधीक्षक रात को आश्रम में ही रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित आश्रम छात्रावासों के अधीक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिले में संचालित 123 आश्रम छात्रावासों के अधीक्षकों से कहा कि जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से नियमित रूप से जानकारी उपलब्ध करावें। उन्होंने महिला आश्रम में महिला सैनिक की व्यवस्था शीघ्र करने के निर्देश सहायक आयुक्त को दिए। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त से कहा कि आश्रम छात्रावास के बच्चों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं तथा माह में कम से कम दो बार स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मांझी ने उपस्थित अधीक्षकों से कहा कि मूलभूत सुविधा आश्रम छात्रावास के बच्चों को उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। बैठक में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे, मंडल संयोजक वासु भारद्वाज, अजय तिवारी सहित सभी आश्रम छात्रावास के अधीक्षकगण उपस्थित थे।

# ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रदेश स्तर पर शिक्षकों का सम्मान, बचेली में हुआ कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com




लौह नगरी बचेली में छत्तीसगढ़ प्रदेश की समाजसेवी संस्था ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में बचेली के समाजसेवी फ़िरोज़ नवाब के प्रयास से 18 सितंबर को अम्बेडकर भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। विदित हो की फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मो सिराज साहब की दिली ख्वाहिश थी की इस तरह का शिक्षको का सम्मान पूरे प्रदेश स्तर पे होना चाहिए और उसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिला के बचेली नगर में इसका आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वसीम अहमद और बस्तर संभाग अध्यक्ष साकिब खान के निगेहबानी में बचेली के समाजसेवी फिरोज नवाब को दायित्व दिया गया और उन्होंने इस दायित्व को पूर्ण रूप से निभाया और 20 वर्ष से ज्यादा वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले और नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में अपनी लंबी सेवाये देने वाले शिक्षकों को ऑल मुस्लिम वेलफेयर संस्था ने शॉल पहनाकर,प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और लैदर ऑफिस बैग देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बचेली नगर पालिका अध्यक्ष पूजा साव ,मुस्लिम वेलफेयर के उपाध्यक्ष हाजी वसीम , चेंबर ऑफ कॉमर्स और बचेली के प्रतिष्ठित व्यापारी सतीश प्रेमचन्दानी , समाजसेवी प्रेम लाल कलिहारी , किरंदुल के प्रतिष्ठित कांट्रेक्टर जमील बीटीओए अध्यक्ष तरुण सोनी भी आमंत्रित थे। पत्रकार और समाजसेवी किरण भदौरिया ,सहपाठी अरुणा टंडन ने शिरकत की। कार्यक्रम के आरंभ में कवियित्री शकुन शेंडे ने अपने काव्य के माध्यम से गुरुजनों के सम्मान में अपनी प्रस्तुति दी तद्पश्चात समाजसेवी फ़िरोज़ नवाब ने अपने उदबोधन से विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक क्रियाकलापों में ऑल मुस्लिम वेलफेयर संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला।

# विश्वविद्यालय स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कुलपति प्रो मनोज श्रीवास्तव एवं कुलसचिव अभिषेक बाजपेई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ डीएल पटेल के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारियों का एक दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नियमित गतिविधि, सात दिवसीय विशेष शिविर, गोदग्राम, राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस, माय भारत पोर्टल में पंजीयन, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता ही सेवा अभियान, त्रैमासिक गतिविधियों का प्रतिवेदन एवं सलाहकार समिति का गठन आदि जैसे विशेष बिंदुओं पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर संभाग से सातों जिले के जिला संगठक एवं 117 कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ डीएल पटेल ने बताया कि नियमित गतिविधियों का आयोजन गंभीरता पूर्वक करें एवं समय समय पर लेटरहेड के माध्यम से विश्वविद्यालय को रिपोर्टिंग करें, सलाहकार समिति का गठन कर जिला संगठक को विशिष्ट सलाहकार बनाकर उनके मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करें तथा सभी कार्यक्रम में प्राचार्य के संज्ञान में लाकर और उनकी उपस्थिति में कराएं। जिला संगठक जिला कोंडागांव शशिभूषण कन्नौजे ने बताया कि, माय भारत पोर्टल में सभी को अनिवार्य रूप से पंजीयन करना हैं और विभिन्न गतिविधियों को माय भारत पोर्टल में ही इवेंट क्रिएट कर अपलोड करना अनिवार्य हैं एवं कार्यक्रम अधिकारियों को नवाचारिता पर केंद्रित कार्य करने का सलाह दिया, प्रति कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की सहभागिता अधिक से अधिक करना सुनिश्चित करने पर जोर दिया तथा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन पूर्व में विशेष तैयारी करके ग्राम का चयन करे।

## शिवि डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा कोकोड़ी में किया गया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कोंडागांव।** शिवि डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा कोंडागांव जिला के ग्राम पंचायत कोकोडी में क्षमता निर्माण एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर किया गया। शिवी डेवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा प्रोग्राम मैनेजर शेख सफीना जी शिवि के कार्यों और उदेस्यों पर चर्चा की गई। उद्देस्य महिला सशक्तिकरण, महिला क्षमता निर्माण, महिला नेतृत्वकरण, आजीविका मिशन पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास संरक्षण अधिकारी सावित्री कोर्राम के द्वारा महिला हिंसा व हिसा के प्रकार, दहेज प्रथा, टोनही प्रताड़ना, समानता, लिंग भेद भाव, रंग भेद भाव, सखी वन स्टॉप सेंटर 181 में मिलने वाली सुविधाएं, बाल कल्याण समिति विस्तृत रूप से जानकारी दी गई, समस्याओं पर भी चर्चा किया गया।

## कार्य में लापरवाही बरतने वाले एजेंसियों एवं अधिकारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत जिले में स्वीकृत कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गंभीरता के साथ अपने दायित्वों को निर्वहन करते हुए अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और निर्माण एजेंसियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर दुदावत ने प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत सभी जनपद पंचायतों में स्वीकृत सीसी रोड निर्माण, पुलिया, शेड, शौचालय, नाडेप, कचरा प्रबंधन, वर्मी शेड, नाली निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका मूल्यांकन पूर्ण कर यूसीसीसी शीघ्र उपलब्ध कराएं। उन्होंने कोंडागांव जनपद अंतर्गत ग्राम नीलजी में स्वयं सहायता समूह के लिए वर्किंग शेड निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने पर निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने और सितंबर माह के अंत तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कड़ेनार में भी कार्य प्रारंभ नहीं होने पर एसडीएम को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने केशकाल जनपद पंचायत अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए पूर्ण कार्यों की यूसीसीसी एक सप्ताह के भीतर भेजने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के अंतर्गत देवगुड़ी निर्माण, सामुदायिक व सांस्कृति भवन निर्माण, आदिवासी सामाजिक भवन निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जनपद पंचायत फरसगांव में डीएमएफ मद से 20 देवगुड़ी निर्माण कार्य अब तक अपूर्ण होने पर सब इंजीनियर और एसडीओ को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया और 30 सितंबर तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# नगरपालिका परिषद में व्यापारियों और चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश के बाद नगर पालिका परिषद कोंडागांव के सभाकक्ष में शुक्रवार को व्यापारियों और चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे, चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश टावरी समेत शहर के सभी प्रमुख व्यापारी वर्ग के लोग उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाने, साप्ताहिक अवकाश के निर्धारण और शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए व्यापारियों का सहयोग प्राप्त करना था। इस बैठक में शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाने के संबंध में चर्चा की गई। व्यापारियों ने नगर पालिका की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि, वे अपने प्रतिष्ठानों पर पॉलिथीन के उपयोग को रोकने में पूर्ण सहयोग देंगे। व्यापारी वर्ग ने यह भी आश्वासन दिया कि वे ग्राहकों को पॉलिथीन के बजाय वैकल्पिक थैले जैसे कपड़े या जूट के बैग के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करेंगे। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर के सभी व्यापारियों को डस्टबिन रखने के लिए कहा गया ताकि कचरा इधर-उधर न फैले। व्यापारी वर्ग ने भी नगर को सफाई में सहयोग करने का वादा किया गया साथ ही शहर के बाजार में नगर पालिका द्वारा नियमित अंतराल पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस बैठक के दौरान साप्ताहिक अवकाश के संबंध में भी चर्चा की गई। दिवाली के बाद शनिवार को साप्ताहिक अवकाश रखने का प्रस्ताव रखा गया क्योंकि मंगलवार को सभी कार्यालय चालू रहते हैं और बैंकिंग सेवाएं भी उपलब्ध होती हैं, जिससे दूर-दराज से आने वाले लोग इसका लाभ ले सकते हैं इसलिए मंगलवार की जगह शनिवार को अवकाश रखना अधिक उपयुक्त होगा। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई और अब शनिवार को साप्ताहिक अवकाश के रूप में मान्यता दी जाएगी।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मंथन 2024 का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिनांक 12 सितंबर 2024 को नई शिक्षा प्रणाली-2020 और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर मंथन-2024 में प्रगल्भों व् प्रबुद्धों द्वारा गहन सामूहिक चर्चा की गई, साथ ही साथ राष्ट्र निर्माता गुरुओं के सम्मान में पुरस्कार समारोह (अवार्ड सेरीमनी) का भी आयोजन किया गया था। जिनमें बलौदा बाज़ार जिला से लगभग 10 विद्यालयों के 10 प्रधानाचार्य तथा 50 शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम मंथन- 2024 दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश पोपट के कुशल मार्गदर्शन में कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व् मुख्य प्रवक्ता हिमांशु भारतीय(जिला शिक्षा अधिकारी, बलोदा बाज़ार) विशेष अतिथि एमएन सिंह (मुख्य प्रवक्ता एनएच गोयल रायपुर), विद्यालय के प्रबंधक अश्विन शर्मा व् संदीप गोयल, प्रधानाचार्य योगेश पोपट (डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा,) एसके पाण्डेय (प्रधानाचार्य अंबुजा विद्यापीठ रवान) जीवी राजशेखर राव (प्रधानाचार्य टाटा डीएवी स्कूल) जीसी दास (प्रधानाचार्य अहिल्याबाई इंटरनेशनल स्कूल) डॉ वीणा साहू (वरिष्ठ शिक्षा शास्त्री, भाटापारा) अजय साहू (प्रधानाचार्य, एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल, बलोदा बाज़ार) एम शशि कुमार (प्रधानाचार्य, डीएवी सकरी) शैलेश जैसवाल (प्रधानाचार्य एमएलजेडएस - बलोदा बाज़ार) एम संतोष कुमार (आधारशिला स्कूल, भाटापारा) तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रधानाचार्य योगेश पोपट द्वारा स्वागत-भाषण प्रस्तुत किया गया । विद्यालय के छात्र कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर सरस्वती वन्दना व मनमोहक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई । मॉडरेटर की भूमिका में शिखा त्रिपाठी एवं निशा विश्वकर्मा थीं। मुख्य अतिथि एवं मुख्य प्रवक्ता हिमांशु भारतीय एवं एम एन सिंह ने अपने-अपने संबोधन में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करके छात्र-छात्रों को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने पर जोर दिया, जिसमें सांस्कारिक, व्यवहारिक, अनुशासनात्मक और सृजनात्मक आदि शिक्षा को सर्वोपरि बताया । वाह्य तथा आंतरिक सम्पूर्ण आवश्यक जिम्मेदारियों को समन्वयक पवन केशरवानी व् गौरी चाँदवानी ने सँभाला । अतिथियों को पुष्पगुच्छ, साल, श्रीफल तथा मोमेंटो भेंट करके सम्मानित किया गया। प्रबंधक अश्विनी शर्मा ने अपने संबोधन में नई शिक्षा प्रणाली-2020 की कुछ विशिष्ट पहलुओं के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए मंथन-2024 में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक अश्वनी शर्मा, मुख्य अतिथि हिमांशु भारतीय, एमएन सिंह, प्रधानाचार्य योगेश पोपट द्वारा समस्त शिक्षकों को मंच पर मोमेंटो भेंट करके सम्मानित किया गया। मंच का संचालन सीएल शुक्ल एवं नम्रता मंधानी द्वारा किया गया। अंत में गतिविधि प्रभारी श्याम बहादुर के 'वोट आफ थैंक्स' के पश्चात उपस्थित लोगों द्वारा राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। सभी के लिए रात्रि भोज की भव्य व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक, सुनियोजित तथा अनुशासित रहा।

## बेटियां दो कुल का नाम रोशन करती है : महेन्द्र साहू

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



ग्राम गिर्रा में पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू के संयोजकत्व में महतारी वंदन का कार्य म आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के बीच मनोरंजन के लिये मटका फोड़, नारियल फेंक, पिट्ठुल खेल, कुर्सी दौड़ जैसे विविध खेलो का आयोजन कर प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को साड़ी, साया, ब्लाऊज, सेंडिल एवं श्रीफल उपहार में भेंट कर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने सबके घर परिवार की सुख समद्धि के लिये कामना करते हुये कहा कि बेटा एक कुल का नाम रोशन करता है लेकिन बेटियां दो कुल का नाम रोशन करती है। शादी के पहले माता पिता का एवं शादी के बाद अपने पति के साथ ससुराल का नाम रोशन करती है । त्याग, तपस्या, धैर्य एवं सरलता की प्रतिमूर्ती नारी जाति का हम सबको सदैव सम्मान करना चाहिए । इस अवसर पर कुसुम साहू, रेखा साहू, मांडवी साहू, पिंकी वर्मा, नूतन सेन, सुनीता वर्मा, द्रौपती वर्मा, सोनिया यादव, आरती वर्मा, मंजू साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, भुनेश्वर साहू, नरेन्द्र साहू, कोमल साहू, सरजू कन्नौजे, सुरेन्द्र फेकर, दुजराम साहू, रूपेश साहू, रवि साहू, भेखु सेन, गोलू यादव, पप्पू यादव, संतराम साहू, लक्ष्मी सेन, सुनीता मिर्झा, भारती चन्द्राकर, लक्ष्मी चन्द्राकर, पुन्नी विश्वकर्मा, दुलारी कन्नौजे, सेवती यादव, अमरीका वर्मा, कल्पना वर्मा, रुपाली साहू, पूजा साहू, ईश्वर फेकर, राजाराम यादव, रमशीला धीवर, सोना धीवर, छन्नू साहू सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थे ।

## शिक्षा की राह में आसान बनेगी सायकल : चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने हायर सेकंडरी स्कूल तोरेसिंहा में स्कूली छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरित की। इस अवसर पर आयोजित कार्य म को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि बालिकाओं को सायकल मिल जाने से शिक्षा की राह आसान होगी। उन्होंने बालिकाओं को पढ़ लिख कर अपने माता पिता और गुरुजनों का नाम रोशन करने की बात कही। कार्य म में कक्षा 10वीं में छत्तीसगढ़ की मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल करने वाली स्कूल की छात्रा रिया साहू का स्मृति चिन्ह भेंटकर विधायक नंद ने सम्मानित किया। कार्य म में पालकों के सहयोग से स्कूली बच्चों को स्कूल ड्रेस प्रदान किया। विधायक ने शिक्षकों और पालकों की इस नवाचार पहल की सराहना की। कार्य म में जनपद सदस्य सरिता प्रधान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, सरपंच विनय पटेल, अधिवक्त ा निर्मल प्रधान, प्राचार्य डॉ अनिल प्रधान, सरपंच सेमलिया दीपक साहू, स्कूल समन्यवयक, शिक्षक शिक्षिकाए, स्कूली बच्चे और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समग्र समाज की सदस्यता में सहभागिता हेतु सतह स्तर पर पहुंच रहे हैं अभियान प्रभारी

### सदस्यता अभियान को महापर्व के रूप में मानती है भाजपा– विजय मोटवानी



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन दिनों चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के परम उद्देश्य से समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़कर सबका साथ सबका विकास के साथ ही राष्ट्रवाद की भावनाओं को आगे बढ़ने का जो संकल्प लिया गया है उसे धरातल के स्तर पर मूर्त रूप देने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर निगम क्षेत्र में सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी सम्हालने वाले युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष तथा पार्षद विजय मोटवानी विभिन्न वार्डो के समाज के सबसे निचले स्तर तथा अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं इसी क्रम में आमापारा वार्ड में विशेष अभियान चलाते हुए गोल बाजार, फुटपाथ, ठेला, घूमटी सहित घर घर पहुंच कर अभियान को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो देश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावना के अनुरूप सदस्य बनाने के कार्य को भी महापर्व का रूप देती है इसके साथ ही समग्र समाज के विकास के लिए राजनीतिक दलों के साथ सहभागिता की भावना भी प्रदान करना एक महत्वपूर्ण एवं परम उद्देश्य है। इसअवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित जनों मे महामंत्री अविनाश दुबे,‸शहर मंडल प्रभारी विजय मोटवानी, भारत सोनी, प्रकाश शर्मा, सुधीर गुप्ता, दिलीप पटेल, विशाल त्रिवेदी, नीतू त्रिवेदी ,दौलत वाधवानी, विनय जैन, संदीप वाधवानी, प्रदीप यादव, हनीफ खान, शरद पटेल ,अजय आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## विधायक इंद्र साव ने जुलूस ए मोहम्मदी का स्वागत किया



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

वर्षानुसार इस वर्ष भी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम समाज के द्वारा शान से निकला जुलूस ए मोहम्मदी का विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने स्वागत करते हुए मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दी। विदित हो की पैगंबर साहब के जन्मदिन को ईद मिलादुन्नबी के रूप में मुस्लिम समाज के लोग मनाते है,जिसकी तैयारी पंद्रह दिन पहले से ही समाज के लोग शुरू कर देते है। पैगंबर साहब के जन्मदिन वाले दिन मुस्लिम जमात खाना से समाज के लोगो के द्वारा तिरंगा और इस्मालिक झंडा के साथ जुलुस ए मोहम्मदी निकाला गया जो शहर में भ्रमण करता हुआ वापस मस्जिद आकर संपन्न हुआ। जय स्तंभ चौक पर इस जुलूस का क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने स्वागत करते हुए सभी लोगो से गले मिलकर इस खास दिन की तहे दिल से मुबारकबाद दी। इस दौरान उनके साथ ईश्वर सिंह ठाकुर, अरुण यादव, राधेश्याम शर्मा, आलोक मिश्रा, रसीद चौहान, नानू सोनी, दिवाकर मिश्रा, मुकेश साहू, गोपाल शर्मा, जीत्तु शर्मा, शैलेन्द्र अहिरवार, शेखर चक्रधारी, सत्यजीत शेंडे, जीत नारायण साव, शादाब जलियांवाला, जमील खान, अय्यूब बांठिया, अजीज चनीजा,पूर्व पार्षद शरीफ अब्बास,यूनुस खान,शाहनवाज खान, मनमोहन कुर्रे, राजा तिवारी, आकिब मेमन, मनमोहन निषाद, आदिल चनेजा, हिरमत बाई साहू, प्रमिला साहू, निर्मला कोशले, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास, सतरूपा वर्मा, हेमिन ध्रुव,अनिता रात्रे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। जुलूस की समाप्ति पश्चात परचम कुशाई की रस्म अदा कर देश एवं प्रदेश में अमन व शांति के लिए दुआ माँगी गई।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्राम छरछेद की घटना में पीड़ित परिवार को 10 लाख रूपए देने की घोषणा





पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार- भाटापारा जिले के ग्राम छरछेद में हुए जघन्य हत्याकांड पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों को 10 लाख रूपए की सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शाम वीडियो कालिंग के जरिए घटना में मृतक चैतराम केंवट के बड़े भाई भुवनेश्वर केंवट एवं माता मोंगरा बाई केंवट से बीतचीत की और ढाढस बंधाते हुए कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। इस दुःख की घड़ी में हम आपके साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ित परिवार के दर्द को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मेरी संवेदनाएं आपके साथ है। इस जघन्य हत्याकांड के अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है। इस दौरान पीड़ित परिवार से मिलने राजस्व एवं खेल युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा भी छरछेद पहुंचे थे।

## तोषगांव स्कूल में सरस्वती योजना के तहत बालिकाओं को किया सायकल वितरण



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधायक चातुरी नंद ने ग्रामीण उच्चतर माध्यमिक शाला तोषगांव में स्कूली छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरित की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय जयदेव सतपथी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि शिक्षा से ही हम जिंदगी में सफल हो सकते है इसलिए पढ़ाई में कभी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। सरकारी स्कूल के बच्चे मैरिट में स्थान बनाकर देश और समाज का नाम रोशन कर रहे है। विधायक नंद ने सायकल वितरण कर बालिकाओं को बधाई देते हुए उनकी उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में फुलझर सेवा समिति के मंत्री विद्याभूषण सतपथी जनपद सदस्य कुमोदनी भोई, सरपंच पदमनी विशाल, कांग्रेस नेता संजय प्रधान, प्राचार्य बी आर भोई, प्रकाश भोई, राधेश्याम प्रधान, मदन प्रधान, बाबूलाल यादव, प्रसन्ना सतपथी, शिक्षक शिक्षिकाए, स्कूली बच्चे और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मोंहदा विद्यालय के छात्रों का राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु चयन



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहदा के 3 छात्रों का चयन खो खो शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु राज्य स्तर में हुआ है। जानकारी के अनुसार राज्य शासन की ओर से ब्लॉक एवं जिला स्तरीय खो-खो तथा संभाग स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें मोहदा स्कूल के बच्चों ने संस्था के प्राचार्य टी सी पटेल के निर्देशन में एवं क्रीड़ा प्रभारी शिक्षक करुणा साहू के मार्गदर्शन में पहले ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय तथा संभाग स्तरीय खो-खो में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनमें से 3 खिलाड़ियों जमुना कैवर्त, खुश्बू कैवर्त एवं कृष्णा निषाद का चयन रायगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इनके चयन से विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगणों सहित शाला विकास समिति के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## छरछेद में मृतक परिवार से मिले विधायक संदीप साहू दोषियों पर कड़ी कार्यवाही का दिलाया भरोसा



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

गत दिवस कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छरछेद में अंधविश्वास चलते एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दिया था हत्याकांड की जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि हत्या के पीछे अंधविश्वास बड़ी वजह रही चार लोगों की हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी वही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है पकड़े गए लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है वही मृतक के परिवार वालो से मुलाकात करने विधायक संदीप साहू ग्राम छरछेद पहुँचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया इस दौरान उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कराने आश्वासन दिया पश्चात हत्याकांड की पूरे मामले की जाँच को लेकर बलौदा बाजार जिला कलेक्टर दीपक सोनी से मिले और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग किए इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ल रोहित साहू, ब्लॉक कांग्रेस कसडोल के कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम वर्मा,प्रभाकर मिश्रा, जनपद सदस्य योगेश बंजारे, कमलेश साहू, , उपस्थित रहे।

## सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग शम्मी आबिदी ने किया वनांचल नगरी के आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन, शम्मी आबिदी एवं संचालक तूलिका प्रजापति ने आज वनांचल नगरी के आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारी द्वय ने नगरी के आगनबाड़ी केंद्र मांक 10 और डिहिपारा नगरी का निरिक्षण किया गया, आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार और पोषण माह का आयोजन 1 से 30 सितम्बर माह तथा 12 से 23 सितम्बर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है, महिला एवं बाल विकास सचिव द्वारा गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी भी दिया गया तथा महतारी वंदन के हितग्राहियो से भी बात किया गया, महतारी वंदन के हितग्राहियों को सचिव महिला एवं बाल विकास द्वारा पोषण किट तैयार करने का सलाह भी दिया गया, इस समय जिला कार्य म अधिकारी धमतरी जगरानी एक्क ा, परियोजना अधिकारी सोमेन्द्र साहू, सेक्टर पर्यवेक्षक अनिता साहू, चेमीन साहू, आगनबाड़ी कार्यकर्ता ऋषि साहू, सीता साहू, अनिता यादव, महेश्वरी साहू, वार्ड पार्षद टिकेश्वर ध्रुव, पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा उपस्थित थे।

## गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय भाटापारा में उद्यमिता दिवस का आयोजन




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय भाटापारा में उद्यमिता दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत विकास की दिशा में प्रेरित करना था जो स्वालंबी भारत अभियान के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप है कार्यक्रम का शुभारंभ सेमिनार हाल में हुआ जहां सहायक प्राध्यापक ललित कुमार ने मुख्य संचालक की भूमिका निभाई आयोजक सौरभ साहू और कामेश यादव ने कार्यक्रम को सकारात्मक दिशा दी और छात्रों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रीता दीवान द्वारा सरस्वती पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया पूजा के बाद डॉ. रीता दीवान ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया जिसमें उन्होंने छात्रों को अपने सपनों का पीछा करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया उनके विचारों ने छात्रों में महात्वाकांक्षा और संकल्प की भावना जागृत की कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ. निधि मिश्रा और अन्य सम्मानित संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया जिनमें डॉ. राम श्रीवास्तव डॉक्टर ऋषि राज पांडे सहायक प्राध्यापक दिलीप कुमार सोनी डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा अफरोज कुरैशी और अमन पाठक शामिल थे प्रत्येक शिक्षक ने अपने विचार और अनुभव साझा किया जिससे छात्रों के लिए समग्र अनुभव समृद्ध हुआ इस प्रकार गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय भाटापारा छत्तीसगढ़ में उद्यमिता दिवस का समारोह सफल रहा जिसे छात्रों को प्रेरित और सशक्त किया शिक्षकों के सहयोग और छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत विकास के महत्व को उजागर किया इस प्रकार के आयोजन एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करने में महत्वपूर्ण होते हैं जो शिक्षित और आत्मनिर्भर हो और स्वालंबी भारत अभियान के लक्षण के अनुरूप हो।


## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सहित जिला प्रशासन का किया धन्यवाद



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुथरौद में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए आशा की किरण लेकर आई। इस शिविर में धनेश्वरी ध्रुव ने अपनी समस्या को लेकर आवेदन दिया जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। आयुष्मान कार्ड के जरिए धनेश्वरी और उनके परिवार को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी चिकित्सा संबंधी चिंताएँ काफी हद तक दूर हो जाएंगी। आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने के बाद धनेश्वरी ने खुशी जाहिर की और कहा, ÷यह कार्ड मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद सहायक होगा। इससे हमें स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ी मदद मिलेगी। मैं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने इस शिविर के माध्यम से हमारी समस्याओं का तुरंत समाधान किया। धनेश्वरी ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीणों के जीवन में सुधार लाने और उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन होता रहेगा ताकि ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो। जनसमस्या निवारण शिविर में धनेश्वरी जैसी कई अन्य लाभार्थियों को भी विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला।

## पापों से बचकर ही आत्मा का विकास किया जा सकता है : विशुद्ध सागर





पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य युवा संत विशुद्ध सागर जी महाराज साहेब ने आज के प्रवचन में फरमाया कि हे चेतन तुम इस संसार में न जाने कब से घूम रहे हो और कितना घूमना बाकी है। पल पल तुम्हारे जीवन का श्वास कम होते जा रहा है। न जाने कितने युगों तक तूमने कितना दुख और कष्ट सहा है। भूख, प्यास, गर्मी, सर्दी और बरसात के कष्ट को सहा है। फिर भी हर बार तुम्हारा शरीर ही समाप्त हुआ, क्योंकि आत्मा तो अजर अमर और अविनाशी है। तुमने पशु गति में जाकर न जाने कितना समय व्यतीत किया है। नरक में जाकर भी अनंत काल तुमने बताया है। हे चेतन तू मुक्त गगन का पंक्षी है,ये जगत तेरा साथी नहीं है। अब तेरा पुरुषार्थ सिद्ध , बुद्ध और मुक्त होने के लिए होना चाहिए, तू नरक और तिर्यंच गति से आगे बढ़ा। दुख कुछ कम हुआ। लेकिन शाश्वत सुख फिर भी नही मिला। गति गति में भटक भटक कर तूने मानव तन पाया हैं। लेकिन फिर भी भवोदधि में फंसकर तूने मानव तन रूपी इस रत्न को भी गंवा दिया। हे चेतन हे मानव अब तो जाग जा। अपने को पहचानने का प्रयास कर। न जाने तू किस किस भव से निकलकर यहां तक पंहुचा है। और आगे कहां जाना है ये भी विचार कर। तू शुद्ध स्वरुपी और आत्म ज्ञानी है। अब अपने उस वास्तविक ज्ञान को पहचानने का प्रयास कर। तभी इस नाशवान संसार से तेरा उद्धार हो सकता है। ज्ञानी भगवंत कहते है अब अपनी आत्मा के वास्तविक स्वरूप को पहचानो। ये आत्मा वितरागी है। आत्मा ही परमात्मा है। जिसने अपनी आत्मशक्ति को जान लिया पहचान लिया वो आत्मा से परमात्मा बन गए, और जो आज तक अपनी आत्मा के वास्तविक स्वरूप को नही पहचान पाया वो इस संसार में भटक रहा है। ज्ञानी कहते है ये शरीर कितना भी सुंदर हो हम चाहे इसे भौतिक वस्तुओं से कितना भी सजा ले । लेकिन जैसे ही इस शरीर से आत्मा निकल जाती है इस सुंदर का कोई अर्थ नही रह जाता।

# आयुक्त ने चाय वाले को किया सम्मानित, स्ट्रीट फूड तैयार करने वालों को बताया जुर्माना से कैसे बचे

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com







श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र स्टेशन मरोदा के स्ट्रीट फूड वेन्डर के लिए रिसाली नगर पालिक निगम ने कार्यशाला का आयोजन किया। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्ट्रीट वेन्डरों को बताया कि अपने पसरा, ठेला और गुमटी के आस पास स्वच्छता बनाए। खाने पीने के सामान को ढक कर रखे। अन्यथा निगम उन्हें दोषी मानते हर रोज जुर्माना वसूल करेगा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्ट्रीट वेन्डरों को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा से जोड़ना है। निगम आयुक्त ने वेन्डरों के बीच ही कार्यशाला का आयोजन कराया। उन्होंने बताया कि वेन्डर अपने पास डस्टबीन रखे। वन टाइम यूज पॉलीथीन का उपयोग पूर्णतः बंद कर दे। गीला व सूखा कचरा मिक्स न दे और न ही कचरे को खुले स्थान में फेके। निगम के डोर टू डोर कलेक्शन गाड़ी को ही कचरा दे। ऐसा नहीं करने पर पहली बार 500 और दूसरी या तीसरी बार में यह राशि चार गुना तक वसूल की जाएगी। कार्यशाला में 60 से भी अधिक वेन्डर शामिल थे। निगम की ओर से सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, पी.आई.यू. विजय कश्यप, आकाश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

**चाय वाला हुआ पुरस्कृत**-कार्यशाला के पहले अधिकारियों ने चैपाटी का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि अरविंद चाय के संचालक अरविंद तांती ने अपने गुमटी में सफाई को पहले पायदान पर रखा है। चाच-कॉफी बनाने से लेकर बर्तन, गिलास के रख रखाव को लेकर विशेष ध्यान रखता है। यही वजह से उसके पास सामान्य से अधिक हर वर्ग के ग्राहक पहुंचते है। स्वच्छता को पहले पायदान पर रखने वाले अरविंद चाय के संचालक को प्रमाण पत्र देकर आयुक्त ने सम्मानित किया।

**लोन की दी जानकारी**-आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर प्रधानमंत्री स्वनीधि योजना की जानकारी दी गई। सिटी मिशन प्रबंधक आइरा आनंद व अरूणा धृतलहरे, सहायक परियोजना अधिकारी सुरेश देवांगन ने स्ट्रीट वेन्डर को 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार ऋण के बारे में बताया। कार्यशाला स्थल पर लोन मेला का आयोजन किया गया।

**व्यवस्थित किया जाएगा मार्ग**-आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्ट्रीट वेन्डरों को जानकारी दी कि वे जल्द ही मौहारी व स्टेशन मरोदा के मार्ग को व्यवस्थित करेंगी। सड़क किनारे पसरा लगाकर सामान बेचने वालों को पौनी पसारी के तहत चबुतरा आवंटन करेंगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। आवेदनों की स्कुटनी के बाद चबुतरा आवंटन का कार्य किया जाएगा।

**आज मैराथन**-स्वचछता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को मैराथन दौड़ होगा। इस दौड़ में रिसाली निगम क्षेत्र के स्कूली बच्चें, नागरिक, समाज सेवी, महाविद्यालय छात्र, बी.एस.एफ के जवान और निगम के कर्मचारी शामिल होंगे। मैराथन जोहार चैक के निकट बने शहीद स्मारक से सुबह 8 बजे से शुरू होगा।

# स्वच्छता ही सेवा से स्ट्रीट वेंडरों को जोड़ने के लिए उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए कार्यशाला आयोजित





पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के तहत निगम सभागार में स्ट्रीट वेंडरो की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रमुख रूप से छोटे व्यवसाय करने वाले व्यवसायियो को अपने दुकानो एवं आस-पास के क्षेत्रो में गंदगी न फैलाने, स्वच्छता के संबंध में प्रचार-प्रसार करने एवं नागरिको को स्वच्छता के साथ खादय सामग्री वितरित करने की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे चलचित्र दिखाकर यह समझाया गया कि किस प्रकार से व्यवसाय करने से उन्हे अधिक आमदनी होगा। ग्राहक भी उनके दुकान पर अधिक आयेगे। खादय सामग्री स्वास्थ्य वर्धक रहेगी। स्ट्रीट वेंडर को यह भी सिखाया गया कि हम सब साफ-सफाई करते है गंदगी इधर-उधर नहीं फैलाते है सही साफसुथरा कपड़ा पहनकर खादय सामग्री बनाते है इससे सभी प्रकार के ग्राहक खिंचे चले आते है। सभी वेडरो को पहनने के लिए एप्रान, ग्लब्स, पोछने के लिए कपड़ा, सर में पहनने के लिए टोपी इत्यादि वितरित किया गया। वेंडरो की मांग थी कि उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया जाये। जिससे कोई भी व्यक्ति उन्हे परेशान न करे। उनके पास प्रमाण पत्र हो। वेंडर को उनके ट्रेड के अनुसार सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। वेंडरो के तरफसे कुछ मांग भी की गई थी उसे पुरा किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़कर वेंडरो ने खुसी जाहिर की। सब लोगो ने एक साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा की शपथ ली। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से नोडल अधिकारी अनिल सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, सीईओ, सीआरपी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन 03 से जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी, वीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक सी एम यादव, अर्बन कंपनी जोनल विनोद, शहरी आजीविका मिशन से अमन पटले, एकता शर्मा, नलनी तनेजा सुपरवाईजर बीरबल बघेल, किरण कुमार बंजारे, महिला समूह की टीम सहित स्ट्रीट वेंडर संचालक बनारसी पान, डेली नीड्स, चाय-नास्ता, पराठा सेंटर, आरती चाय, बालाजी पराठा, अंकुर पराठा एवं दिलीप डेली नीड्स इत्यादि उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमण पर सुबह 6 बजे से नगर निगम भिलाई ने की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत नंदनी रोड एवं पावर हाउस फल मण्डीए पार्किंग पर निगम की बड़ी तोड़फोड़ कार्यवाही की गई। निगम क्षेत्र में नंदनी रोड के किनारे करूणा हॉस्पिटल से लेकर पावर हाउस चौक, छावनी थाना, तक अवैध फल विक्रेताए ठेला-खुमचा टीन शेड लगाकर दुकान संचालन किया जा रहा था। जिससे सड़क में बाधा उत्तपन्न हो रही थी। ग्राहको से रोड जाम हो रहा था, दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। आयुक्त अशोक द्विवेदी स्वयं मौके पर उपस्थित होकर अवैध अतिक्रमण पर तोड़फोड़ की कार्यवाही की निगरानी कर रहे थे। अतिक्रमण की कार्यवाही बिना किसी भी भेदभाव के एक सीरे से की गई। इसी प्रकार छावनी थाने से लेकर करूणा अस्पताल तक तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। ऐसी शिकायत मिल रही थी कि रोड के ऊपर अतिक्रमण करके व्यवसाय किया जा रहा है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था अवरुद्ध हो रही है। सभी व्यापारियो को नोटिस दिया गया, मुंनादी भी कराया गया। संयुक्त जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम भिलाई की सयुंक्त टीम बनाकर सुबह 6 बजे स्थल पर पहुंच गये। कार्यवाही करूणा अस्पताल से शुरू किया गया। एक-एक करके थाना छावनी तक कार्यवाही जारी रहा। सुबह के समय कार्यवाही इस लिए किया गया कि किसी प्रकार का ट्रैफिक व्यवस्था अवरूद्ध न हो। तोड़फोड़ कार्यवाही के दौरान निगम भिलाई तहसीलदार गुरूदत्त पांच भाई, दुर्ग तहसीलदार क्षमा यादव, जोन आयुक्त बी के वर्मा, राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, जे.पी. तिवारी, प्रशन्न तिवारी, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उपअभियंता शेखर सुमन मरकाम, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, तोड़फोड़ के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण करने भिलाई-चरौदा निगम के कर्मचारी पहुंच रहे घर घर

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विभाग से प्राप्त निर्देश तथा जिला प्रशासन दुर्ग से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप भिलाई-03 चरौदा नगर निगम द्वारा सभी-40 वार्डो में पिछड़ा वर्ग से संबंधित लोगों का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शासन आदेश के आधार पर भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर डी एस राजपूत ने सर्वेक्षण कार्य की सफलता के लिए स्वयं फिल्ड में उतरकर मोर्चा संभाला हुआ है। साथ ही निगम के सभी सहायक राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्र रक्षकीय-लिपिकीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी दायित्व से संलग्न किया गया है। सर्वेक्षण करने वाले कर्मचारियों को निर्धारित प्रपत्र में परिवार की सदस्य संख्या, शैक्षणिक योग्यता, आय के अलावा अन्य जानकारी भी दर्ज की जानी है जिसमें निवासरत परिवार का मकान स्वयं का है या किराये का, शौचालय घर में है या नही, पीने के पानी के लिए घर में नल है या किसी सार्वजनिक नल से पानी घर के उपयोग के लिए लिया जाता है। इसके अतिरिक्त परिवार में दिव्यांग जनों की संख्या उपलब्धद वाहन इत्यादि ये सभी जानकारी संकलित करनी है। इतनी जानकारी प्राप्त करने पर एक परिवार का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होता है। शासन की मंशा के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग में आने वाले सभी परिवारों और सदस्यों की जानकारी एकत्र करने की कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ कार्यालय से अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण हेतु निरंतर प्राप्त मार्गदर्शन के पश्चात भिलाई-चरौदा निगम द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग का 70 से 80 प्रतिशत सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि 24-25 सितम्बर तक की स्थिति में शतप्रतिशत कर लिया जायेगा।

# निगम खरीदेगा चलित शौचालय और शव वाहन रिक्त पदों को भरने एमआईसी ने भेजा प्रस्ताव

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम दो चलित शौचालय समेत दो शव वाहन खरीदेगा। रिसाली महापौर शशि सिन्हा के इस विशेष प्रस्ताव पर एमआईसी सद्स्यों ने शासन को भेजने का निर्णय लिया। वहीं नगर पालिक निगम रिसाली के रिक्त पदों को भरने और नवीन पद सृजन करने का निर्णय लेकर परिषद ने प्रस्ताव शासन की ओर अग्रेसित किया है। महापौर परिषद के सद्स्यों ने घंटे भर तक दर्जन भर एजेण्डा में मंथन किया। परिषद के सद्स्यों का कहना था कि किसी भी बड़े आयोजन आयोजित होने पर कार्यक्रम स्थल पर शौचालय नहीं रहता। रिसाली को दूसरे निकाय पर निर्भर रहना पड़ता है। इसी तरह एक शव वाहन न होने से पीड़ितों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। महापौर परिषद के सद्स्यों ने चलित शौचालय और शव वाहन खरीदने शासन को प्रस्ताव भेजा है। एमआईसी बैठक में चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू आदि उपस्थित थे।

**पुराने की जगह बनेगा नया**-वार्ड 31 शहीद किरण देशमुख रिसाली बस्ती का सासंस्कृतिक भवन 3 दशक पुराना है। यहीं वजह है कि सांस्कृतिक भवन वर्तमान में जर्जर हो चुका है। महापौर परिषद के सद्स्यों ने निर्णय लिया है कि जर्जर भवन को तोड़कर नया भवन बनाया जाए।

# निगम भिलाई के अधिकारी-कर्मचारियो का पदभार बदला

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई भिलाई के आयुक्त ने आदेश जारी कर कई अधिकारी/कर्मचारियो के विभागो में बदलाव किया है। निगम भिलाई में जो कर्मचारी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। उनका प्रतिमाह सेवानिवृत्त होता जा रहा है। जिससे कार्यालयीन व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभागो में बदलाव किया गया है। जारी आदेश में सहायक अभियंता अनिल सिंह को वर्तमान कार्यो के साथ-साथ राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के नोडल अधिकारी एवं कार्यालय सहायक अधीक्षक अजय शुक्ला को पूर्व अन्य कार्यो के साथ-साथ सहायक परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन का कार्य सौंपा गया है। इसी तारतम्य में अन्य कर्मचारियो के विभागो में बदलाव किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से सहायक ग्रेड-02 डी. रवि को राजस्व विभाग से राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, सहायक ग्रेड-02 विकास बेलकर को जोन क्रं. 04 से योजना शाखा, राजस्व उपनिरीक्षक राजेश पालवे को जनस्वास्थ विभाग से प्रभारी सहायक अधीक्षक जनस्वास्थ्य विभाग, डाटा एन्ट्री आपरेटर ओमकार यादव को राजस्व विभाग से विधि विभाग लिपिकीय कार्य, डाटा एन्ट्री आपरेटर कुमुदनी शर्मा को राजस्व विभाग राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, सहायक राजस्व निरीक्षक दिलीप हुमने को संपत्तिकर विभाग से राजस्व विभाग, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनय कुमार मेश्राम को जनगणना विभाग से राजस्व विभाग, हेल्पर/क्लीनर अंजनी सिंह को जोन क्रं. 02 के साथ सहायक प्रभारी तोड़फोड़ दस्ता, हेल्पर/क्लीनर युवराज साहू को अनुसूचित जाति विभाग में लिपिक राजस्व विभाग, भृत्य मुनिया बाई को राजस्व विभाग से जनसम्पर्क विभाग में पदस्थ किया गया है।

# निगम की कार्रवाई मेडिकल वेस्ट फेंका, सहयोग मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के खिलाफ पांच हजार जुर्माना

- सामान्य कचरे के साथ फेंका जा रहा बायो मेडिकल वेस्ट, कमिश्नर ने संचालक को बुलाकर लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम क्षेत्र में सहयोग मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालक द्वारा लापरवाही करने पर संचालक के खिलाफ कचरा फेंकने पर तगड़ा जुर्माना लगाया। मेडिकल वेस्ट फेंकने पर एक नर्सिंग होम हॉस्पिटल के खिलाफ पांच हजार का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम को शिकायत मिली थी कि महाराजा चौक के पास नर्सिंग होम हॉस्पिटल के द्वारा भारी मात्रा में मेडिकल वेस्ट सीरिंज, दवाइयां, मेडिकल उपकरण आदि सड़क पर फेंके गए हैं।आज सुबह निरीक्षण पर निकले कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शौएब अहमद,पीआईयू कुणाल एवं अमला के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम हॉस्पिटल द्वारा खुले मे मेडिकल वेस्ट फेकते पाया गया। तत्काल नर्सिंग हॉस्पिटल के संचालक से पांच हजार रूपये का अर्थ दंड करते हुए। सामान्य कचरे के साथ फेंका जा रहा बायो मेडिकल वेस्ट, सेहत को हो रहा नुकसान आयुक्त द्वारा संचालक को फटकार लगाते हुए हिदायत दी गई की भविष्य मे ऐसा कृत करते पाया गया तो नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने से लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए प्रस्ताव प्रेसित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि निगम कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर ने इस प्रकार की लापरवाही करने वालो पर कार्रवाही करने के निर्देश दिए हुए है।

# रिसाली निगम ने कराया इंटर स्कूल प्रतियोगिता स्वच्छता को रंगो में उकेरा बच्चों ने

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



स्वच्छता ही सेवा के पखवाड़ा के तहत रिसाली नगर पालिक निगम ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया। मैत्रीविद्या निकेतन रिसाली में निबंध लेखन, चित्रकला और कबाड़ से जुगाड़ में 60 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी स्कूली बच्चों ने स्वच्छता विषयों को रेखांकित किया। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में हुए प्रतियोगिता में शा. विद्यालय नेवई, डुण्डेरा, स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा, रिसाली आत्मानंद हिन्दी और अंग्रेजी, रूआबांधा के बच्चों ने हिस्सा लिया। स्वच्छता विषय को लेकर बच्चों ने निबंध में स्वच्छता पर विचार व्यक्त किया। वहीं कुछ बच्चों ने रंगो के माध्यम से केनवास पर स्वच्छता को समझाया। 60 मिनट के समय पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक कबाड़ से जुगाड़ की कलाकृति का प्रदर्शन भी किया।

**विद्यालय में लगा प्रदर्शनी**-प्रतियोगिता के बाद मैत्रीविद्या निकेतन में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बच्चों की कलाकृति को सजाया गया। निर्णायक मण्डल के सद्स्य डॉ. डी.पी. देशमुख, डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, एस.सजीव, आइरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, विजय कश्यप ने निबंध, चित्रकला और कबाड़ से बने कलाकृति का अवलोकन किया।

**पुरस्कार के लिए चयनित**-प्रतियोगिता में चयनित बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। आयुक्त मोनिका वर्मा बच्चों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देंगी। निर्णायक मण्डल ने कबाड़ से जुगाड़ अ वर्ग में प्रथम जितेश देवांगन 8वी शा.मा.शाला रिसाली, द्वितीय चेतन निर्मलकर 7वी सेजस रिसाली, तृतीय वंदिता गेन्ड्रे 7वी, प्रितम साहू शा.मा. शा. रिसाली ब वर्ग में प्रथम अरविंद कुमार साहू 10वी शा.उच्च.मा. शाला टंकी मरोदा, द्वितीय प्रियंका साहू 10वी ब एंव तृप्ती साहू 10वी अ, निबंध लेखन में प्रथम शिखा साहू शा.पूर्व मा. शाला मरोदा टैंक, द्वितीय दीपिका देवांगन शा. पूर्व मा. शाला स्टेशन मरोदा, तृतीय मेघा ढीमर शा. पूर्व मा. शा. मरोदा टैंक, ब वर्ग में प्रथम एश्वर्या साहू शा. हा. से. स्कूल मरोदा टैंक, चित्रकला में अ वर्ग में प्रथम निधि डाहरे 8वी शा. पूर्व मा. शाला डुण्डेरा, द्वितीय चेतन निर्मलकर 7वी सेजस रिसाली, तृतीय शीतल रिसाली 8वी मीडिल स्कूल रूआबांधा, ब वर्ग में चित्रा 10वी शा.उ.मा. वि. मरोदा टैंक, द्वितीय सुंदर 9वी शा.उ.मा.वि. मरोदा टैंक, आयशा सिद्धकी स्वामी आत्मानंद रिसाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

**भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दर्ज हुआ मामला**

# राहुल गांधी के खिलाफ दुर्ग जिला भाजपा ने दर्ज कराई एफआईआर

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



अमेरिका प्रवास के दौरान राहुल गांधी द्वारा भारत में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अस्थिरता पैदा करके भारत को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी ताकतों के प्रतिनिधियों से भेंट करने और सिख समाज के धार्मिक प्रतीक पगड़ी और कड़ा को लेकर अमर्यादित और अप्रासंगिक टिप्पणी करके भारतीय लोकतंत्र भारत की सर्वसमावेशी सर्वस्पर्शी संवैधानिक व्यवस्था पर चोट पहुंचाने के साथ-साथ सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंच जाने के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता गुरुवार की रात्रि 8:30 बजे सिटी कोतवाली थाना पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई-राहुल गांधी के कृत्यों पर आपत्ति व्यक्त करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान परस्त भारत विरोधी लोगों के साथ गलबहियाँ कर रहे हैं, वे आतंकियों के समर्थन वाले कार्यक्रम में जाकर खड़े हो जाते हैं, देश को तोड़ने वाली ताकतों से समर्थन मांगते हैं और विदेशी ताकतों से देश के लोकतंत्र में हस्तक्षेप करने की मांग करते हैं। राहुल गांधी देश में आरक्षण और जाति की राजनीति कर एक समाज को दूसरे समाज से खिलाफ भड़काते हैं। राहुल गांधी विदेशी धरती पर जाकर आरक्षण को खत्म कर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक छिनने की मंशा जाहिर करते हैं, राहुल गांधी की ऐसे सारे कृत्य गंभीरतम अपराध की श्रेणी में आते हैं अतः भाजपा के आवेदन को स्वीकार कर तत्काल प्रभाव से प्रथम सूचना प्रतिवेदन दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान मौजूद दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि विदेशी धरती पर जाकर राहुल गांधी भारतीय सर्व धर्म समभाव की छवि को बिगाड़ कर विश्व पटल पर सिख समाज को अपमानित करने और भारत की छवि को गलत रूप में प्रस्तुत करने की सोची समझी राजनीतिक साजिश कर रहे हैं। अमेरिका में जम्मू कश्मीर की शांति के खिलाफ विषवमन, आतंकियों की रिहाई,ड्ड पाकिस्तान से बातचीत, पाकिस्तान के साथ व्यापार और धारा 370 को फिर से लागू करने का समर्थन करते हैं। सिख भाइयों की पगड़ी और कड़े पर विवादास्पद बयान देते हैं। ऐसा करके राहुल गांधी देश की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अस्थिरता पैदा करके भारत को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं ऐसे विदेशी नेताओं से मिलकर राहुल गांधी देश के खिलाफ जो टिप्पणियां कर रहे हैं वह देश विरोधी कृत्य है। जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक और जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्ये ने कहा कि कांग्रेस द्वारा कथित मोहब्बत की दुकान के नाम पर जो प्रोडक्ट बेचा जा रहा है वह जातिवाद का जहर है, वह वैमनस्यता का बीज है, राष्ट्र विरोध का मसला है, देश को बदनाम करने का केमिकल है और देश को तोड़ने का हथौड़ा है। विदेशी नेताओं से मिलकर राहुल गांधी देश के खिलाफ जो टिप्पणियां कर रहे हैं, यह देश विरोधी कृत्य है, भारतीय समाज में वैमनस्यता फैलाने का गंभीर अपराध राहुल गांधी ने किया है। राहुल गांधी के बयानों पर संज्ञान लेते हुए दुर्ग सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विजय कुमार ने राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराध कायम करते हुए एफआईआर दर्ज की।


## कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक वाहन कर्मशाला अमलेश्वर रायपुर (छ.ग.)

निविदा विज्ञप्ति क्र.-उपुअ/राय/वर्कशॉप/आर/342/209-H /2024 दिनांक 18/09/2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-06/2024-25 //**

पुलिस उप अधीक्षक, वाहन कर्मशाला अमलेश्वर रायपुर के द्वारा अमलेश्वर स्थित एमटी वर्कशॉप में कर्मशाला निरीक्षक कक्ष का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर चुकता प्रमाण पत्र सहित) के साथ निविदा प्रपत्र के मूल्य राशि रू. 750/-रू. का कोषालय/राष्ट्रीयकृत/अधिकृत बैंकों से उप पुलिस अधीक्षक अमलेश्वर रायपुर के नाम से लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियाँ के अंतर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक अमलेश्वर रायपुर अधीनस्थ पुलिस लाईन स्थित एम.टी. मूल को प्रस्तुत कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदाकारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Workshop Inspector Room at MT Workshop, Amleshwar | 4,97,000/- | 5,000/- | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' अथवा उससे उच्च श्रेणी |

1. निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय-15.10.2024 समय 17.00 बजे तक।
2. निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय 17.10.2024 समय 15.00 बजे तक।
3. टेक्निकल बिड खोलने का तिथि एवं समय - 17.10.2024 समय 16.00 बजे तक।
4. फायनेशियल बिड खोलने का समय पृथक से अवगत कराया जावेगा।

**नोट** :- निविदा की नियम व शर्ते टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक अमलेश्वर रायपुर अधीनस्थ पुलिस लाईन स्थित एम.टी. पूल से प्राप्त किये जा सकते है।

**पुलिस उप अधीक्षक**
**वाहन कर्मशाला, अमलेश्वर**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

G-242502596/2



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**// राजस्व मामले में नोटिस //**

मामले का विषय-अपील

मामला क्र. 202404250100035/अ-6/वर्ष 2023-24
ग्राम-खम्हरिया, तहसील जरहागाँव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

कनक बाई पिता मोती लाल
दावा
जनक लाल पिता मोती लाल
जाति सतनामी, निवासी ग्राम खम्हरिया
तहसील जरहागाँव, जिला-मुंगेली
(छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि उपुर्यक्त मामले की सुनवाई तारीख 30.09.2024 को दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली पर होगी।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मुंगेली (छ.ग.)**

## संपादकीय

# केजरीवाल की रणनीति आतिशी मुख्यमंत्री

**आतिशी** को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनाना केजरीवाल की रणनीति का हिस्सा है जिससे वह महिला मतदाताओं को आकर्षित करना चाहते हैं। एक आश्चर्यजनक, पर रणनीतिक राजनीतिक कदम के रूप में उत्साही तथा शिक्षा सुधारवादी के रूप में सुपरिचित आतिशी दिल्ली की सबसे युवा मुख्यमंत्री बन गई हैं। यह परिवर्तन न केवल दिल्ली के राजनीतिक इतिहास, बल्कि भारतीय राजनीति के व्यापक संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है। आतिशी को जिम्मेदारी सौंपने के अरविंद केजरीवाल के निर्णय को सुनियोजित कदम बताया जा रहा है जिससे 'पीढ़ीगत परिवर्तन' तथा प्रशासन के प्रति नए दृष्टिकोण का संकेत मिलता है। आतिशी को केजरीवाल द्वारा पसंद करने के अनेक कारण हैं जिनमें से प्रत्येक के अपने राजनीतिक और प्रशासनिक तर्क हैं। आतिशी आम आदमी पार्टी-आप के गठन के समय से उसका सबसे चमकदार चेहरा रही हैं। उनको खासकर शिक्षा के क्षेत्र में अपने खोजी विचारों तथा प्रशासन से सीधे संबंधों के लिए जाना जाता है। शिक्षा मंत्री के रूप में उनके काम पर पूरे देश का ध्यान गया क्योंकि उनके नेतृत्व में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया। केजरीवाल द्वारा उनको पदोन्नत करने का फैसला ऐसे समय आया है जब 'आप' अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। दिल्ली की बढ़ती शहरी ढांचागत संरचना के प्रबंधन के साथ केन्द्र सरकार के साथ नाजुक संबंधों में संतुलन की आवश्यकता को देखते हुए शहर को नई ऊर्जा तथा खोजी समाधानों की आवश्यकता है। अपनी प्रशासनिक क्षमता तथा सुधारवादी सार्वजनिक छवि के चलते आतिशी ऐसा व्यक्तित्व हैं जो दिल्ली को जटिल मुद्दों से बाहर निकाल सकती हैं। केजरीवाल के इस कदम से 'आप' नेतृत्व में युवा पीढ़ी को शामिल करने की इच्छा प्रकट होती है। आतिशी की पदोन्नति से वे न केवल दिल्ली का तात्कालिक भविष्य, बल्कि पार्टी का दीर्घकालीन दृष्टिकोण भी तैयार कर रहे हैं जिसमें भारतीय राजनीति में 'आप' को एक प्रगतिशील व युवा-केन्द्रित शक्ति के रूप में पेश किया जाएगा।



आतिशी के मुख्यमंत्री बनने के बाद उम्मीदों की नई लहर पैदा हुई है। उनके रिकार्ड से स्पष्ट होता है कि शिक्षा और सार्वजनिक कल्याण उनकी प्रमुख प्राथमिकतायें होंगे। दिल्ली के निवासी उन पहलों के विस्तार की उम्मीद कर सकते हैं जो पहले ही लाभकारी रही हैं। इनमें 'मुहल्ला क्लीनिकें', जल एवं बिजली योजनायें तथा स्वास्थ्यरक्षा और शिक्षा पर ध्यान देना शामिल हैं। आतिशी के नेतृत्व का सर्वाधिक प्रमुख आयाम ऐसे प्रशासन का नया दृष्टिकोण पेश करने की क्षमता है जो कम टकराव वाला तथा ज्यादा सहयोगी हो। दिल्ली के सर्वोच्च पद तक आतिशी की पदोन्नति एक महत्वपूर्ण अवसर है, लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि असली शक्ति अरविंद केजरीवाल के पास बनी रहेगी। पार्टी के सभी प्रमुख निर्णय वही करेंगे, लेकिन आतिशी की पार्टी में पदोन्नति भी वास्तविक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे केवल कुछ महीनों तक मुख्यमंत्री रहेंगी क्योंकि दिल्ली में मतदान थोड़े ही दिन में होने वाला है, लेकिन इसके बावजूद उनका कार्यकाल महिलाओं में चर्चा का विषय रहेगा। दिल्ली के साथ ही यह कार्यकाल पिछले दशक में हुए सुधारों की निरंतरता प्रदर्शित करेगा। आतिशी के मुख्यमंत्री बनने के बाद इसमें शहर के भविष्य के लिए नए विचारों और नई ऊर्जा का भी समन्वय होगा। यह आतिशी की नेतृत्व गुणवत्ता की परीक्षा होगी क्योंकि उन पर लगातार समर्थक व विरोधी अपनी नजर बनाए रखेंगे। दबावों से बाहर निकलने की उनकी क्षमता पर केजरीवाल के इस साहसी निर्णय की सफलता निर्भर करेगी।

# जल संकट से निपटने के उपाय

भारत की झीलें व दलदली क्षेत्र एक समय में शहरों की जीवनरेखा होते थे, पर आज वे खतरनाक गति से गायब हो रहे हैं। इसका कारण व्यापक भ्रष्टाचार तथा बेलगाम निर्माण है।



**कोटा श्रीराज**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारत की झीलें व दलदली क्षेत्र एक समय में शहरों की जीवनरेखा होते थे, पर आज वे खतरनाक गति से गायब हो रहे हैं। इसका कारण व्यापक भ्रष्टाचार तथा बेलगाम निर्माण है। शहरी झीलें व दलदली क्षेत्र हमारी परिस्थितिकी का अभिन्न अंग हैं। वे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे पेयजल का स्रोत हैं, भूमिगत जल का पुनर्भरण करते हैं तथा आजीविका के साथ ही जैव-विविधता बनाए रखने में सहायक हैं। लेकिन देश की जनसंख्या में लगातार वृद्धि, भ्रष्ट प्रशासकों तथा निर्माण माफिया के कारण इन जल भंडारों का जीवन संकट में पड़ गया है। दुनिया भर में दलदली भूमियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली संस्था 'वेटलैंड्स इंटरनेशनल' द्वारा किए एक अध्ययन के अनुसार, पिछले 30 साल में भारत में हर पांच वेटलैंड में से दो नष्ट हो गए हैं और बाकी वेटलैंड जल भंडारों में क्षमता का केवल 40 प्रतिशत जल है जिससे वे जल की गुणवत्ता नष्ट होने के कारण जलीय जीवों के उपयुक्त नहीं रह गए हैं।

विडंबना है कि देश की आर्थिक प्रगति होने के साथ ही भारत में शहरों, ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बेलगाम निर्माण तथा खेती और आवास के लिए जल भंडारों को लगातार नष्ट किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां तालाब जनजीवन का अभिन्न अंग होने के साथ ही अनेक लोगों की आजीविका का साधन होते थे, पर अब वे लगभग विलुप्त हो रहे हैं। तालाबों के नष्ट होने के कारण अधिकांश गांवों में जल-चक्र असंतुलित हो गया है जिसका प्रभाव अनेक प्रकार से दिखाई देता है।

भारत के इन जल भंडारों की लूट रातोंरात होने के बजाय काफी समय में हुई है। इस मामले में बैंगलुरू का उदाहरण दिया जा सकता है। 18वीं शताब्दी के अंत में गवर्नर जनरल लार्ड कार्नवालिस द्वारा कराए एक ब्रिटिश खोज से पता चला था कि मद्रास और श्रीरंगपटना के बीच वैकल्पिक मार्ग बैंगलुरू के कारण संभव नहीं हुआ था जो झीलों और जल भंडारों से भरा था। इस खोज का नेतृत्व करने वाले कैप्टेन ने इसके बाद अपनी रिपोर्ट में इसे 'हजार झीलों वाली भूमि' बताया था। लेकिन आज बैंगलुरू अपने स्वर्णिम अतीत की धुंधली छाया भर रह गया है। 1960 में बैंगलुरू में 262 झीलें थीं, पर आज उनमें से केवल 10 में ही पानी है।

जनसंख्या बढ़ने और जल का उपयोग बढ़ने के कारण आज शहर में जल भंडार सिकुड़ रहे हैं। शहर और राज्य के स्तर पर भी झीलें और जल भंडार खतरनाक गति से गायब हो रहे हैं। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक में 2021 और 2022 के बीच केवल एक साल में 13,000 जल भंडार समाप्त हो गए हैं।

भारत में हर शहर की लगभग यही स्थिति है। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद में 2001 में 137 झीलें थीं, पर हालिया रिपोर्ट के अनुसार निर्माण के कारण अब उनमें से केवल 65 बची हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी जल भंडार नष्ट हुए हैं। दिल्ली सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के आधिकारिक जल भंडारों में से 49.1 का अब कोई अस्तित्व नहीं है। वे या तो 'गायब' हैं या उन पर कब्जा कर लिया गया है। पूरे देश में कमोबेश यही निराशाजनक स्थिति है। लेकिन हाल में राज्य सरकार ने इस स्थिति पर गौर कर कार्रवाई शुरू की है। तेलंगाना राज्य सरकार की 'हैदराबाद डिजास्टर रिस्पांस एंड असेट प्रोटेक्शन एजेंसी'- हाइड्रा ने हैदराबाद तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में कब्जा किए जल भंडारों को मुक्त कराने का अभियान छेड़ा जो राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में स्थान प्राप्त कर सका। इस वर्ष जुलाई में गठित हाइड्रा टीम की अध्यक्षता एक आईपीएस अधिकारी कर रहे हैं।

उनको राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने स्पष्ट आदेश किदया है कि शहर के जल भंडारों को अवैध कब्जों और निर्माणों से मुक्त कराया जाए। हाइड्रा ने 'फुल टैंक लेविल'-एफटीएल को मानक बनाया है। इसके अनुसार एफटीएल के आधार पर 30 मीटर के क्षेत्र में किसी निर्माण या कब्जे को गिरा दिया जाना है।

इस हाइड्रा एजेंसी को कामकाज की पूरी स्वतंत्रता दी गई है और वह राजनीतिक दबावों से पूरी तरह मुक्त होकर पूर्ण असहिष्णुता के साथ काम कर रही है। इसने शहर के प्रमुख राजनेताओं व बिजनेसमैनों के अवैध निर्माणों को भी ध्वस्त किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के भाई को भी विध्वंस करने की नोटिस दी गई थी। इस अभियान को पूरी दृढ़ता के साथ बिना किसी दबाव के चलाया गया और वह जल भंडारों, सरकारी जमीनों, शहरी नहरों तथा पार्कों से शहर के 23 स्थानों से 262 अवैध कब्जे हटाने में सफल रहा। इससे अब तक 112.72 एकड़ जमीन वापस प्राप्त की जा सकी है। राज्य सरकार ने यह आदेश भी दिया है कि झीलों के निकट कोई निर्माण करने के पहले हाइड्रा से एनओसी लेना जरूरी हो गया है। हाइड्रा की कार्रवाई से न केवल तेलंगाना, बल्कि पूरे भारत में पर्यावरणविदों में विश्वास की भावना पैदा हुई है। इसे पर्यावरण संरक्षण तथा जल भंडारों की रक्षा के लिए खास प्रशासनिक अध्ययन की तरह देखा जा रहा है। लेकिन जैसा हर पहल के साथ होता है, हाल ही में तेलंगाना सरकार द्वारा की जा रही इस असाधारण पहल की व्यापक आलोचना हो रही है। गरीबों तथा घरों के कर्ज की अदायगी करने वालों के घर नष्ट होने के कारण इसे अमानवीय बताया जा रहा है। इस स्थिति के कारण राज्य सरकार ने स्पष्टीकरण दिया है कि उन घरों को नष्ट नहीं किया जाएगा जिनमें लोग रह रहे हों।

हाइड्रा की पहल एक उदाहरण तथा पूरे देश के लिए आह्वान है कि वह अपने जल भंडारों की सुरक्षा तथा उनकी बहाली के लिए काम करे। संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा नीति आयोग की रिपोर्टों को देखते हुए स्पष्ट है कि पानी की मांग उपलब्ध सप्लाई से दूनी हो जाएगी। इसके कारण वर्ष 2030 तक भारत की 40 प्रतिशत जनसंख्या को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पाएगा। निराशाजनक और सूखे भविष्य से बचने के लिए केन्द्र सरकार को राज्य सरकारों तथा स्थानीय पर्यावरण समूहों के साथ सहयोग कर हर राज्य में एक 'वेटलैंड टास्क फोर्स' का गठन करना चाहिए। राज्य-विशिष्ट टास्क फोर्स को स्पष्ट आदेश मिलना चाहिए कि वह अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले हर जल भंडार को सारे कब्जे हटा कर बहाल करे, अवैध निर्माणों को ध्वस्त करे तथा भूमि प्रयोग में परिवर्तन को रोके।

टास्क फोर्स को नियम लागू कराने के साथ ऐसी सक्षमकारी भूमिका भी अदा करनी चाहिए जिसका उद्देश्य अपने क्षेत्राधिकार की सभी दलदली भूमियों व जल भंडारों को भरना और पुनर्जीवित करना हो। उदाहरण के लिए, टास्क फोर्स शहरी परिवारों और बिजनेसों को अपने परिसरों में वर्षाजल संरक्षण व्यवहार अपनाने को प्रेरित कर सकती है। इस प्रकार संरक्षित जल भूमिगत जल का स्तर सुधारने तथा जल स्रोतों को समृद्ध करने का काम कर सकता है। इसके साथ ही सरकार टास्क फोर्स को शहरी क्षेत्रों में बोरवेल नियंत्रित करने को भी कह सकती है। महानगरीय क्षेत्रों में बेलगाम और अनियंत्रित ढंग से पानी निकालने के कारण भूमिगत जल सूख रहा है। टास्क फोर्स बोरवेल बनाने के पहले पूर्व अनुमति अनिवार्य बना कर भूमिगत जल भंडारों को सुरक्षित कर सकती है।

इसके साथ ही टास्क फोर्स टीम यह सुनिश्चित करने के लिए पानी के मीटर लगा सकती है कि जल का प्रयोग और उसकी गुणवत्ता मापी जा सके। वर्तमान समय में इस बात के अनेक उदाहरण हैं कि राजनीतिक संपर्कों वाले स्थानीय नेता उनको संरक्षण करने के नाम पर झीलों और जल भंडारों को 'गोद लेते' हैं और धीरे-धीरे उन पर कब्जा कर लेते हैं।

इसके बाद बिल्डर माफिया से मिलीभगत कर निर्माण किया जाता है और इस संपत्ति को मासूम नागरिकों को बेच दिया जाता है। वेटलैंड टास्क फोर्स इस दुष्चक्र को रोक सकती है तथा यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है कि संरक्षण के नाम पर झीलों व जल भंडारों का प्रबंधन करने वाला कोई व्यक्ति या वाणिजियक कंपनी इसका दुरुपयोग न कर सके। जल भंडार भारत की जीवनरेखा हैं। इसे देखते हुए समाप्त हो गए जल भंडारों और झीलों को पुनर्जीवित करना तथा बचे हुए भंडारों और झीलों की सुरक्षा करना देश के भविष्य के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। केवल ऐसी कठोर, निष्पक्ष तथा त्वरित कार्रवाई से ही देश का भविष्य सुनिश्चित हो सकता है कि उसे जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# भारत की अप्रयुक्त समुद्री ऊर्जा क्षमता

> भारत की आठ हजार किलोमीटर लंबी तटरेखा में प्रतिवर्ष 9.2 लाख ट्रिलियन वाट प्रति घंटा स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने की क्षमता है।

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक दिपायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



8 000 किलोमीटर लंबी भारतीय तटरेखा में प्रतिवर्ष 9.2 लाख ट्रिलियन वाट प्रति घंटा बिजली उत्पन्न करने की क्षमता है, जो आज की तारीख में उत्पादित बिजली से कई गुना अधिक है। यह ऐसे समय में है जब भारत ऊर्जा उत्पादन के सभी स्रोतों का उपयोग करके 4.5 लाख मेगावाट बिजली की अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

हैदराबाद स्थित भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र द्वारा तैयार महासागर ऊर्जा एटलस के अनुसार, जो पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत एक प्रमुख अनुसंधान और विकास संगठन है, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर देश के ऊर्जा के अक्षयपात्र हैं। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के भीतर स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र में प्रतिवर्ष 9.2 लाख ट्रिलियन वाट प्रति घंटा की समुद्री ऊर्जा क्षमता है। आईएनसीओआईएस के समूह निदेशक और प्रमुख वैज्ञानिक डॉ टी एम बालकृष्णन नायर ने द पायनियर को बताया, भारत के इतिहास में यह पहली बार है जब समुद्री ऊर्जा क्षमता का आकलन किया गया है और इस तरह का एक एटलस तैयार किया गया है। अपतटीय नवीकरणीय, अपतटीय सौर, अपतटीय पवन, तरंग, ज्वार, महासागर तापीय ऊर्जा रूपांतरण और लवणता ढाल का एक गुलदस्ता नवीकरणीय ऊर्जा की अब तक अप्रयुक्त क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है।

भारत का महासागर ऊर्जा एटलस अंतरराष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी के इस निष्कर्ष के बाद जारी किया गया है कि जी-20 देश सामूहिक रूप से कुल नवीकरणीय ऊर्जा का 81 प्रतिशत और लगभग 100 प्रतिशत महासागर ऊर्जा के लिए जिम्मेदार हैं। भारत की अपतटीय पवन ऊर्जा का दोहन नहीं हुआ है, जबकि



डेनमार्क, ब्रिटेन और चीन जैसे देशों ने इस क्षेत्र में विशाल प्रगति की है। डॉ नायर का कहना है कि लवणता ढाल का दोहन करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा बिजली स्टेशन स्थापित करने की व्यापक गुंजाइश है। आईएनसीओआईएस के निदेशक डॉ. टी. श्रीनिवास कुमार ने कहा कि एटलस ऊर्जा क्षेत्र में नीति और निवेश संबंधी निर्णय लेने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेगा। ऊर्जा उत्पादन के इस रूप में एक महत्वपूर्ण तत्व यह है कि लोगों के मन में भूमि अधिग्रहण, प्रदूषण और अपशिष्टों के निर्वहन के बारे में किसी भी तरह की आशंका नहीं होगी। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा, यह ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप है और कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उद्यमों ने अक्षय ऊर्जा इकाइयां स्थापित करने में अपनी रुचि दिखाई है। आईएनसीओआईएस मछुआरों को संभावित मछली पकड़ने के क्षेत्रों और मौसम के सटीक पूर्वानुमानों के बारे में जानकारी प्रदान करके देश के ब्लू इकोनॉमी क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। डॉ. श्रीनिवास कुमार और उनकी टीम ने एक अत्याधुनिक सुनामी चेतावनी प्रणाली विकसित की है, जिसके साथ वे हिंद महासागर के किनारे के देशों को सचेत करते हैं। 1999 में अपनी स्थापना के बाद से, इनकाइस अपने प्रमुख कार्यक्रमों जैसे संभावित मछली पकड़ने के क्षेत्र, महासागर की स्थिति का पूर्वानुमान और सुनामी प्रारंभिक चेतावनी सेवाओं के माध्यम से भारत की नीली अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहा है। इनकाइस इन-सीटू प्लेटफार्मों, उपग्रह सेंसर और मॉडल-सिम्युलेटेड उत्पादों में फैले समुद्र विज्ञान संबंधी डेटा का राष्टीय और क्षेत्रीय भंडार भी रहा है।

ऐसे दीर्घकालिक वैज्ञानिक डेटासेट की उपलब्धता का लाभ उठाते हुए, इनकाइस ने भारतीय तटों से महासागर ऊर्जा क्षमता का अनुमान लगाने की चुनौती ली है और देश में पहली बार एक एटलस तैयार किया है। जिन क्षेत्रों में अच्छी पकड़ है, उनके बारे में हाई-टेक सेंसर के माध्यम से एकत्र किए गए उपग्रह डेटा को मछुआरों तक पहुंचाया जाता है और इससे मछुआरों का काम काफी आसान हो गया है। उन्हें बस इतना करना है कि द्रछ्रष्धद्रह्र के वैज्ञानिकों द्वारा मछली पकड़ने के क्षेत्रों के रूप में पहचाने पुणे स्थित वर्ल्ड इंस्टीट्यूट ऑफ सस्टेनेबल एनर्जी के महानिदेशक जी एम पिल्लई कहते हैं कि आज की तारीख में, बारिश के पैटर्न में बदलाव के कारण सौर ऊर्जा का उत्पादन उत्साहजनक नहीं है। पिल्लई ने कहा, राजस्थान के रेगिस्तान राजस्थान, पंजाब, गुजरात जैसे राज्यों के लिए बिजलीघर हो सकते थे, लेकिन सौर ऊर्जा की क्षमता कम हो गई है और रेगिस्तान सदाबहार उद्यान बनते जा रहे हैं।

थोरियम आधारित परमाणु रिएक्टर अभी तक शुरू नहीं हुआ है और परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की तस्वीर निराशाजनक है। एक समय था जब कलपक्कम में इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र के पूर्व निदेशकों ने दावा किया था कि भारत फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक में दुनिया का अग्रणी है, यह सब छाती पीटने के रूप में समाप्त हुआ। एकमात्र उम्मीद एकीकृत समुद्री ऊर्जा है

# जाति-आधारित भेदभाव और समकालीन विडंबनाएं

भारतीय समाज में जाति व्यवस्था की जड़ें हजारों सालों से फैली हुई हैं। एक ओर जहां सभ्यता, ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में हम निरंतर प्रगति कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सामाजिक ताना-बाना अभी भी जाति और वर्ण की दीवारों में उलझा हुआ है। यह स्थिति तब और अधिक विडंबनापूर्ण हो जाती है जब हम जानवरों के प्रति करुणा और संवेदना रखते हैं, परंतु अपने ही समाज के निचले वर्गों के प्रति घृणा और भेदभाव का भाव रखते हैं। भारतीय परिवारों में गाय, कुत्ते, बिल्ली जैसे जानवरों को सम्मानजनक स्थान दिया जाता है। लोग उन्हें घर का सदस्य मानते हैं, उनकी देखभाल करते हैं और उनके साथ भावनात्मक जुड़ाव रखते हैं। लेकिन वही समाज जब निचले तबके की ओर देखता है तो उसकी दृष्टि में घृणा और उपेक्षा होती है। यह विडंबना है कि एक समाज जिसमें हर व्यक्ति समानता का हकदार है, वहां मानवता को किनारे रखकर भेदभाव की नींव पर व्यवहार होता है।

भारतीय समाज में जाति व्यवस्था का आधार वेदों और प्राचीन शास्त्रों में देखा जाता है, जहां समाज को चार वर्णों में विभाजित किया गया थाः ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।इसी तरह भारतीय मुसलमान मुख्यतः तीन जाति समूहों में बंटा हुआ है। इन्हें 'अशरफ़', 'अजलाफ़' और 'अरज़ाल' कहा जाता है। ये जातियों के समूह हैं, जिसके अंदर अलग-अलग जातियां शामिल हैं। हिंदुओं में जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण होते हैं, वैसे ही अशरफ़, अजलाफ़ और अरज़ाल को देखा जाता है। जानकारी के मुताबिक अशरफ़ में सैयद, शेख़, पठान, मिर्ज़ा, मुग़ल जैसी जातियां शामिल हैं। मुस्लिम समाज की इन जातियों की तुलना हिंदुओं की उच्च जातियों से की जाती है, जिनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य शामिल हैं। दूसरा वर्ग है- अजलाफ़ इसमें कथित बीच की जातियां शामिल हैं। इनकी एक बड़ी संख्या है, जिनमें ख़ासतौर पर अंसारी, मंसूरी, राइन, क़ुरैशी जैसी कई जातियां शामिल हैं।क़ुरैशी मीट का व्यापार करने वाले और अंसारी मुख्य रूप से कपड़ा बुनाई के पेशे से जुड़े होते हैं। हिंदुओं में उनकी तुलना यादव, कोइरी, कुर्मी जैसी जातियों से की जाती है।तीसरा वर्ग है- अरज़ाल. इसमें हलालख़ोर, हवारी, रज़्ज़ाक जैसी जातियां शामिल हैं। हिंदुओं में मैला ढोने का काम करने वाले लोग मुस्लिम समाज में हलालख़ोर और कपड़ा धोने का काम करने वाले धोबी कहलाते हैं। यह व्यवस्था समय के साथ इतनी गहरी हो गई कि एक व्यक्ति की पहचान, उसका सम्मान और उसकी सामाजिक स्थिति उसकी जाति के आधार पर तय होने लगी। हालांकि मुस्लिम समुदाय में वर्गीकरण नही के बराबर है साथ ही यह भारत के सभी जगहों में व्यापक रूप से देखने को नहीं मिलता, इसके बावजूद विवाह सहित कुछ निजी कार्यों में दिखाई देती है। लेकिन पारम्परिक पर्वों में ऐसी व्यवस्था का कोई स्थान नहीं होता। देखा गया है कि अंग्रेजो के जमाने से निचले तबके के लोगों को हमेशा से ही निम्न स्थान पर रखा गया और उनके साथ गुलामो जैसा व्यवहार किया गया यह कहना उचित नहीं है, भारतीय समाज में क्षेत्र, सम्प्रदाय, वर्ण, जाति का बोलबाला या परिपाटी प्राचीन काल से चला आ रहा है। हालांकि इसके सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिलने लगा है। इस ऊंच-नीच व भेदभाव जैसी ऐतिहासिक अन्याय के खिलाफ समय-समय पर कई आंदोलनों के जरिए समाज सुधारकों ने आवाज उठाई, लेकिन जाति की गहरी जड़ें इतनी मजबूत हैं कि आधुनिक समय में भी यह भेदभाव पूरी तरह से समाप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता के बाद संविधान में भले ही दलितों और आदिवासियों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए प्रावधान किए गए, लेकिन सामाजिक स्तर पर यह बदलाव अभी भी अधूरा है। आज के समाज में, शिक्षा और आधुनिकता के बावजूद जाति और रंग के आधार पर भेदभाव खुलेआम दिखाई देता है। लोग रिश्ते बनाते समय, रोजगार में अवसर देते समय या किसी से मिलते समय भी उनकी जाति, रंग और वर्ग को प्राथमिकता देते हैं। यह मानसिकता समाज के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा है। रंगभेद और जातिभेद के इस दौर में हम एक ओर तकनीकी और वैज्ञानिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सामाजिक स्तर पर पीछे जा रहे हैं। यह स्थिति उन सब सपनों और आदर्शों के खिलाफ है, जिनकी हम इक्कीसवीं सदी में कल्पना करते हैं।आधुनिक शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को तर्कशील, वैज्ञानिक और समानता के सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना था। लेकिन यह शिक्षा तब तक अधूरी है जब तक वह जातिवाद, भेदभाव और पूर्वाग्रह जैसी मानसिकता को समाप्त नहीं करती। भारतीय समाज में, जहां जाति व्यवस्था इतनी गहराई तक फैली हुई है, वहां शिक्षा को लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव लाने के लिए काम करना होगा। यह तर्क भी दिया जा सकता है कि अंग्रेजों ने 'फूट डालो और राज करो' की नीति के तहत जाति व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया। उन्होंने भारतीय समाज की इन आंतरिक कमजोरियों का फायदा उठाया और सामाजिक विभाजन को बढ़ावा दिया। लेकिन यह कहना कि केवल अंग्रेज ही इसके लिए जिम्मेदार हैं, हमारी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ना होगा। जाति- आधारित भेदभाव की जड़ें भारतीय समाज में बहुत पहले से हैं और इसका समाधान केवल बाहरी कारणों पर दोष मढ़ने से नहीं निकलेगा। समाज में लगातार बढ़ रही तर्कशीलता, विज्ञान और तकनीकी विकास के इस दौर में, हमें यह सोचना चाहिए कि क्या हम सही दिशा में जा रहे हैं? क्या जातिवाद, रंगभेद और वर्गीय भेदभाव जैसे मुद्दे हमें पीछे धकेल रहे हैं? आज का युवा वर्ग तकनीकी क्षेत्र में तो आगे बढ़ रहा है, लेकिन सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण से पीछे रह गया है। मेरा मानना है कि समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि हम जाति, रंग और धर्म के आधार पर भेदभाव की इस पुरानी मानसिकता से बाहर निकलें। एक ऐसा समाज बनाना चाहिए जहां सभी को समान अवसर और सम्मान मिले। इसके लिए शिक्षा, जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। जब तक हम इन पुराने और तुच्छ भेदभावों को समाप्त नहीं करते, तब तक भारतीय समाज के संपूर्ण विकास की कल्पना करना मुश्किल है।

आज हमें आत्मचिंतन करने की जरूरत है कि हम अपने भीतर और समाज में किस प्रकार के बदलाव ला सकते हैं ताकि हम सभी के लिए एक बेहतर, समतावादी और न्यायपूर्ण भविष्य बना सकें।

**-मो. ज़ाकिर घुरसेना, रायपुर**

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज का विगत दिनों कवर्धा से वापसी के समय पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में आगमन हुआ जिसमें उन्होंने बेमेतरा के सरदा में हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के साथ कि गई मारपीट तथा झूमा झटकी पूरी वारदात को ध्यान से सुना तथा उपस्थित पत्रकार जनों को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में साय सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है एक पूर्व विधायक को उसके जनसंपर्क और कार्यक्रमों में जाने से रोका जा रहा है और



पुलिस तमाशा बिन की तरह खड़ी हुई नजर आ रही है जो प्रदेश के कानून की बदहाल स्थिति को बयां करता है प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने साय सरकार को आगाह करते हुए कहा कि इस तरह की वारदात कांग्रेस सहन नहीं करेगी प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह प्रदेश में पुलिसिंग को सुधारे तथा जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराये एक ओर जहां प्रदेश सरकार ने पूर्व विधायकों से उनके सुरक्षा छीन ली है वहीं दूसरी ओर वह सुरक्षा देने में नाकाम है ऐसे में कांग्रेस के जांबाज कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति है और हम इन्हीं के दम पर कट्टरवादियों ताकतों से मुकाबला करेंगे इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंसी पटेल जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगल साहू सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा लोकेश वर्मा अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ग्रामीण बेमेतरा अविनाश तिवारी प्रणिश चौबे सुरेंद्र तिवारी सुभाष बघेल टी आर जनार्दन अवनीश राघव जोगिंदर छबड़ा सुनील नामदेव सनत धर दीवान प्रांजल तिवारी हरीश साहू सुनील महेश्वरी बहल वर्मा ऋषि वर्मा देवा गर्ग अजय राज सेन वैभव मिश्रा रवि रजक देवशरण गोसाई जावेद खान नवीन ताम्रकार जगजीत सिंह पार्षद मनोज शर्मा पार्षद रश्मि मिश्रा जया साहू जनता साहू रानी सेन वाहिद रवानी पार्षद राजू साहू मिटा नामदेव आशीष राम ठाकुर रेवेंद्र देवांगन नाथू सेन सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## स्वच्छता की सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर



पायनियर संवाददाता ᐸ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरई में जनपद पंचायत दुर्ग के तत्वाधान में आयोजित जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्वच्छता की सेवा 2024 विकासखण्ड स्तरीय स्वच्छता दीदी एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विभिन्न पारंपरिक खेलकूद आयोजित किया गया प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कदम पेड़ा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इसअवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है और इसके तहत विभिन्न गतिविधि आयोजित किया जा रहा है स्वच्छता ही सेवा का मुख्य उद्देश्य है हम अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखें एवं अपने आप को भी साफसुथरा रखें गांव को साफ सुथरा रखना हम सब की जिम्मेवारी है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण संभव है।कार्य म का समापन 2 अक्टूबर को होगा। इस सफल आयोजन के लिए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणजनों को गांव को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई। खो खो विजेता सोनम यादव ग्रुप रिसामा उपविजेता खिलेश्वरी ग्रुप नगपुरा रस्साकाशी विजेता नंदनी देशमुख ग्रुप नगपुरा उपविजेता कमलेश्वरी देशमुख अंडा कबड्डी विजेताओम बाई ग्रुप रिसामा उपविजेता यामनी देशमुख ग्रुप नगपुरा, पिट्ठुल विजेता सुनिता साहू रिसामा उपविजेता दिनेश्वरी बिल्लस विजेता खोपली पूनम देशमुख उपविजेता नगपुरा नंदनी देशमुख फुगड़ी प्रथम मोंगारा साहू द्वितीय आशा देशमुख, लंगड़ी दौड़ विजेता खिलेश्वरी माया उपविजेता इंद्राणी साहू ममता साहू आदि को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद सीईओ रूपेश पांडे, सरपंच उमा रिगरी, उपसरपंच शीतला ठाकुर, खोपली सरपंच मंजू वर्मा, मंडल अध्यक्ष फत्नेलाल वर्मा, मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, चंदू देवांगन, शैलेश साहू, राकेश सेन, प्राचार्य सीमा दवे, विकासखंड ीड़ा अधिकारी अशोक रिगरी, पीटीआई दुर्गेश शुक्ला, दुष्यंत देशलहरे, संध्या दुबे, सरस्वती बंजारे, प्रीती जोशी, तुम्मान देवांगन, अजीत पाठक, सुनील डड़सेना, राजेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### राजभवन में राज्यपाल से मिले जनसेवक शिवम तिवारी

**बेमेतरा।** बुधवार को बेमेतरा के जनसेवक शिवम तिवारी रायपुर राजभवन में राज्यपाल रमन डेका से शिष्टाचार मुलाकात किया है। जहां बेमेतरा जिले के भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी दी है। वही जनसेवक शिवम तिवारी ने राज्यपाल को बेमेतरा जिला के आगमन को लेकर आमंत्रित किया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही रहे सतर्क

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव, भौतिक सत्यापन पश्चात् किया जा रहा है। स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्व में किए गए सर्वे के आधार पर जो भी हितग्राही पात्र है। उसका नाम अंतिम रूप से फाइनल किया जा चुका है। इसमें किसी प्रकार का बदलाव किसी अधिकारी कर्मचारी के द्वारा संभव नहीं है। फलस्वरूप



यदि कोई अधिकारी कर्मचारी या कोई व्यक्ति किसी का नाम जूड़वा देने का दावा करता है तो वह झूठ बोल रहा है। जो पात्र है उसे आवास की स्वीकृति अपने आप मिल रही है। उनके खाते में भी राशि अपने आप आएगी। कोई भी हितग्राही किसी के भी झांसे में मत आऐं। किसी के भी द्वारा आवास योजना में नाम जोड़ देने संबंधी या मोबाईल में कॉल के माध्यम से अनजान व्यक्ति का कॉल आता है तो उससे बात न करे तथा संबंधित की शिकायत तत्काल पुलिस थाने में करे या जिला पंचायत के दूरभाष नं. 07824-222609 में कार्यालयीन में समय में करें। कोई भी लिंक किसी अनजान नंबर से शेयर होता है तो इसे टच न करें, क्लिक न करें। अन्यथा आपके एकाउन्ट का पूरा पैसा खाली हो सकता है। आगे भी जिन लोगो का नाम सूची में छूटा हुआ है और पात्र है ऐसे लोगों का नाम पृथक से सर्वे टीम द्वारा आगे जोड़ा जाएगा। अभी ऐसे लोगो का नाम जोड़ा जाना तत्काल में संभव नहीं है। इसी प्रकार आवास मित्र का चयन पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। पूरा चयन अंको एवं अनुभव इत्यादि के आधार पर होगा। किसी भी व्यक्ति के हाथ में एक अंक भी नहीं है। पूरा चयन मेरिट के आधार पर होगा। आवेदक किसी भी प्रकार के झूठे लोगो के प्रभाव में न आएं। दस्तावेजों की कमी के कारण जो लोग अपात्र हुए है। निर्धारित तिथि तक वह दस्तावेज जमा करने पर अपने आप सभी पात्र हो जाएंगे।

## राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा की तैयारी पर खोपली में कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ᐸ उतई
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र खोपली के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोपली एवं घासीदास नगर घुघसीडीह के लगभग 65 बच्चों के लिए शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के विवेकानंद सभागार में जिला एनएमएमएसई के प्रभारी शिक्षक पवन सिंह , नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू तथा ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत खोपली में बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयारी कराया जा रहा है जिसमें बच्चो को कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों व परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में बताया गया। जिसके लिए प्रथम दिवस जिला राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा प्रभारी शिक्षक पवन सिंह के द्वारा बच्चो को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व छात्रवृत्ति से संबंधित परीक्षाओं की तैयारी कराया गया। जिसमे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यशाला का लाभ उठाया। इस कार्यशाला में सरपंच मंजू वर्मा, संकुल समन्वयक प्रणव मंडरिक व इंद्रेश बंजारे, प्रधान पाठक एच सी देवांगन व सी एल रघुवंशी, अश्वनी यादव, रामती पाटिल, दीपक साहू, रामेश्वरी चंदेल, संतोषी कश्यप, रोशनी चंद्राकर सहित विभिन्न स्कूल से आए लगभग 65 बच्चे उपस्थित थे।

# भाजपा सेवा पखवाड़ा रक्त दान शिविर मे शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

## विधायक ने युवा साथियो से रक्तदान शिविर मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के तहत आज जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व मे किया गया द्य जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक दीपेश साहू शामिल हुए द्य और रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया द्य इस दौरान जिला संयोजक टार्जन साहू, सदस्य अजय साहू भी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा



कि नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन आज पूरा विश्व मना रहा है। यह प्रधानमंत्री के रूप में नहीं प्रधान सेवक के रूप में जनता के बीच कार्य कर रहे हैं। सेवा, संकल्प और समर्पण के साथ सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास, इस अद्भुत विचार के साथ लगातार देश की सेवा कर रहे हैं। आज हर गरीब के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की चिंता की। देश को वैश्विक पटल पर मान सम्मान देने का कार्य किया। आज मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। कई योजना पटल पर है किसान सम्मान निधि,वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, पूरे भारत मे सड़को का जाल, एक्सप्रेस हाइवे का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, नारी सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत गैस,जन धन योजना के तहत गरीबों का खाता बैंक में खुला। यह मोदी जी की सोच अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इस दान मे अधिक से अधिक संख्या मे युवा साथियो को शामिल होकर सहभागिता बढ़ाने की अपील किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,युवा मोर्चा जिला जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू,डॉ विनय साहू, तारण साहू, प्रवीण नीलू राजपूत पार्षद, निखिल साहू, नीतू कोठारी, दीनानाथ साहू, गोपी देवांगन, ओमकार साहू, टिकेंद्र साहू, राजीव तम्बेली, पिंकी नेमा गुप्ता, सहित सिविल सर्जन डॉ चुरेंद्र सिँह, जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारीगण नर्सिंग स्टॉप उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको एवं समाज के उत्कृष्ट व्यक्तियों का होगा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ᐸ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



छात्र व शिक्षक के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा हेतु संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के संरक्षक परसराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के तत्वावधान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको एवं समाज के उत्कृष्ट व्यक्तियों का सम्मान समारोह रविवार को खालसा पब्लिक स्कूल (मालवीय नगर चौक के पास, दुर्ग में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोक सभा के मुख्य आतिथ्य और गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा । उक्त सम्मान समारोह आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है ।

# विश्वकर्मा समाज ने धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती



पायनियर संवाददाता ᐸ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

इस वर्ष वार्ड क्रमांक 03 स्थित भवन में विश्वकर्मा समाज द्वारा विश्वकर्मा जयंती का श्रद्धापूर्ण उत्साह, उल्लासपूर्वक आयोजन किया गया । कार्यक्रम कुम्हारी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर के मुख्य आतिथ्य में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक निर्माण विभाग व पार्षद मनहरण यादव ने किया । अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने भगवान विश्वकर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर समाज एवं उपस्थित जनों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी । पार्षद मनहरण यादव ने भी सभी को शुभकामनाएं दी । आयोजन में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लेकर अपना अमूल्य योगदान दिया । हवन पूजन के पश्चात मिष्ठान्न व प्रसाद का वितरण किया गया । कार्यक्रम का संचालन समाज सचिव हरिचंद विश्वकर्मा ने किया । इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुकेश राम विश्वकर्मा व जिला पदाधिकारी और समाज के समस्त पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में महिला विश्वकर्मा समाज अध्यक्षा सरोज विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की ।

## डीजे पर प्रतिबंध का फैसला सराहनीय : श्रद्धा साहू

पायनियर संवाददाता ᐸ उतई
www.dailypioneer.com

विगत दिनों से चर्चित विषय डीजे पर प्रतिबंध धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर अंधाधुंध तरीके से डीजे की फूहड़ता के बारे में समाज सेविका श्रद्धा साहू का कहना है कि डीजे पर प्रतिबंध लगाकर सरकार और प्रशासन दोनों ने महिलाओं एवं युवा वर्ग का मान बढ़ाया है। डीजे की ध्वनि इतना ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा जैसे- ब्रेन हेमरेज ,दिल का दौरा पड़ना और बहरेपन जैसी अनेक कई गंभीर बीमारियों का शिकार कर रही थी। क्योंकि डीजे की फूहड़ता दिनों दिन बढ़ती जा रही थी और हमारे युवा वर्ग डीजे के कारण हमारी संस्कृति और हमारे देवी देवताओं की भक्ति के ऊपर



प्रश्न चिन्ह लगाता जा रहा था। क्या हमें लाइट और डीजे की चकाचौंध के कारण अपने देवी- देवताओं को रात भर,कोई समय सीमा निर्धारित नहीं होता था। विसर्जन करते रहना ,यह कैसी भक्ति है, जब पूरा ब्रह्मांड सोता है और पॉजिटिविटी की ओर होता है तब हमारा युवा वर्ग नशे में चूर डीजे की फूहड़ता में डांस करते हुए हमारे भगवान को नदी- तालाब में विसर्जन करते थे जो सरासर गलत था। 2024 का गणेश विसर्जन एक ऐतिहासिक और गरिमापूर्ण विसर्जन साबित हुआ है, सभी जगहों पर पारंपरिक ढोल ताशा एवं नगाड़े के साथ शांति पूर्वक भगवान का विसर्जन किए हैं जो बहुत ही सराहनीय एवं मानवीय तथा नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाला कदम है। श्रद्धा साहू पिछले कई वर्षों से पर्यावरण प्रदूषण पर काम कर रही है और उनका मानना है कि ध्वनि प्रदूषण भी जानलेवा साबित हो रहा था। डीजे को प्रतिबंधित करके निश्चित ही इस जानलेवा ध्वनि प्रदूषण से हम बच सकते हैं और अपनी युवा पीढ़ी को तथा अपनी संस्कृति और संस्कार को पारंपरिक गीत- संगीत से संजोकर रख सकते हैं।

## ओबीसी सर्वे के संबंध में सभी बी एल ओ का पालिका में हुई समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ᐸ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के सभागार में ओबीसी सर्वे के संबंध में सभी बी एल ओ का पालिका मैं समीक्षा बैठक आयोजित किया गया । बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने बीएलओ एवं नगर पालिका कर्मचारी द्वारा किए जा रहे अन्य पिछड़ा वर्ग का सर्वे कार्य की समीक्षा के दौरान कुछ वार्डों में संतोषजनक प्रगति नहीं होने के कारण असंतोष व्यक्त करते हुए घरों का सर्वे पालिका के अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर पूर्ण करने की आवश्यक निर्देश दिए। सर्वे कार्य 21 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश देते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा । इस बैठक में उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, नोडल अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, सहायक नोडल अधिकारी बुद्धिमान सिंह ,राजस्व कर्मचारी एवं बी एल ओ आदि उपस्थित थे ।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बिलासपुर में आज से

पायनियर संवाददाता ᐸ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बिलासपुर में 21 से 24 सितंबर 2024 तक आयोजित होगी, जिसमें दुर्ग संभाग की कबड्डी बालक 17 वर्ष, एथलेटिक्स मे14 व 17 वर्ष आयु समूह के बालक बालिका भाग लेंगे। इस टीम में बालोद जिले की शा.उ.मा.वि चिखली के बालक 17वर्ष कबड्डी में निखिल कुमार कक्षा 11वीं, लम्बी कूद में थमेश कुमार कक्षा 9वीं एवं 200 मी.दौड़19वर्ष आयु में कु.पायल कक्षा 11वीं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये तीनों बच्चे रानी दुर्गावती स्पोर्ट्स क्लब चिखली में चन्द्रशेखर पवार एवं टामिन साहु के दिशा



निर्देश में अभ्यास करते हैं। इस वर्ष क्लब के अधिकांश बच्चों का चयन राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।तीनों बच्चों के शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, सहायक जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, खेल समन्वयक सपन जेना, जे एस भारद्वाज बीईओ डौण्डी, संस्था प्राचार्य विनीता सैनी, संजय ठाकुर , रोजर हसीन तिर्की, मंजुला यदु बीएसओ डौण्डी, भागीरथी कुलदीप, ईश्वर लाल बघेल टोमन विनायक, डीडी जोशी , मनीषा शर्मा, दीप्ती कोसमार्य जगप्रीत संधू, संस्था के अन्य शिक्षक,बच्चों के माता पिता एवं गांव के लोगों ने बधाई दी, और आगामी प्रतियोगिता में चयन हो ऐसी शुभकामनाएं भी दी हैं।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने वार्डों का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ᐸ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड वासियों की समस्याओं को जानने एवं उसका निराकरण करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने वार्ड क्रमांक 10,16,24 टाउन हॉल, कोंडे रोड का निरीक्षण किया । सफाई,पेयजल, विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं वार्ड वासियों को आवश्यक सुविधाएं गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराने को कहा द्य सफाई के नोडल अधिकारी को कार्य योजना बनाकर शहर के चौक - चौराहो,बाजारो, अन्य सार्वजनिक स्थानो,एम बी टी सेंटर के सामने, गार्डन, सड़कों तथा नालियों की नियमित साफ सफाई के साथ दवाई छिड़काव करने के निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों के निराकरण की निरंतर समीक्षा के भी निर्देश अधिकारी कर्मचारियों को दिए एवं सकारात्मक पहल करते हुए जल्द से जल्द मरम्मत एवं सुधार कार्य करने को कहा । वार्ड भ्रमण में नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, पार्षद बॉबी छतवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, रमेश गुर्जर, सहायक अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी एवं उप अभियंता भानु प्रकाश घोष एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता भुवन लाल साहू ने 300 छात्रों को दिया न्योता भोज , प्रतिभावान छात्रों को दिये अनेक पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के राजभवन में शिक्षक दिवस के दिन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका के हाथों राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुए शासकीय हाईस्कूल लावातरा के व्याख्याता भुवन लाल साहू के द्वारा प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल लावातरा के 300 विद्यार्थियों को न्योता भोज दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित



जिले के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू, बीआरसीसी बेरला खोमलाल साहू, ग्राम पंचायत लावातरा की सरपंच सीताबाई कुर्रे, पंच सुरेखा साहू, पूर्व सरपंच सरजू राम साहू, सांसद प्रतिनिधि सुरेश साहू एवं तीरथ साहू सभी ने अपने हाथों से विद्यार्थियों को खीर, पुड़ी, पापड़, फल, चांवल, दाल, सब्जी परोसा। व्याख्याता भुवन लाल साहू के द्वारा उपस्थित समस्त अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षक - शिक्षिकाओं को स्वल्पाहार भी कराया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया था। जिसमें इस वर्ष राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हाई स्कूल लावातरा के व्याख्याता भुवन लाल साहू का लावातरा के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे एवं व्याख्याता थलज कुमार साहू सहित उपस्थित अतिथियों ने इनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो की खूब सराहना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिये। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षाफल प्रदान करने वाले व्याख्याताओं रविशंकर देशलहरे, भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, शोभाश्विनी मेटिया, जमुना साहू का जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र, पेन एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी म में प्रधानपाठक पुष्कर परगनिहा, शिक्षकगण हेमचंद साहू, शहनाज खान, टीका राम साहू, अब्राहम एक्का , वीणा देवी सारथी, ओंकार प्रसाद साहू, दिनेश कुमार साहू, रानी साहू, हुलसी साहू , लोमिका साहू, युवराज साहू एवं ग्राम से उपस्थित अतिथियों का पेन तथा श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के संस्था प्रमुखों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयको की ली समीक्षा बैठक




**पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती**
www.dailypioneer.com

जिले में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था बनाने तथा विशेष कार्य योजना के तहत प्रत्येक स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने की दिशा में शक्ति जिले की जिला समीक्षा बैठक 19 सितंबर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल शक्ति में प्रारंभ हुई, इस बैठक में प्रमुख रूप से शक्ति जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे, तथा 19 सितंबर की बैठक दो चरणों में अलग-अलग हुई एवं 20 सितंबर को भी यह बैठक दो चरणों में संपन्नन हुई. 19 एवं 20 सितंबर को होने वाली दो दिवसीय बैठक के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने पूर्व में ही शक्ति जिले के चारों विकासखंडों शक्ति,मालखरौदा, डभरा एवं जैजैपुर के संस्था प्रमुखों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को निर्देशित कर दिया था तथा निर्धारित तिथि समय व स्थान पर सत्र 2024-25 के संचालन हेतु विभागीय समीक्षा बैठक में अनिवार्य से उपस्थित होने की बात कही की गई थी, एवं बैठक में अपेक्षित संस्था प्रमुख को ही पहुंचाने तथा प्रतिनिधि मान्य नहीं होने निर्देशित किया गया था,19 सितंबर को सुबह 10:30 बजे डभरा व जैजैपुर विकासखण्ड के शास हाई/उमावि के संस्था प्रमुखो एवम दोपहर 02:30 बजे से सक्ती व मालखरौदा विकासखण्ड के शास हाई /उमावि के संस्था प्रमुख की बैठक संपन्न हुई, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा ने विस्तार पूर्वक निर्धारित कार्य सूची पर चर्चा करते हुए एक-एक संस्था प्रमुखों से चर्चा की तथा उन्हें स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा 20 सितंबर को सुबह 10:30 बजे से डभरा व जैजैपुर विकासखण्ड के संकुल शैक्षिक समन्वयक तथा दोपहर 02:30 बजे से सक्ती व मालखरौदा विकासखण्ड के सकुल शैक्षिक समन्वयको की बैठक हुई. शक्ति जिला शिक्षा विभाग की 19 सितंबर से प्रारंभ दो दिवसीय समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, सायकल प्राप्त व वितरण की पोर्टल में प्रविष्टी पस चर्चा, संस्था प्रमुखों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों द्वारा किये गये शालाओं के निरीक्षण व प्रस्तावित कार्यवाही की जानकारी, सत्र 2024-25 में जाति प्रमाण पत्र की निर्धारित प्रपत्र में लक्ष्य व उपलब्धी की जानकारी, हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम 2024 की समीक्षा एवं सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट परिणाम है कार्य योजना पर चर्चा, सत्र 2025 के लिए हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रो के निर्धारण व मूलभूत सुविध संबंधी जानकारी एवम अन्य बिन्दु पर चर्चा की जा रही है।

# रामकुमार गबेल एवं गीता गबेल ने लिखी नगर पालिका अध्यक्ष को चिट्ठी

■ शहर के बाराद्वार रोड में खुली नालियों को कवर्ड करवाने की करी मांग

**पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती**
www.dailypioneer.com





जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता,पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा जनपद पंचायत शक्ति के सदस्य रामकुमार गबेल एवं जनपद सदस्य गीता गबेल ने नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल को चिट्ठी लिखी है, चिट्ठी में भाजपा नेताओं ने बताया है की शक्ति शहर के बाराद्वार रोड में मां बेरी वाली मंदिर के बगल में बिहान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं गोमती देवी अस्पताल स्थापित है, तथा इन दोनों हॉस्पिटलों में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में जिले के विभिन्न स्थानों से मरीज आते हैं किंतु हॉस्पिटल के सामने नगर पालिका द्वारा बनाया गया नाला खुला हुआ है, तथा इस खुले नाले के कारण जहां आए दिन मरीजों को दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है तो वहीं खुले नालों से संक्रामक बीमारियां फैलने की भी संभावना बनी हुई है. रामकुमार गबेल ने बताया है कि चुकी दोनों बड़े अस्पताल स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है एवं खुले नालों के कारण यहां किसी भी प्रकार की संक्रामक बीमारियां न फैले इस दिशा में यथाशीघ्र नगर पालिका शक्ति द्वारा उपरोक्त खुले नाले को तत्काल मरम्मत करवरकर उसे कवर्ड किया जाए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके भाजपा नेता रामकुमार गबेल ने कहा है कि नगर पालिका प्रशासन शक्ति को इस बात का विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए कि शहर के ऐसे सार्वजनिक स्थान एवं प्रमुख स्थान जहां की प्रतिदिन नागरिकों का आना-जाना लगा रहता है, वहां नालियों एवं नालों को खुले छोड़ने की बजाय उसे कवर्ड किया जाए तथा पूर्व में भी ऐसी अनेकों घटनाएं हो चुकी हैं तथा आम जनता के साथ-साथ मवेशियों को भी एवं गौ माताओ को भी ऐसी खुली नालियों में गिरने का सदैव खतरा बना रहता है. ज्ञात हो की शक्ति शहर के ऐसे अनेकों स्थान है जहां की भीड़भाड़ वाले स्थान पर नालियां खुली पड़ी हुई है, एवं खुली नालियों से जहां लोगों को मच्छरों का सामना करना पड़ता है तो वहीं बदबू एवं संक्रामक बीमारियों का भी 24 घंटे खतरा बना रहता है, किंतु स्थानीय प्रशासन कहीं ना कहीं ऐसे मामलों में बड़ी लापरवाही करता है तथा प्रशासन की लापरवाही शहर वासियों के लिए परेशानियों का सबब बनती है.

# पोषण आहार से मात्र तीन माह में झाफल की नन्हीं बच्ची हुई सुपोषित

**पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं कलेक्टर मार्गदर्शन में जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को दिए जा रहे पोषण आहार का सार्थक परिणाम दिख रहा है। कई कुपोषित बच्चें जहां सुपोषित हो रहे हैं। वहीं खानपान के प्रति लोगो में जागरूकता भी बढ़ रही है। बता दें कि लोरमी विकासखण्ड के ग्राम झाफल की नन्हीं बच्चीं नव्या राजपूत 03 माह पहले कुपोषित थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सलाह पर बच्ची को प्रतिदिन पोषण आहार, हरा सब्जी, अण्डा व गरम भोजन खिलाना प्रारंभ किया गया, जिससे मात्र तीन माह में बच्ची के वजन बढ़ने के साथ सुपोषित हो गई। बच्ची के स्वस्थ होने पर उसकी माता गौरी राजपूत ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि अब बच्ची की मुस्कान फिर से लौट आई। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में दिया जाने वाला पोषण आहार पूरक पोषण कार्यक्रम का हिस्सा है।

## गांधी जयंती पर 02 अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित

**मुंगेली ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री राहुल देव ने 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने जिले की समस्त दे.म.द्धु. सी.एस.-2; घघ, दे.म.द्धु. सी.एस.-2;घघ-कम्पोजिटद्ध शॉप, वि.म.द्धु. एफएल-1; घघद्ध की फटकर दुकानों, सी.एस.-2 ;ग-कम्पोजिट अहाताद्ध, एफएल.-1;ख-अहाताद्ध तथा एफएल.-3 होटल बार, होटल सिटी पैलेस मुंगेली को बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा. लि. धूमा में मदिरा का परेषण आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने कहा है कि संबंधित अधिकारी जारी आदेश का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें।

# गांजा के साथ 02 आरोपियों को पकड़ने में बिर्रा पुलिस को मिली सफलता

**पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चांपा**
www.dailypioneer.com



गांजा के साथ 02 आरोपियों को पकड़ने में बिर्रा पुलिस को मिली सफलता। आरोपियों के कब्जे से बरामद 08 किलो मादक पदार्थ गांजा किमती 40000/-रूपये, परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल डिलक्स किमती 25000-रूपये, एवं 02 नग मोबाईल। बिर्रा पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि थाना बिर्रा क्षेत्र के ग्राम बसंत-किकिरदा माईनर नहर तरफदो व्यक्ति मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 13 एक्स 1813 में है जो भारी मात्रा में बोरी के अंदर गांजा है कि सूचना मिलने पर रेड स्छ्हक्क चाम्पा यदुमणि सिदार के निर्देशन में रेड कार्यवाही कर मौके पर आरोपी गरीब दास महंत उर्फरोहन दास निवासी सारंगढ़ थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़ एवं जीतलाल रात्रे उर्फबनी रात्रे निवासी सुंदरा भाड़ा सारंगढ़ थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 08 किलो किमती 40000/- रूपये, परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल डिलक्स किमती 25000 रूपये एवं 02 नग मोबाईल को बरामद किया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपी 01. गरीब दास महंत उर्फ रोहन दास पिता अवध राम महंत उम्र 42 साल निवासी सारंगढ़ थाना सारंगढ़ जिला सारगंढ़- बिलाईगढ़ 02. जीतलाल रात्रे उर्फबनी रात्रे पिता बलीराम रात्रे उम्र 40 साल निवासी सुंदरा भांठा सारंगढ़ थाना सारंगढ़ जिला सारगंढ़-बिलाईगढ़ के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर 20.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी कृष्ण पाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा, प्रआर. वेंकटरमन उदय सिंह पाटले, आर. दीपक तिवारी, सनोहर जगत, रघुवीर यादव, ईश्वर पटेल, वैभव केश्वरवानी, भूपेन्द्र कंवर एवम विशेष टीम से प्रधान आरक्षक अजय चतुर्वेदी, वीरेंद्र टंडन, डिकेश्वर साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# राजस्व अधिकारियों ने विभिन्न तहसील कार्यालयों का किया निरीक्षण

## लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



**पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली**
www.dailypioneer.com

राजस्व अधिकारियों द्वारा फील्ड पर उतरकर विभिन्न तहसील कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया जा रहा है। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने लालपुर थाना तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों का बारीकी से अवलोकन किया और लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण कर आमजनों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान ने तहसील कार्यालय मुंगेली और डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज ने तहसील कार्यालय सरगांव एवं जरहागांव का निरीक्षण किया और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे की बात कही।

# सक्ती की अग्रवाल महिला मंडल की भी अग्रसेन जयंती समारोह में हो रही सक्रिय भागीदारी




**पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती**
www.dailypioneer.com

शहर की हटरी धर्मशाला में चल रहे श्री अग्रसेन जयंती महा महोत्सव 2024 के पख्वाड़े में अग्रवाल महिला मंडल के पदाधिकारी- सदस्य भी 18 सितंबर से प्रारंभ हुई प्रतिस्पर्धाओ में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी कर रहे हैं, तथा प्रतिदिन दो प्रतियोगिताओं एवं लकी गेम का आयोजन किया जा रहा है, तो वही शक्ति शहर के अग्रवाल समाज के प्रत्येक घरों से महिलाएं एवं युवतियां भी इन समस्त कार्यक्रमों में अपनी बेहतर प्रस्तुति दे रही हैं. एवं महिलाओं की आयोजित प्रतियोगिताओं में जहां निर्णायक के रूप में अन्य शहरों से भी विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित कर इसका जजमेंट करवाया जा रहा है तो वहीं इस वर्ष समाज की महिलाओं में जयंती पर्व की सभी प्रतिस्पर्धाओं को लेकर भारी उत्साह है, तथा 19 सितंबर को भी आयोजित प्रतिस्पर्धा में जहां भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही, तो वहीं अग्रसेन जयंती समारोह समिति द्वारा भी आगंतुक सभी महिला सदस्यों के लिए हाईटी की व्यवस्था की गई है, एवं 19 सितंबर को लकी गेम की विजेता अंजना नितिन अग्रवाल एवं द्वितीय विजेता पूजा विक्की अग्रवाल रही, इसके अलावा अग्रवाल महिला मंडल के सभी सदस्यों ने समाज की सभी महिलाओं एवं यूवतियों से भी आग्रह किया है कि वे सभी प्रतिस्पर्धा में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता करें तथा अपनी प्रस्तुति दें. अग्रवाल महिला मंडल का भी कहना है कि इस वर्ष अग्रसेन जयंती महा महोत्सव को लेकर व्यापक रूप से जयंती समारोह समिति द्वारा तैयारियां की गई है, एवं प्रतियोगिताओं के प्रारंभ होने से पूर्व महाराजा अग्रसेन की जहां प्रतिदिन आरती होती है तो वहीं इस बार महिला वर्ग की प्रतियोगिताओं के भी होने वाले जजमेंट को लिफाफे में बंद कर अग्रवाल सभा के पास जमा करवाए जा रहा है, एवं 3 अक्टूबर को उपरोक्त सभी निर्णय को खोलकर उसके विजेताओं की घोषणा की जाएगी, जिससे इस पारदर्शिता के चलते महिलाओं में भी काफी उत्साह है तथा महिला वर्ग की सभी प्रतियोगिताओं में आने वाले जजमेंट के अतिथियों को भी मोमेंटो एवं शाल के साथ सम्मानित किया जा रहा है।

# जलाऊ लकड़ी से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम फुलीकुंडा में पत्नी के खाना नही बनाने से नाराज पति ने जलाऊ लकड़ी के डंडे पीट-पीटकर अपनी ही पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम फुलीकुंडा में 18 सितंबर को एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगडे ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर अपनी टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में मृतिका की पहचान 23 वर्षीय सोमारी पण्डो के रूप में हुई है। मृतिका की मां रामबती पण्डो ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उनकी बेटी की शादी वर्ष 2020 में पंचराम पण्डो से हुई थी। घटना के दूसरे दिन, एक परिचित ने उन्हें सोमारी की मौत की सूचना दी।

# जनपद पंचायत कार्यालय मुंगेली में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के तहत जिले के विभिन्न स्थानों में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कार्यालय मुंगेली में साफ -सफाई किया गया। इस दौरान स्वच्छता संवाद, एक पेड़ मॉ के नाम पौधा रोपण और वहां उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए शपथ लिया गया। गौरतलब है कि 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन तथा स्वच्छाग्रही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्ष किये गए कार्यों को एक उत्सव के रुप में मनाना है।


**IndusInd Bank** क्षेत्रीय कार्यालयः 3ए अपर वुड स्ट्रीट शाखा, पहली मंजिल, सावित्री टॉवर, कोलकाता – 700017

परिशिष्ट–IV–क
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का **भौतिक** कब्जा, इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, के **कर्जदार सिद्धि एग्रो फूड्स प्रा. लिमिटेड (उधारकर्ता), श्री सुशील कुमार जैन (निदेशक और गारंटर), श्री सुनील कुमार जैन (निदेशक और गारंटर), श्रीमती चंद्र कला जालान (गारंटर), श्रीमती संजू जालान (गारंटर), श्री सुरेश कुमार जालान (गारंटर), श्री बिहारीलाल जैन (गारंटर) और मैसर्स सुशील इंडस्ट्रीज (इसके प्रोपराईटर - सुशील कुमार जैन द्वारा प्रतिनिधित्व) (गारंटर)** से इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि रु. **70,42,12,056.16** (रु. सत्तर करोड़ ब्यालीस लाख बारह हजार छप्पन और पैसे सोलह मात्र) दिनांक 03.04.2024 तक और दिनांक 04.04.2024 से संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित की वसूली हेतु ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर नीचे वर्णित विशिष्ट तिथियों पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, जमा धरोहर राशि और संपत्ति के निरीक्षण की तारीख नीचे वर्णित है।

| लॉट नं. | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | ज्ञात भार | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सुशील कुमार जैन के नाम पर जिसका दुकान नं./प्लॉट नं.- 9, सर्वे नं. 355(पी) का भाग, भूमि क्षेत्रफल 286 वर्ग फुट, (उस पर निर्माण सहित) अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन रोड, मौंजा भैस्थान, रामसागरपारा, ग्राम- चिरहुलडीह, पी.एच. नं. 106-बी, आर.आई.सी. - रायपुर-1, रामसागरपारा वार्ड नं. 17, सिटी तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दीः (विक्रय पत्र के अनुसार) उत्तर में - अन्य की संपत्ति, दक्षिण में - सड़क, पूरब में - विक्रेता की संपत्ति और पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति | शून्य | रु. 34,20,000/- (रु. चौंतीस लाख बीस हजार मात्र) | रु. 3,42,000/- (रु. तीन लाख ब्यालीस हजार मात्र) |
| 2. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर जिसका कार्यालय सं. 327, कारपेट क्षेत्रफल - 165 वर्ग फुट (उस पर निर्माण सहित) अरिहंत कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल, म्युनिसीपल मकान नं. 12/358 से 365 तक का भाग, कालकरपारा वार्ड क्रमांक 14 (पुराना) इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 20 (नया), स्टेशन रोड, ग्राम रायपुर खास, पी.एच. नं. 106-ए, आर.आई.सी. - रायपुर-। सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दीः (विक्रय पत्र के अनुसार) - उत्तर में - भवन का मार्ग, दक्षिण में - मार्ग, पूरब में - कार्यालय सं. 326 और पश्चिम में - कार्यालय सं. 328 | शून्य | रु. 12,40,000/- (रु. बारह लाख चालीस हजार मात्र) | रु. 1,24,000/- (रु. एक लाख चौबीस हजार मात्र) |
| 3. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर श्री कृष्णा अपार्टमेंट के ब्लॉक डी के फ्लैट नं. डी-105, निर्मित क्षेत्रफल-784.93 वर्ग. फुट एवं बालकनी क्षेत्रफल-90.93 वर्ग. फुट. कुल क्षेत्रफल- 875.86 वर्ग. फुट., (उस पर निर्माण सहित) सर्वे सं. 625/4-7, 625/5-8, 625/9-10 का भाग, ग्राम-मोवा, पी.एच. सं. 109, आर.आई.सी.-रायपुर-1, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, वार्ड सं. 27, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - फ्लैट नं. ए-106, दक्षिण में - खुली जगह, पूरब में - खुली जगह और पश्चिम में - गालियारा | शून्य | रु. 26,20,000/- (रु. छब्बीस लाख बीस हजार मात्र) | रु. 2,62,000/- (रु. दो लाख बासठ हजार मात्र) |
| 4. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन और संजू जैन के नाम पर, सर्वे सं. 778/11 भूमि क्षेत्रफल 0.166 हेक्टेयर (17860 वर्ग फुट), (उस पर निर्माण सहित), ग्राम-हीरापुर उर्फ जरवाय, पी.एच. नंबर 103, आर.आई.सी. -रायपुर-।, रामकृष्ण परमहंस, वार्ड सं. 2, सिटी तहसील एवं जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़) और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - नंदकिशोर की संपत्ति, दक्षिण में - लाहोटी की संपत्ति, पूरब में - नहर और पश्चिम में - सड़क | शून्य | रु. 3,82,00,000/- (रु. तीन करोड़ ब्यासी लाख मात्र) | रु. 38,20,000/- (रु. अडतीस लाख बीस हजार मात्र) |
| 5. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सुशील इंडस्ट्रीज (प्रोप. सुशील कुमार जैन) के नाम पर प्लॉट नं. 48/6 (पी), भूमि क्षेत्रफल 0.093 हेक्टेयर या 10000 वर्ग फुट (उस पर निर्माण सहित), ग्राम - गोंदवारा, पीएच सं. 108, यतियतान वार्ड क्रमांक-4, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार): उत्तर में - विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में - विक्रेता द्वारा अन्य को बेची गई संपत्ति, पूरब में - रोड और पश्चिम में - रोड | शून्य | रु. 85,50,000/- (रु. पिचासी लाख पचास हजार मात्र) | रु. 8,55,000/- (रु. आठ लाख पच्चपन हजार मात्र) |
| 6. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि श्री बिहारी लाल जैन के नाम पर, प्लॉट नंबर 32, सर्वे सं. 696/7 का भाग, क्षेत्रफल - 2400 वर्ग फुट, (उस पर निर्माण सहित) स्वामी आत्मानंद वार्ड सं. 15, समता कॉलोनी, ग्राम - चिरहुलडीह, पी.एच. सं. 106-बी, आर.आई.सी. -रायपुर- ।, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर-छत्तीसगढ़ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - प्लॉट नं. 26, दक्षिण में - रोड, पूरब में - प्लॉट नं. 31 और पश्चिम में - प्लॉट नं. 31 | शून्य | रु. 1,78,00,000/- (रु. एक करोड़ अड्ठत्तर लाख मात्र) | रु. 17,80,000/- (रु. सत्रह लाख अस्सी हजार मात्र) |

| | |
|---|---|
| नीलामी की तिथि एवं समय | लॉट नं. 1 हेतुः 28-10-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 2 हेतुः 28-10-2024 (दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक)<br>लॉट नं. 3 हेतुः 29-10-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 4 हेतुः 29-10-2024 (दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक)<br>लॉट नं. 5 हेतुः 30-10-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 6 हेतुः 30-10-2024 (दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक) |
| ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट | https://www.bankeauctions.com |
| ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि | 06-09-2024 (सभी लॉट नं. हेतु) |
| न्यूनतम बोली वृद्धि राशि | रु. 1,00,000/- मात्र (सभी लॉट नं. हेतु) |
| इच्छुक खरीदारों हेतु संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | लॉट नं. 1 और 2 हेतुः 19-08-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 3 और 4 हेतुः 20-08-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 5 और 6 हेतुः 21-08-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक) |
| प्राधिकृत अधिकारी का संपर्क विवरण | मोबाइल नंबर 9874438785<br>ईमेल rohit.swaroop@indusind.com |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट अर्थात www.indusind.com या सेवा प्रदाता की वेबसाइट अर्थात https://www.bankeauctions.com पर दिए गए लिंक को देखें।

**सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों/नियमों के अंतर्गत बिक्री हेतु वैधानिक 30 दिन का नोटिस**

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर इस नोटिस को 30 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में मानें, उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर्स को एतद्द्वारा इस बिक्री सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर ऊपर बताए अनुसार अपनी देयता का पूर्ण निर्वहन करने और प्रतिभूत आस्ति पर बंधक सम्पत्ति को छुड़ाने का अंतिम और अंतिम अवसर दिया जाता है, ऐसा न करने पर प्रतिभूत आस्ति को ऊपर उल्लिखित निबंधन और शर्तों के अनुसार बेच दिया जाएगा।

दिनांकः 21.09.2024
स्थानः रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लिमिटेड


# उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर**
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुशंसा स्वरुप केन्द्र प्रवर्तित योजना ''उल्लास'' नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सक्ती के मार्गदर्शन में विकासखण्ड साक्षरता मिशन समिति जैजैपुर के तत्वाधान में ग्राम प्रभारी, सहायक ग्राम प्रभारी एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 20.09.2024 कार्यालय जनपद पंचायत जैजैपुर के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला से प्रशिक्षण प्राप्त 04 कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का नारा है ''जन-जन साक्षर'' ग्राम प्रभारियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों को रामकुमार साहू, (सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी) विकासखण्ड परियोजना अधिकारी द्वारा उल्लास को संबोधित करते हुए साक्षरता के महत्व का जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के असाक्षरों को शिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्राम प्रभारियों के दायित्वों का उल्लेख करते हुए उन्हे साक्षरता केन्द्र संचालन कराने हेतु प्रेरित किया गया। साक्षरता केन्द्र का संचालन स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा किया जाना है। जिसमें वातावरण निर्माण अतिआवश्यक है। साक्षरता केन्द्र हेतु स्थान चिन्हांकित करने एवं साथ ही नारा इत्यादि लिखने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ग्राम प्रभारी समय-समय पर साक्षरता केन्द्र का अवलोकन करते रहें जहां पेयजल, बिजली, बैठक व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करते रहें। इसी क्रम में कुशल प्रशिक्षक रहेमतुल्ला खान द्वारा प्रशिक्षण उपस्थित ग्राम प्रभारियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों को संबोधित करते हुए साक्षरता केन्द्र का चिन्हांकन एवं वातावरण निर्माण की जानकारी प्रदान की गई। स्वयंसेवी शिक्षकों से ही साक्षरता केन्द्र के सुझाव प्राप्त किए गये। संबंधित ग्राम के शिक्षकों से साक्षरता से होने वाले लाभ का चर्चा किया गया। उनके द्वारा प्रशिक्षितों को बताया गया कि साक्षरता का अर्थ केवल प्रमाण पत्र या केवल लिखना आना ही नहीं है। आज के युग में पढ़ना, लिखना एवं गणितीय कौशल का विकास सभी उम्र के व्यक्तियों को होना चाहिए चाहे वह महिला हो या पुरुष सीखने की कोई उम्र सीमा नहीं होती। द्वितीय कुशल प्रशिक्षक दिलीप देवांगन ने गणितीय कौशल का प्रशिक्षण स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रदान किया। उनके द्वारा बताया गया कि यदि कोई मजदूर दिन भर मेहनत कर मजदूरी प्राप्त करने के समय अपने मेहनताना का हिसाब नहीं लगा पा रहा है इसी कमी को दूर करने हेतु इस उल्लास कार्यक्रम के माध्यम से उनको गणितीय कौशल की जानकारी प्रदान करने हेतु यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अधिक उम्र के व्यक्तियों को साक्षर बनाना सरल नहीं है यह कठिन कार्य स्वयंसेवी शिक्षकों के दृढ़संकल्प से पूर्ण किया जा सकता है। उनके द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि उम्रदराज अशिक्षित व्यक्तियों के पास शिक्षा की कोई डिग्री तो नहीं होती लेकिन अनुभव अधिक होता है। उनके अनुभवों को आदर पूर्वक समझकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना स्वयंसेवी शिक्षकों का मुख्य लक्ष्य होगा। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर से प्रशिक्षित मति रंजिता राज कुशल प्रशिक्षक के द्वारा सभी प्रभारियो एवं स्वयंसेवी शिक्षकों को महिला साक्षरता एवं नारी उत्थान के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# ढाई करोड़ से अधिक लागत से बनाई गई नहर लाइनिंग चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, उखड़ा मलबा

**जिला पंचायत की सामान्य सभा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने उठाया मुद्दा**

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में एक बार फिर निर्माण कार्य में किये गए भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया हैं। एक बार फिर जल संसाधन विभाग अंतर्गत बनी नहर लाइनिंग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं। नहर में बनाई गई पक्की लाइनिंग का एक बड़ा मलबा पहली बरसात के पानी बह गया हैं। जिले के डौंडी ब्लाक के भोयरटोला जलाशय से कुसुमकसा तक 2 करोड़ 60 लाख से अधिक लागत से 6.02 किलोमीटर लंबी बनी नहर लाइनिंग पहली बरसात में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। नहर लाइनिंग टूट गई है और टूट के मलबा खेतो में बह गया है। जिससे किसानों की खड़ी फसल बर्बाद हो गई हैं। ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती गई हैं। गुणवत्ता को ताक पर रख निर्माण किये गए लाइनिंग कार्य में जमकर अनियमितता बरती गई हैं। मामले में आप को बता दे कि सरकार द्वारा खेतो में किसानों के लिए सिचाई के साधन के लिए नहर लाइनिंग का निर्माण करवाती है। इसके लिए जलाशयों से खेतों तक पानी पहुचाने के लिए नहर में पक्की लाइनिंग का निर्माण कार्य किया जाता है। मगर ठेकेदार और अधिकारियों के भ्रष्टाचार के कारण नहर लाइनिंग टूटने लगी है। अब ग्राम कुसुमकसा, अरमुरकसा सहित आसपास दर्जनों गांव के किसानों को सिचाई के लिए पानी नही मिल रहा है। जहां स्थानीय लोगो की माने तो जब नहर में जो लाइनिंग कार्य किया गया है, तब यह कार्य निर्माण के समय से ही विवादित रहा है। ठेकेदार ने गुणवत्ता हीन कार्य किया है। यही वजह की पहली बारिश में ही लाइनिंग टूट गई है।

### सरकार की योजना का अधिकारी ठेकेदार लगा रहे पलीता

स्थानीय जनपद सदस्य संजय बैस ने बताया कि निर्माण के समय से ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए थे। वही मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की गई है। मगर अब तक कोई कार्यवाही नही हुई। सरकार की योजना का अधिकारी ठेकेदार पलीता लगा रहे है। वही किसान नितिन पिस्दा और देवीलाल रावटे की माने तो थोड़ा दिन पानी मिला, फिर लाइनिंग के टूट जाने के बाद खेतो में सिचाई नही हो पा रही है। जहा अब बरसात रुक गया है और तेज धूप भी निकल रही है। ऐसे में सिचाई के लिए पानी की आवश्यकता है, इससे जल्द ही बनाना चाहिए।

### सामान्य सभा की बैठक में उठा मुद्दा

शु वार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य और उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी ने भोयरटोला जलाशय से अरमुरकसा-कुसुमकसा तक 6किमी तक बनाए गए नहर लाइनिंग कार्य में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी ने बताया कि किसानों ने शिकायत की है कि लाइनिंग जगह जगह से टूट गई है, कुछ हिस्से में लाइनिंग पूरी तरह से टूट गई है, बड़ा मलबा गिर गया है। वही उन्होंने सामान्य सभा में उपस्तिथ जल संसाधन विभाग के ईई से मामले में जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि जल्द कार्य शुरू कर लिया जाएगा।

'मामले की जानकारी लगी है, निर्माण के समय ठेकेदार से 5 साल का एग्रीमेंट होता है, ठेकेदार को बोला गया है कि जल्द ही रिपेयरिंग करे, कार्य शुरू भी हो गया है। अगर ठेकेदार की गलती मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी।

**पीयूष देवांगन, ईई, जलसंसाधन विभाग**

# नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

## 21 सितम्बर छत्तीसगढ़ बंद का नगर साहू समाज भाटापारा कर रही समर्थन



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर साहू समाज भाटापारा के द्वारा राज्यपाल छत्तीसगढ एवं मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग भाटापारा को ज्ञापन सौंपा गया। ग्राम-लोहारीडीह, विकासखंड बोड़ला, जिला-कवर्धा में साहू समाज के युवक प्रशांत साहू के पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत के संबंध में नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा निम्न निवेदन किया गया। जिसमें ग्राम लोहारीडीह में साहू समाज के युवक प्रशांत साहू की हत्या की पूरी जाँच कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावे। प्रशांत साहू के माता पिता एवं भाई के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट एवं प्रताड़ित किया गया है जो कि सर्वथा अनुचित है। अतः दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय तथा प्रशांत साहू के माता-पिता एवं भाई को तुरंत रिहा किया जावे। प्रशांत साहू के परिवार को न्यायोचित मुआवजा एवं परिवार के 1 सदस्य को सरकारी नौकरी दी जावे ताकि उनका परिवार भरण-पोषण कर सके। उक्त मांग नगर साहू समाज भाटापारा के द्वारा एस.डी.एम. भाटापारा को सौंपा गया जिसमें महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालो में मुख्यरूप से तहसील कार्य. अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, नगर अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, सचिव मनीराम साहू, सह सचिव जीत नारायण साव, छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, वरिष्ठ संरक्षक सदस्य सुकृत साहू, बाबूलाल साव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमला साहू, युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक रवि साहू, अंकेक्षक मुकेश साहू, भागवत साहू, रामचंद्र साहू, पिलाराम साहू,फलेश साहू,सुखदेव साहू, हुलाश राम साहू,नंदू साहू,संतोष साहू,रमा साहू डॉली साहू,सती साहू,कामना साहू,अमृत साहू,रविशंकर साहू सुरेश साहू,उत्तम साहू,अजय अमृतांशु साहू,महेन्द्र साहू,तुकाराम साहू व अन्य सामाजिक जनों की उपस्थिति रहीं।

# ड्यूरोप्लाई ने डाइडवीनियर्स की नई रेंज रोमा कलेक्शन को लॉन्च किया

**रायपुर।** इटली से प्रेरित ये प्रीमियम वीनियर्स उन लोगों के लिए बनाई गई हैं, जो खूबसूरती और लग्जरी को खास अहमियत देते हैं और शानदार जिंदगी जीना चाहते हैं। इटली में खासतौर पर डिजाइन की गई ये वीनियर्स आठ शानदार रंगों में मिलती हैं, जो आपके घर की सुंदरता को और बढ़ा देंगी। भारत की प्रमुख और अनुभवी प्लाईवुड कंपनी, ड्यूरोप्लाई ने अपनी नई प्रीमियम डाइडवीनियर्स की रेंज रोमा कलेक्शन लॉन्च की है। इस खास कलेक्शन में इटली की सुंदर वास्तुकला और बारीकियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जो इसे और भी खास बनाता है।ड्यूरो ने यह कलेक्शन अपने सिग्नेचर ब्रांड ड्यूरो नेचर के तहत लॉन्च किया है, खासकर उन लोगों के लिए, जो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में खूबसूरत और लग्जरी चीजों को महत्व देते हैं। ड्यूरोप्लाई के एमडी और सीईओ अखिलेश चितलंगियाने 'रोमा कलेक्शन' के लॉन्च पर कहा, हमारी रिसर्च से पता चला है कि शहरों में रहने वाले लोग अपने घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए प्रीमियम डाइडवीनियर्स की खोज में हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने साल के ट्रेंडिंग रंगों का अध्ययन कर 'रोमा कलेक्शन' पेश किया है।

# निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने नरैय्या तालाब को बच्चों के लिये सुन्दर आकर्षक बनाकर विकसित के दिये निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंधक संचालक श्री अबिनाष मिश्रा ने नरैय्या तालाब में बन रहे एस.टी.पी. का भी निरीक्षण किया एवं कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होने नरैय्या तालाब की सुन्दरता निखारने का कार्य एवं तालाब को विषेष रूप से बच्चों के लिये आकर्षक तरीके से विकसित करने की कार्य योजना पर शीघ्र कार्य करने के निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिये है। निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी ने नरैय्या तालाब क्षेत्र में बच्चों के लिये शीघ्र टॉय टेऊन चलवाने कार्य करने के निर्देष दिये है। इसके साथ ही बटर फ्लाई पार्क और वेंडिंग जोन विकसित करने योजना के अंतर्गत कार्य शीघ्र करवाने निर्देषित किया है। नरैय्या तालाब को तेलीबांधा तालाब एवं कटोरा तालाब की तर्ज पर विकसित करने कार्य करने के निर्देष दिये गये है। निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी ने नरैय्या तालाब में संचालित रजक गुड़ी में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने महाराजबंध तालाब में सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ सड़क रोशनी हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होने पुरैना तालाब का भी निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री विनोद पांडेय, जोन 6 कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपडा, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) श्री पी.के. पंचायती, डिप्टी मैनेजर श्री अंशुल शर्मा सहित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड व रायपुर नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# विघ्नहर्ता श्रीगणेश की मूर्तियों का श्रद्धापूर्ण विसर्जन करने महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड में लगा रहा भक्तों का मेला

## निगम द्वारा विसर्जन कुण्ड स्थल की निरन्तर विशेष सफाई, स्वच्छता सिग्नेचर केम्पेन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी शहर रायपुर में विगत दिवस अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व अवसर से प्रथम पूज्य देव विघ्नहर्ता श्रीगणेश की मूर्तियों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन करने महादेवघाट के समीप नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा दी गयी विसर्जन कुण्ड की व्यवस्था के अंतर्गत मूर्ति विसर्जन करने श्रीगणेश भक्तों का मेला आज भी लगातार चैथे दिन सुबह से लगा रहा। विगत रात्रि शहर में श्री गणेष विसर्जन झांकी निकाली गई। जिन पर कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई। भक्तजन श्रीगणेश की घरों एवं पंडालों में बिठायी मूर्तियों को लाकर नगर निगम के विसर्जन कुण्ड में उपलब्ध क्रेन एवं रोलिंग मशीन की सहायता से पूजा - अर्चना, आरती के बाद नम आँखों से गणपति बप्पा को दस दिवसीय श्री गणेशोत्सव पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर्व को एवं विगत से लगातार चौथे दिन बिदाई देने जुटे रहे। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सफाई मित्रों के विशेष गैंग की सहायता से महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड स्थल की निरन्तर विशेष सफाई अभियानपूर्वक करवाई जा रही है। पूजन सामग्रियों, फूल हार आदि के अपशिष्ट को तत्काल उठवाया जा रहा है एवं स्वच्छता कायम की जा रही है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिस जोन की टीम की विसर्जन कुण्ड स्थल पर ड्यूटी रही, उक्त जोन के स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से स्वच्छता सिग्नेचर कैंपेन चलाकर आमजनों कोजीवन में स्वच्छता का महत्व की जानकारी देकर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। जानकारी दी गयी है कि नगर निगम के विसर्जन कुण्ड में महादेवघाट के समीप विगत दिनांक 17 सितम्बर को सुबह 6 बजे से लेकर आज 20 सितम्बर को दोपहर 2 बजे तक उक्त लगातार 62 घंटे की अवधि में श्रद्धालुजनों द्वारा श्रीगणेश की 6103 छोटी मूर्तियों एवं 1461 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा रायपुर जिला प्रशासन के निर्देश पर रायपुर जिला पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर माननीय एनजीटी, छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल के दिशा - निर्देश के अनुरूप प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी परम्परागत तरीके से विसर्जन व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से विसर्जन कुण्ड में दी गयी। इस हेतु 8 - 8 घंटे की तीन पालियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जोनवार ड्यूटी 17 सितम्बर से लेकर 23 सितम्बर तक लगायी गयी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले पक्के आशियाने ने जीवन में लाई खुशहाली

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय कबीरधाम से 62 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पोलमी के निवासी बाबूलाल के जीवन में एक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपना पक्का घर मिला। बाबूलाल, जो पहले कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे, बारिश के मौसम में परेशानियों का सामना करते थे। उनका पुराना घर कमजोर था, दीवारों में दरारें थीं, और छत से पानी टपकता था। हर बार मानसून का आना उनके लिए चिंता का सबब होता था। बाबूलाल की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे खुद से पक्का मकान बना सकें। उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा परिवार के दैनिक खर्चों में चला जाता था। लेकिन जब प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी उन्हें मिली, तो उन्होंने इस योजना के तहत आवेदन किया। कुछ समय बाद उन्हें योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ और उनके सपनों का घर बनने की प्रक्रिया शुरू हुई। बाबूलाल ने बताया कि उन्हे वर्ष 2023-24 में आवास बनाने की स्वीकृति दी गई, इसके बाद बाबूलाल को अपने खुद के पक्का मकान की उमीद पूरी होती दिखाई देने लगी। उन्होने बताया कि जैसे ही पहली किश्त की राशि 40 हजार का अंतरण उनके बैंक खातों ऑनलाईन डी.बी.टी. के माध्यम से किया गया वैसे ही पक्का आवास बनाने का सफर शुरू हुआ। आवास निर्माण की राशि 2 लाख रूपये के साथ-साथ बाबूलाल को महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना(मनरेगा) के तहत 95 दिवस की मजदूरी भुगतान की राशि 23 हजार 850 एवं स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रूपये की राशि सहित शासन की अन्य योजनांओ का लाभ अभिषरण के माध्यम से मिला।

# मनीष राज सिंघानिया बनें एफएडीए के राष्ट्रीय चेयरमेन एकेडमी एंड रिसर्च

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मनीष राज सिंघानिया बनें एफएडीए के राष्ट्रीय चेयरमेन - एकेडमी एंड रिसर्च फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाईल डिलर्स एसोसिएशन (एफएडी) विगत 60 वर्षों से लगातार ऑटो मोबाईल डीलर को पूरे भारत में प्रतिनिधित्व कर रहें है। मनीष राज सिंघानिया के अध्यक्ष के रूप में 2022 से 2024 तक उत्कृष्ट कार्यकाल रहा और पिछले 15 साल से एफएडीए के विभिन्न पदो पर कार्यरत रहें है। मनीष राज सिंघानिया अपने अध्यक्ष कार्यकाल के बाद एफएडीए के राष्ट्रीय एकेडमी एंड रिसर्च के चेयरमेन बनें। चेयरमेंन मनीष राज सिंघानिया प्रतिबद्ध है कि एफएडीए एकेडमी एंड रिसर्च को नई उँचाईयों में पहुँचाने के लिए एकेडमी कस्टमर एक्सप्रियेंस इंडेक्स 2.0 का अध्ययन को करेंगे एवं ऑटो रिटेल सेक्टर से संबधित विभिन्न प्रकार की रिचर्स करेंगे जिसे ऑटो सेक्टर के तीनों स्तंभ डीलर (एफएडीए) सप्लायर (एसीएमए) एवं मैन्युफैक्चर (एसआईएम) की समझ बढ़े और आगे दिशा मिले। एकेडमी में एफएडीए ने आईआईटी, दिल्ली, एनएमआईएमएस मुम्बई एवं पूरे प्रदेश में अग्रणीय संस्थाओं के साथ सहयोग किया गया है और डीलर समुदाय के लिए ग्रोथ और समझ के लिए विभिन्न विषय को लॉच करेंगे। आगे मनीष राज सिंघानिया ने कहा ऑटो रिटेल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तन के समय में एफएडीए के अध्यक्ष के रूप में सेवा करना एक बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। ऑटोमोटिव उद्योग की सबसे महत्वपूर्ण शाखा डीलरों का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है जिसे मैं गहराई से मानता है। पिछले दो वर्षों में, हमने उद्योग के प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने और ऑटो खुदरा समुदाय के लिए चुनौतियों को कम करने के लिए सभी हितधारकों के साथ सहयोग किया है।


# मैकडॉनल्ड्स इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पसंदीदा मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर और पहला क्रिस्पी वेजी बर्गर लॉन्च किया




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

इस त्यौहारी सीजन में, वेस्टलाइफ़ फूडवर्ल्ड के स्वामित्व और संचालन वाले मैकडॉनल्ड्स इंडिया ने दो प्रीमियम बर्गर - मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर और क्रिस्पी वेजी बर्गर लॉन्च करने की घोषणा की है। दुनिया भर में लोकप्रिय मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर और विशिष्ट रूप से तैयार किया गया नया क्रिस्पी वेजी बर्गर के साथ भारत में भी अपनी बहुप्रतीक्षित शुरुआत कर रहा है। ये नए उत्पाद मैकडॉनल्ड्स की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जो विविध स्वाद वरीयताओं वाले ग्राहकों के लिए अभिनव मेनू विकल्प प्रदान करते हैं। मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर में पूरी तरह से मसल चिकन फिलेट पैटी है, जिसे प्रीमियम वॉटर-कट ग्लेज़्ड बन, ताज़ा लेट्यूस और क्रीमी पेपर मेयो सॉस के साथ परोसा जाता है। यह बर्गर एक बेहतरीन क्रंच, बेहतरीन चिकन अनुभव का वादा करता है जो बर्गर श्रेणी में एक नया मानक स्थापित करेगा। क्रिस्पी वेजी बर्गर शाकाहारी ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पेशकश है। इस अनूठे उत्पाद नवाचार में सात उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों के मिश्रण से बनी प्रीमियम क्रिस्पी वेजी पैटी शामिल है। वाटर-कट ग्लेज़्ड बन और स्वादिष्ट कॉकटेल मेयो सॉस के साथ, यह बर्गर बोल्ड स्वाद और क्रंचीनेस देने के लिए तैयार किया गया है। वेस्टलाइफ़ फूडवर्ल्ड के कार्यकारी निदेशक अक्षय जाटिया ने कहा, हम प्रतिष्ठित मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर और बिल्कुल नए क्रिस्पी वेजी बर्गर को लॉन्च करके बहुत खुश हैं।

# दर्शिका चौधरी को अंग्रेजी साहित्य में पीएच.डी. प्रदान की गई



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. संजय चौधरी की पुत्री दर्शिका चौधरी को डॉ. रश्मि दुबे के मार्गदर्शन में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा अंग्रेजी साहित्य में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में जे. के. रोलिंग्स हैरी पॉटर सीरीजः अ स्टडी इन सिंबल्स विषय पर अपनी पीएचडी थीसिस का सफलतापूर्वक बचाव किया। उनका अध्ययन प्रसिद्ध हैरी पॉटर श्रृंखला के भीतर प्रतीकात्मक तत्वों के बारे में गहन जानकारी प्रदान करता है, जो समकालीन साहित्य में इन प्रतीकों के गहन सांस्कृतिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक महत्व को उजागर करता है। यह उपलब्धि साहित्यिक अध्ययन के क्षेत्र में उनके समर्पण और विद्वत्तापूर्ण उत्कृष्टता को दर्शाती है। उन्होंने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में तीन शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, और दो अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपना शोध प्रस्तुत किया है।

# पारंपरिक हुनर का सम्मान, कारीगरों का सशक्तिकरण और विश्वकर्मा बंधुओं के जीवन में समृद्धि हमारा लक्ष्य : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्धा में आयोजित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विडियो क्रांन्फेसिंग के माध्यम से एक लाख लाभार्थियों को डिजिटल आईडी कार्ड एवं सर्टिफिक्रेट का वितरण किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लाख लाभार्थियों को ई-स्किल प्रमाण पत्र का वितरण और 75 हजार लाभार्थियों को ऋण का भी वितरण किया। जिला परियोजना लाईवलीवुड कॉलेज परिसर महराजपुर कवर्धा में आयोजित पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत यहां प्रशिक्षण प्राप्त 111 लाभार्थियों को भी ई-स्किल प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। इसमें अस्टिंट बारबर के 11, टेलर व्यवसाय के 15, मेशन व्यवसाय के 85 हितग्राही शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वकर्मा योजना की मूल भावना सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि है। यानी पारंपरिक हुनर का सम्मान, कारीगरों का सशक्तिकरण और विश्वकर्मा बंधुओं के जीवन में समृद्धि ये हमारा लक्ष्य है। विश्वकर्मा योजना की एक और विशेषता है। जिस स्केल पर, जिस बड़े पैमाने पर इस योजना के लिए अलग अलग विभाग एकजुट हुए हैं, ये भी अभूतपूर्व है। पीएम विश्वकर्मा योजना केवल सरकारी कार्यक्रम ही नहीं बल्कि यह योजना भारत के हजारों वर्ष पुराने कौशल को विकसित भारत के लिए इस्तेमाल करने का एक रोड मैप है। इतिहास में भारत की समृद्धि के कितने ही गौरवशाली अध्याय देखने को मिलते हैं।

# अपने नए दुर्गा पूजा कैम्पेन- अपरूपा के माध्यम से सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स मना रहा घर वापसी का त्यौहार



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

85 वर्षों की विरासत वाले भारत के प्रमुख ज्वेलरी रिटेलर सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स को टीआरए द्वारा लगातार चौथे वर्ष दूसरे सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। ब्रांड के पूरे भारत में 167 शोरूम्स हैं। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स लंबे समय से सिर्फ आकर्षक ज्वेलरी की पेशकश करके ही नहीं, बल्कि विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से भी महिलाओं का सम्मान करता आ रहा है। इस परंपरा को जारी रखते हुए, सेंको ने एक नया दुर्गा पूजा कैम्पेन शुरू किया है, जिसे उन्होंने अपरूपा नाम दिया है। यह कैम्पेन महिलाओं की आंतरिक सुंदरता, सौम्यता और शक्ति का सम्मान करने पर आधारित है। प्रत्येक बंगाली के जीवन में दुर्गा पूजा का बहुत महत्व है, जो खुशी, श्रद्धा, सांस्कृतिक विरासत और गौरव को दर्शाता है। यह वर्ष का वह समय है, जब पूरे भारत और विश्व स्तर पर लोग, विशेष रूप से बंगाली, वर्ष का सबसे बड़ा उत्सव 'दुर्गा पूजा' मनाने के लिए अपने-अपने घर लौटते हैं। अपरूपा अभियान का लक्ष्य 'बोनेडी राज बारी' (कुलीन घरेलू) शैली की दुर्गा पूजा को जीवंत बनाए रखना है। सेंको संस्कृति का जश्न मनाते हुए अल्पोना, शोंडे अरोती, ढाकी की धुन पर नृत्य और उत्सव में गायन जैसे अनुष्ठानों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कैम्पेन की थीम लाल रखी गई है, को माँ दुर्गा की दिव्य उपस्थिति और सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ब्रांड की पहचान दोनों का प्रतिनिधित्व करती है। अपरूपा का अर्थ है दैवीय और मानवीय दोनों तरह की 'अद्वितीय' सुंदरता, जो शक्ति, अनुग्रह और परंपरा का प्रतीक है। यह माँ दुर्गा के अतुल्य सौंदर्य और उनकी कृपा को प्रतिबिंबित करने वाली हर महिला का प्रतिनिधित्व करती है।

# नए लॉन्च किए गए आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन से ग्राहकों को रिटायरमेंट बचत बढ़ाने में मिलेगी मदद

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईसीआईसीआई प्रू डेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन' लॉन्च किया है। यह एक मार्केट लिंक्ड पेंशन प्रोडक्ट है, जो ग्राहकों को कम लागत और टैक्स बचत के साथ रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करता है। वित्तीय स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए रिटायरमेंट की योजना बनाना महत्वपूर्ण है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को रिटायरमेंट के लिए बचत और आय सृजन करने की योजना बनाने में मददगार है। लॉन्च के बारे में बोलते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पाल्टा ने कहा, हमें अपने मार्केट लिंक्ड पेंशन प्रोडक्ट, आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन की पेशकश करते हुए खुशी हो रही है। इससे ग्राहकों को अपना रिटायरमेंट फंड बनाने में सहायता मिलेगी, जिससे वे भारत के विकास में योगदान दे सकेंगे। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को इक्विटी में 100 प्रतिशत निवेश की सुविधा देता है और रिटर्न को अधिकतम करने के लिए इक्विटी, डेट और बैलेंस्ड फंड के बीच असीमित मुफ्त स्विच प्रदान करता है। हम इस प्रोडक्ट के साथ दो नए फंड्स 'आईसीआईसीआई प्रू पेंशन इंडिया ग्रोथ फंड' और 'आईसीआईसीआई प्रू पेंशन बैलेंस्ड फंड' भी पेश कर रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन में ग्राहकों को अपनी आय शुरू होने की तारीख तय करने के लिए दो विकल्प मिलते हैंः 'एडवांस' (अग्रिम) और 'पोस्टपोन' (स्थगित)। आय शुरू होने की तारीख में अग्रिम विकल्प से उन्हें रिटायरमेंट से पहले ही आय प्राप्त होने लगती है। इसके विपरीत, जो ग्राहक चाहते हैं कि उन्हें रिटायरमेंट के बाद आय प्राप्त होना शुरू हो, वे आय शुरू होने की तारीख को स्थगित करना चुन सकते हैं। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को पॉलिसी अवधि पूरी होने पर विशेष सुविधा प्रदान करता है, जिसके तहत वे संचित बचत का 60त्न तक निकाल सकते हैं, जिसमें कोई टैक्स नहीं लगता। शेष राशि का उपयोग एन्युटी खरीदने के लिए किया जाना जरुरी है, जिससे आजीवन आय की गारंटी सुनिश्चित हो सके।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस जागरूकता सप्ताह समारोह का आयोजन संपन्न



**रायपुर।** फार्मेसी काउंसिल ऑफइंडिया (पीसीआई) ने फार्माकोविजिलेंस और प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया जागरूकता कार्य म आयोजित करके रोगी सुरक्षा के लिए एडीआर रिपोर्टिंग संस्कृति का निर्माण' विषय के साथ 17-23 सितंबर, 2024 तक चौथे राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मानाने की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण कार्य म का उद्देश्य रोगी सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और प्रतिकूल दवा प्रति याओं (एडीआर) की रिपोर्टिंग की व्यवस्था को बढ़ावा देना है। कलिंगा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय ने 19 सितंबर 2024 को चौथा राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस जागरूकता सप्ताह मनाया, जिसका विषय थाः रोगी सुरक्षा के लिए एडीआर और रिपोर्टिंग व्यवस्था का निर्माण। जागरूकता कार्यक्रम के एक भाग में फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ. संदीप प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्य म का समन्वयन प्रांजुल श्रीवास्तव (सहायक प्रोफेसर), स्मृतिरंजन दाश (सहायक प्रोफेसर), डॉ. रूपाली भारती साव (सहायक प्रोफेसर) ने किया। तकनीकी जागरूकता सत्र से पहले एम्स, रायपुर से डॉ. पुगाजेनथन थंगाराजू (समन्वयक - एमवीपीआई), डॉ. प्रफुल्ल पी. थावरे (सहायक प्रोफेसर और सदस्य रोगी सुरक्षा समिति), डॉ. विकास कटियारा (एएमसी, वरिष्ठ रेजिडेंट आई/सी) ने भाग लिया।



# एक्ट्रेस और इंफ्लुएंसर रीवा अरोड़ा की नहीं पता किसी को रियल एज, कम उम्र में ही बना ही करोड़ों की प्रॉपर्टी

**एक्ट्रेस और इंफ्लुएंसर रीवा अरोड़ा फिल्म उरी और छत्रीवाली के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने बहुत कम उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था और खूब नेम-फेम कमाया। वो सबसे अमीर चाइल्ड एक्टर्स में से एक हैं। हालांकि, रीवा अपनी एज को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी में रहती हैं।**

रीवा की फैमिली के हिसाब से वो 17 साल की हैं और उनका जन्म 2007 में हुआ है। हालांकि, कुछ फैंस ने रीवा के चार साल पुराने इंटरव्यू को प्वॉइंटआउट किया, जिसमें वो अपनी उम्र 9 साल बता रही हैं।

रीवा की उम्र को लेकर उन्होंने कहा था- मैं इसे लेकर क्या कहूं? जो लोग मेरी उम्र और जो मैं कर रही हूं उसे लेकर शक कर रहे हैं उनके लिए मेरे पास कुछ कहने के लिए नहीं है। जो लोग मुझे प्यार देते हैं वो मेरे लिए काफी हैं। बता दें कि 2022 में रीवा की एक्टर करण कुंद्रा संग रोमांस करते हुए एक रील्स वायरल हुई थी, जिसे लेकर काफी विवाद हुआ था। करण कुंद्रा को चाइल्ड एक्टर संग म्यूजिक वीडियो में रोमांस करने की वजह से ट्रोलिंग झेलनी पड़ी थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस की नेटवर्थ तकरीबन 8.2 करोड़ है। रीवा अरोड़ा लग्जरी लाइफ स्टाइल मेंटेन करती हैं। उन्हें लग्जरी गाड़ियों का शौक है। रीवा के पास 40 लाख की ऑडी है।

बता दें कि रीवा ने 2019 में फिल्म उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक से डेब्यू किा था। इस फिल्म में उनकी काफी तारीफ हुई थी। उनकी एक्टिंग को क्रिटिक्स ने भी सराहा था। वर्क फ्रंट पर ने फिल्म भारत, सेक्शन 375, गुंजन सक्सेना- द करगिल गर्ल, बंदिश बैंडिट्स, टीवीएफ ट्रिपलिंग जैसे प्रोजेक्ट किए हैं।

# अविका गौर बैकलैस गाउन पहन गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान

**टीवी के फेमस शो बालिका वधू में छोटी सी आनंदी का किरदार निभाकर एक्ट्रेस अविका गौर ने हर भारतीय घर में अपनी एक अलग पहचान बना ली थी।**

एक्ट्रेस लंबे समय तक शो का हिस्सा रहीं और लोगों को उनकी एक्टिंग खूब पसंद आई थी। इसके बाद अविका को टीवी सीरियल ससुराल सिमर का में रोली के किरदार में देखा गया था।

बालिका वधू फेम एक्ट्रेस अविका गौर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह बेहद हॉट और ग्लैमरस लग रही हैं। एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर का बैकलैस गाउन पहना हुआ है और उनका लुक काफी बोल्ड है। अविका गौर की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। फैंस एक्ट्रेस की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कुछ यूजर्स ने तो यह तक कह दिया कि अविका गौर की हॉटनेस ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। बता दें कि अविका गौर ने अपने करियर की शुरुआत बालिका वधू सीरियल से की थी। इस सीरियल में उन्होंने एक बाल विवाह की शिकार लड़की का किरदार निभाया था। इस सीरियल के बाद अविका गौर कई और टीवी सीरियल्स और फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। छोटे पर्दे की मशहूर अदाकारा अविका गौर ने अपने डेब्यू सीरियल बालिका वधू से दर्शकों के दिलों में बस गई। अविका गौर टीवी की उन एक्ट्रेस में से हैं जिन्होंने अपने दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अविका गौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसके साथ ही वो इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें भी पोस्ट करती रहती हैं। आपको बता दें कि अविका गौर रियल लाइफ में काफी ग्लैमरस हैं।



# श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर स्त्री 2 ने रचा इतिहास, बनी इंडिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म



श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 ने इतिहास रच दिया है। स्त्री 2 इंडियन सिनेमा की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। स्त्री 2 बीती 15 अगस्त को रिलीज हुई थी। फिल्म ने 17 सितंबर तक अपनी रिलीज के 34 दिन पूरे कर लिए हैं। स्त्री 2 आज 18 सितंबर को 35वें दिन में चल रही है। स्त्री 2 ने इन 34 दिनों में इंडियन सिनेमा की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म जवान, पठान, एनिमल, गदर 2, केजीएफ 2 और बाहुबली 2 को पछाड़ नंबर वन का टैग अपने नाम कर लिया है।

इसी के साथ स्त्री 2 इंडियन सिनेमा की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। जवान ने भारत में सभी भाषाओं में 640.25 करोड़ रुपये कारोबार किया था और हिंदी भाषा में 582.31 करोड़ रुपये कमाए थे। जवान का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1160 करोड़ रुपये का है। स्त्री 2 ने अब जवान के लाइफटाइम कलेक्शन 583 करोड़ रुपये को बीट कर 583.30 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

वहीं, इन 34 दिनों में फिल्म का घरेलू ग्रॉस कलेक्शन 668.75 करोड़ रुपये हो चुका है। फिल्म ने ओवरसीज में 130 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

# सनी लियोन और प्रभुदेवा स्टारर गाना पेट्टा रैप का टीजर हुआ रिलीज, 27 को दस्तक देगा फुल सिंगल



सनी लियोन और प्रभुदेवा की धमाकेदार जोड़ी एक बार फिर से दर्शकों के दिलों पर राज करने के लिए तैयार है। हाल ही में इन दोनों स्टार्स के नए गाने पेट्टा रैप का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस टीजर में सनी लियोन और प्रभुदेवा की जबरदस्त केमिस्ट्री और एनर्जेटिक डांस मूव्स नजर आ रहे हैं, जिसने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

जब सनी से उनके अनुभव के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया, हमने इस फास्ट बीट नंबर को थाईलैंड में शूट किया है। मैं प्रभुदेवा सर की बहुत बड़ी फैन हूं। वह अपने इनोवेटिव और इलेक्ट्रिक डांस मूव्स के लिए जाने जाते हैं। मैं उनके स्टेप्स के साथ अपने स्टेप्स मिलाने की कोशिश में घबरा रही थी। मुझे लगता है कि मैंने इसे ग्रेसफुली निभाया है। जैसे ही सनी ने साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा, यह उनके करियर में एक और माइलस्टोन साबित हुआ। पेट्टा रैप में उनका प्रजेंस इस गाने की एनर्जी और डायनामिक कोरियोग्राफी का जबरदस्त कमाल है। यह धमाकेदार गाना 27 सितंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने वाला है। सनी लियोन और प्रभुदेवा के फैंस बेसब्री से इस गाने के फुल वर्जन का इंतजार कर रहे हैं। पेट्टा रैप की झलक ने ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है, जिससे यह साफ है कि फुल सिंगल भी धमाका करने वाला है।

# द बकिंघम मर्डर्स की हालत हुई खराब, लाखों कमाने में भी छूट रहे पसीने

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म से काफी उम्मीदें थी लेकिन इसकी शुरुआत बेहद ठंड़ी रही। हालांकि वीकेंड पर फिल्म की कमाई में थोड़ी तेजी भी देखी गई लेकिन अब वीकड़ेड में ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लुढ़क चुकी है और मुश्किल से कमाई कर रही है। चलिए यहां जानते हैं द बकिंघम मर्डर्स ने रिलीज के पांचवें दिन। यानी पहले मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है?

क्राइम थ्रिलर द बकिंघम मर्डर्स मां करीन कपूर खान ने लीड रोल प्ले किया है। फिल्म में उनकी जबरदस्त एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है लेकिन द बकिंघम मर्डर्स बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनकर परफॉर्म कर रही है। इस फिल्म की ओपनिंग बेहद खराब रही थी इसके बाद भी ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत नहीं कर पाई। दरअसल फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच नहीं पा रही है। वहीं पिछ्ले पांच हफ्तो से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही स्त्री 2 भी द बकिंघम मर्डर्स को टिकने नहीं दे रही है। जिसके चलते रिलीज के पांच दिन बाद भी करीना की ये फिल्म 10 करोड़ का आंकड़ा नहीं छू पाई है।


वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने पहले दिन 1.15 करोड़, दूसरे दिन 1.95 करोड़,तीसरे दिन 2.15 करोड़ और चौथे दिन 80 लाख की कमाई की। वहीं अब फिल्म की रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलव की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं।

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक द बकिंघम मर्डर्स ने रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार को 75 लाख की कमाई की है। इसके बाद द बकिंघम मर्डर्स का 5 दिनों का कुल कलेक्शन अब 6.80 करोड़ रुपये हो गया है। द बकिंघम मर्डर्स को दर्शको से बेहद ठंडा रिस्पॉन्स मिला है। ये मर्डर मिस्ट्री फिल्म सिनेमाघरों में दर्शको के लिए तरसती हुई नजर आ रही है। द बकिंघम मर्डर्स को रिलीज हुए 5 दिन हो चुके हैं और ये 10 करोड़ का आंकड़ा छून से अभी भी काफी दूर है। फिल्म जिस धीमी स्पीड से आगे बढ़ रही है उसे देखते हुए तो इसका जल्द ही पैकअप होता नजर आ रहा है। ऐसे में ये फिल्म मेकर्स के लिए घाटे का सौदा बन गई है।

# टूथब्रश से भी बीमार पड़ सकते हैं आप, जान लीजिए कैसे रख सकते हैं इसे साफ

**आपका टूथब्रथ भी आपको बीमार बना सकता है। दरअसल, जिस टूथब्रश से हम अपने दांतों को साफ करते हैं। जब उसका इस्तेमाल कई-कई महीनों तक करते हैं तो वह नुकसानदायक बन जाता है। इस टूथब्रश पर 1.2 मिलियन से ज्यादा बैक्टीरिया मौजूद हो सकते हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि, करीब 70 प्रतिशत टूथब्रश पर ये बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो सेहत को नुकसान और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा पैदा कर सकते हैं, इसलिए टूथब्रश को ठीक से स्टोर और उसकी साफ-सफाई सही तरीके से करनी चाहिए।**

*एक रिसर्च के मुताबिक, टूथब्रश में एस्चेरिचिया कोली अर्थात ई.कोली बैक्टीरिया हो सकते हैं, जिससे उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे स्टेफिलोकोसी बैक्टीरिया का जोखिम भी हो सकता है, जो स्किन इंफेक्शन का कारण बन सकता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, टूथब्रश को हर तीन महीने में बदल लेना चाहिए। इतने समय में उसके ब्रिसल्स खराब या उसके आकार में बदलाव आ सकते हैं। इसी समय बैक्टीरिया टूथब्रश के ब्रिसल्स में आ सकते हैं। अगर आप किसी बीमारी से ठीक हुए हैं तो तुरंत अपना ब्रथ बदल लेना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि जाइंट फैमिली में जब ज्यादा लोग एक ही बाथरूम यूज करते हैं तो कुछ लोग अक्सर फ्लश का ढक्कन बंद किए बिना ही फ्लश चला देते हैं। ऐसे में फ्लश के गंदे पानी की बूंदें बाथरूम में मौजूद हवा में घुल जाती हैं। इन बूंदों में मौजूद बैक्टीरिया बाथरूम में मौजूद टूथब्रश को संक्रमित कर सकती हैं।*



## टूथब्रश को बैक्टीरिया से कैसे बचाएं

हर तीन महीने में टूथब्रथ बदल लें।

ब्रश करने से पहले और बाद में हाथों को अच्छी तरह धोएं।

ब्रिसल्स खराब होने के बाद टूथब्रथ का इस्तेमाल न करें।

### ब्रश को शौचालय से दूर रखें

टूथब्रश को बेड-सोफे पर न रखें।

अपने ब्रश को किसी और के टूथब्रश के साथ न रखें।

ट्रैवल के दौरान ब्रश कवर करके ही रखें।

परिवार में कोई बीमार है तो उसका टूथब्रथ अलग रखें।

### टूथब्रश को कैसे साफ करें

1. टूथब्रश को नियमित साफ करना चाहिए, क्योंकि उसके ब्रिसल्स में गंदगी छिपी रहती है।

2. टूथब्रश को इस्तेमाल करने से पहले और बाद में नॉर्मल या गुनगुने पानी से अच्छी तरह धोएं।

3. टूथब्रश से बैक्टीरिया का सफाया करने के लिए एल्कोहल युक्त माउथवॉश या सिरका से साफ कर सकते हैं।

# जीभ से कैसे पता चलती है बीमारी, आप भी शीशे में देखकर लगा सकते हैं पता



**बीमारी होने पर जब आप डॉक्टर को दिखाने जाते हैं तो वो सबसे पहले आपकी जीभ देखते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा डॉक्टर जीभ क्यों देखा करते हैं। दरअसर, हमारी जीभ कई बीमारियों को पहले ही बता देती है। आप खुद भी जीभ में होने वाले बदलावों को देखकर पता कर सकते हैं कि आपको कोई बीमारी तो नहीं होने वाली है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर जीभ किसी बीमारी का संकेत दे रहा है तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि कई बार यह गंभीर भी हो सकता है।**

## लाल जीभ पर सफेज स्पॉट

तंबाकू, सुपाड़ी खाने वालों की जीभ पर सफेद स्पॉट पड़ जाते हैं। कई बार ज्यादा तला भुना खाने से एसिड की मात्रा बढ़ जाती है और ऐसा हो सकता है। अगर एक दो हफ्ते बाद भी यह खत्म न हो तो तुरंत डॉक्टर से जाकर मिलना चाहिए।

### सफेद छाले होना

जीभ पर सफेद छाले होना बताता है कि पेट में गड़बड़ी है। पाचन में दिक्कत होने के बाद कई बार जीभ पर लाल या सफेद छाले हो जाते हैं। इसका इलाज तुरंत कराना चाहिए, इसे कभी भी इग्नोर नहीं करना चाहिए।

### ज्यादा सॉफ्ट जीभ

अगर जीभ का रंग गाढ़ा लाल है या वह काफी मुलायम महसूस हो रही है तो इसका मतलब है कि शरीर में विटामिन बी12 और आयरन की कमी है। इसकी जानकारी डॉक्टर के पास जाकर लेनी चाहिए।

### जीभ पर पीले रंग की कोटिंग

अगर जीभ पर सफेद रंग की हल्की सी कोटिंग है तो इसका मतलब आप हेल्दी हैं लेकिन अगर यही कोटिंग पीले रंग की है तो सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि पीले रंग की हल्की मोटी कोटिंग यीस्ट इंफेक्शन की तरफ इशारा करती है।

### गहरी लाल रंग की जीभ

जीभ का गहरा लाल होना इंफेक्शन का लक्षण हो सकता है। कई बार कावासाकी बीमारी या लाल बुखार की वजह से भी ऐसा हो सकता है। अगर यह हल्की सफेद नजर आए तो एनीमिया का संकेत हो सकता है।

### जीभ चिकनी होना

जीभ का ऊपरी हिस्सा हल्का खुरदुरा होता है। अगर यह अचानक से चिकना हो जाए तो विटामिन की कमी के लक्षण हो सकते हैं। शरीर में पोषक तत्वों की कमी की वजह से भी ऐसा हो सकता है।

# लाईवलीवुड कॉलेज के प्रशिक्षित 400 शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत मिला प्रमाण-पत्र

## पीएमविश्वकर्मा योजना के तहत एक लाख लाभार्थियों को वितरण किया ई-स्किल प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्धा में आयोजित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक लाख लाभार्थियों को डिजिटल आईडी कार्ड एवं सर्टिफिकेट का वितरण किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लाख लाभार्थियों को ई-स्किल प्रमाण पत्र का वितरण और 75 हजार लाभार्थियों को ऋण का भी वितरण किया। जिला परियोजना लाईवलीवुड कॉलेज परिसर जशपुर में आयोजित पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत यहां प्रशिक्षण प्राप्त 400 लाभार्थियों को भी ई-स्किल प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत ने लाभार्थियों को प्रभाण पत्र का वितरण किया।

**विकसित भारत का रोड मैप** -इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना केवल सरकारी प्रोग्राम भर नहीं है। ये योजना भारत के हजारों वर्ष पुराने कौशल को विकसित भारत के लिए इस्तेमाल करने का एक रोड मैप है। इतिहास में भारत की समृद्धि के कितने ही गौरवशाली अध्याय देखने को मिलते हैं। इस समृद्धि का बड़ा आधार हमारा पारंपरिक कौशल, उस समय का हमारा शिल्प, हमारी इंजीनियरिंग, हमारा विज्ञान था। हम दुनिया के सबसे बड़े वस्त्र निर्माता थे। हमारा धातु-विज्ञान, हमारी मेटलर्जी भी विश्व में बेजोड़ थी। उस समय के बने मिट्टी के बर्तनों से लेकर भवनों की डिजाइन का कोई मुकाबला नहीं था। इस ज्ञान-विज्ञान को कौन घर-घर पहुंचाता था। सुतार, लोहार, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, ब?ई-मिस्त्री ऐसे अनेक पेशे, ये भारत की समृद्धि की बुनियाद हुआ करते थे।

**जशपुर में 530 को प्रशिक्षण**-उल्लेखनीय है कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिला में अब तक 22 हजार से अधिक लोगों का पंजीकरण किया गया है। जिसमें से 6 हजार लोगों की तृतीय स्तर की स्क्रीनिंग की जा चुकी है एवं परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर के द्वारा 530 शिल्पकारों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर के द्वारा 5 ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें दर्जी, लोहार, बढ़ई, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई एवं झाड़ू निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 40 घंटे का प्रशिक्षण एवं आधुनिक मशीनों से परिचित कराया जाता है। प्रशिक्षुकों को रहने एवं खाने के भत्ते के रूप में 4 हजार रुपयों के साथ 15 हजार रुपयों का टूलकीट एवं प्रशिक्षण पूर्ण करने का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण उपरांत 3 लाख रुपये तक का कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है जिसपर किसी प्रकार की बैंक गारंटी की आवश्यकता नहीं होती है। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, लाईवलीवुड कॉलेज के प्राचार्य अमरनाथ धमगया, जिला व्यापार एवं उद्योग के महाप्रबंधक एम.एस. पैकरा, पीमएम योजना के लाभार्थी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# तहसीलदार ने शिवरीनारायण के तीन स्थानों से अवैध भंडारित 140 ट्रेक्टर रेत को किया जब्त

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



महानदी का जलस्तर घटते ही रेत माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं। इस कारण नगर में रेत का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। महानदी से लगातार रेत का अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन लगातार जारी है। रेत माफिया रेत की काली कमाई को अंजाम देने के लिए सरकारी नियम कायदों को रौंद रहें हैं। रेत के अवैध कारोबार की लगातार मिल रही शिकायत पर गुरुवार को तहसीलदार अविनाश चौहान की टीम ने नगर में रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई की। जिसमें नगर के तीन अलग-अलग जगहों पर अवैध रूप से भंडारित 140 ट्रेक्टर रेत की जब्ती बनाई गई है। तहसीलदार की टीम ने नगर के केरा रोड स्थित शबरी धाम कॉलोनी के सामने कृष्णा अग्रवाल पिता दीपक अग्रवाल की जमीन पर डंप 60 ट्रिप, पवन यूल्स के सामने गायत्री अग्रवाल पति स्व. लखेश्वर अग्रवाल की जमीन पर डंप 40 ट्रिप व तुस्मा रोड़ मोदी सा मिल के सामने जमीन पर डंप 40 ट्रिप अवैध रूप से भंडारित कुल 140 ट्रिप रेत को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान जब्त अवैध रेत को नगर पंचायत सीएमओ राकेश साहू को सुपुर्द किया गया है। रेत के भंडारण वाले रास्तों को जेसीबी से काटा गया है ताकि रेत माफिया जब्त रेत को बेच ना सकें। कार्रवाई के संबंध में तहसीलदार अविनाश चौहान ने बताया यदि इसके बाद भी किसी व्यक्ति द्वारा जब्त रेत को बिना अनुमति के उठा कर बेचा जाता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने कहा जिस भी जगह पर रेत का अवैध भंडारण पाया जाएगा उस जमीन मालिक पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध रेत के मामले में कार्रवाई करने वाली टीम में तहसीलदार अविनाश चौहान, नायब तहसीलदार संजय बरेठ, सीएमओ राकेश साहू, आरआई किशोर सिदार शामिल थे।

नगर के केरा रोड में शबरी धाम कॉलोनी के सामने, पवन यूल्स के सामने व तुस्मा रोड़ मोदी सा मिल के पास अवैध रूप से डंप किए गए 140 ट्रेक्टर रेत को जब्त किया गया है। बिना अनुमति जब्त रेत को उठाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध रेत के खिलाफआगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।
**-अविनाश चौहान, तहसीलदार शिवरीनारायण**

# जल-जगार महोत्सव 5 एवं 6 अक्टूबर को जल जागरूकता के लिए आयोजित विराट आयोजन का बनें हिस्सा : कलेक्टर नम्रता गांधी

## हाफ मैराथन 6 अक्टूबर को, प्रतिभागी क्यू.आर कोड स्कैन कर करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में जल जगार महोत्सव का आयोजन आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके तहत 6 अक्टूबर को हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जल जागरूकता के लिए आयोजित इस विराट आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह हाफ मैराथन तीन श्रेणियों में आयोजित होगाए इसमें गंगरेल हाफ मैराथनए एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन शामिल है। हाफ मैराथन में हिस्सा लेने के इच्छुक वेबसाईट में जाकर क्यूआर कोड स्कैन कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं और इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कार मिलेगा। गौरतलब है कि गंगरेल हाफ मैराथन के तहत 21.1 किलोमीटर का मैराथन सुबह 5.30 बजे से होगा। इसमें 18 से 29 वर्ष, 30 से 49 वर्ष तक की आयु वर्ग तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7500 रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये है। इसी तरह एन्डुरन्स रन के तहत 10 किलोमीटर का मैराथन सुबह 6.15 बजे से आयोजित होगा। इसमें 15 से 29 वर्ष, 30 से 49 वर्ष तक की आयु तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार 6 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार 2 हजार रूपये रखा गया है। इसके साथ ही पारिवारिक मनोरंजन के लिए वॉकेथॉन के तहत 5 किलोमीटर का मैराथन सुबह 6.30 बजे से होगा। इसमें पुरूष और महिला दोनों श्रेणियों के लिए अलग.अलग पुरस्कार प्रदाय किए जाएंगे।

# कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

पशु पालन एवं डेयरी विभागए नई दिल्ली द्वारा 21 वीं पशु संगणना 1 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इसके मद्देनजर अपर संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं रायपुर डॉ केके ध्रुव की उपस्थिति में बीते दिनों जिला पंचायत सभाकक्ष धमतरी में कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपर संचालक ने बताया कि पशु संगणना वर्ष 1919 में शुरू की गई, जो प्रत्येक 5 वर्ष में एक बार की जाती है। अब तक 20 पशु संगणनाएं की जा चुकी हैं और वर्तमान में 21 वीं पशु संगणना का कार्य किया जा रहा है। संगणना के आधार पर ही शासन द्वारा पशुधन नीतियां एवं योजनाओं का निर्माण किया जाता है। उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ एमएस बघेल ने बताया कि जिले में 67 प्रगणक एवं 15 सुपरवाईजर बनाया गया है, जो घर.घर जाकर गणना कार्य संपादित करेंगे।

उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ग्रामीण एवं पशुपालकों से सहयोग की अपील की है। संगणना के लिए नियुक्त संभाग स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ सुधीर पंचभाई द्वारा 21 वीं संगणना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस बार 16 तरह के पशु एवं पक्षियों की नस्लवार डाटा ग्रामों एवं शहरों में घर.घर जाकर एकत्र करना और एप के माध्यम से ऑनलाईन एंट्री किया जाना है। इस मौके पर पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ प्रमोद कुमार द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रगणक एवं सुपरवाईजर को ऐप में डाटा एंट्री के संबंध में जानकारी दी।



## बगीचा में निकली स्वच्छता जागरुकता रैली

जाशपुरनगर। शासकीय संत रामेश्वर गहरा गुरु महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत एन ई पी समन्वयक प्रवीण मिंज के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा द्वारा बगीचा नगर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें महाविद्यालय बगीचा इकाई के एन एस एस स्वयं सेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. रैली बगीचा के बेस्ट स्टैंड से शुरू की गई तथा सभी स्वयंसेवक नगर गांव मोहल्ला होते हुए जिला के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजपुरी घाट पहुंचे स्वच्छता ही सेवा भाव को समझते हुए सभी स्वयंसेवकों ने निस्वार्थ भाव से श्रमदान किया तथा नगर वासियों के समक्ष एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया. रैली बहुत ही मायने में सफल रहा जिसमें छात्र-छात्राओं सहित नगर वासियों में भी काफी उत्साह देखने को मिला. रैली को सफल बनाने में सुशील भगत पंकज यादव तथा मीनावती नागेश की अहम भूमिका रही

# प्रधानमंत्री जनमन योजना-विशेष शिविर में 28 कमार हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



शासन द्वारा विशेष पिछडी जनजाति वर्ग के लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत जिले के विशेष पिछडी जनजाति कमार बसाहटों में लगातार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में 19 सितम्बर को सियारीनाला, झिपाटोला, अमलीपारा और हितली में विशेष शिविर आयोजित कर 28 कमार हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसमें में प्रधानमंत्री आवास योजना के 03, आधार कार्ड 01, आयुष्मान कार्ड 15, जनधन खाता 2, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 01, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के 01, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 01, किसान सम्मान निधि 01, पीवीटीजी ड्रॉप आउट विद्यार्थी 02 और सुकन्या समृद्धि योजना के 01 कमार हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले की विशेष पिछडी जनजाति कमार को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने विशेष अभियान जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कमार बसाहटो में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं आधार कार्ड पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मन निधि, फसल ऋण, सुकन्या समृद्धि, मातृ वंदन, कुपोषण, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, जनधन खाता, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन्म प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र, विश्वकर्म योजना, श्रम कार्ड, ड्रॉप आउट बच्चों को प्रवेश और नल जल योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

# फास्टेक कंप्यूटर सोसायटी अपने 15वाँ स्थापना दिवस पर जशपुर जिला अस्पताल में 24 यूनिट किया रक्तदान






पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्था के रूप में कार्यरत जशपुर जिले की अग्रणी संस्था फ़ास्टेक कंप्यूटर सोसायटी के 15 वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल जशपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,और सभी वार्ड में फल व बिस्किट वितरण किया गया,यहाँ पर 24 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमे संस्था के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और लड़कों की अपेक्षा लड़कियों ने ज़्यादा उमंग के साथ रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले ज़्यादातर पहली बार ही रक्तदान कर रहे थे। पहली बार का अनुभव पूछने पर विद्यार्थियों ने कहा, ऐसा अनुभव पहले कभी नहीं हुआ, रक्तदान करके अच्छा लग रहा है। अब हम दूसरो को भी प्रेरित करेंगे और जो भी भ्रांतिया रक्तदान करने को लेकर ग्रामीण इलाकों में फैली है उसको दूर करने का काम भी करेंगे। इस अवसर पर संस्था में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से जिला अस्पताल से सहयोग के लिए डॉ ममता ब्लड बैंक अधिकारी, सीएमएचओ डॉ. जेएस ज्यात्रा, पुरसोत्तम कंवर लैब टेक्नीशियन, असुन्ता कुजूर, उषा सोनवानी, उपस्थित थे। वहीं संस्था के संस्था प्रभार आशीष कुमार सोनी, सचिव राहुल मिश्रा, विंकल विश्वकर्मा,वृंदा शिखर, मीरा भगत, उत्तम दास, ममता रजवाड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख आशीष सोनी ने इस सफल कार्यक्रम के लिए संस्था के सभी स्टाफ़ व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

# शिविर में सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच की गई और दवाइयाँ वितरित भी की

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम। स्वच्छता जागरूकता अभियान 'स्वच्छता ही सेवा के तहत निगम परिसर स्थित मोतीलाल वोरा सभागार पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांचकर उनको दवा वितरित की गई। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से किया गया।स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निगम में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन में समस्त स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न जांच जैसे रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर जांच, स्वास्थ्य जांच, शुगर जांच, सिकलिन जांच, हिमोग्लोबिन जांच, एच आई वी जांच एवं आयुष्मान कार्ड आदि की जांच की गई। उक्त शिविर महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, पीआईयू कुणाल, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डा. विश्वनाथ पाणिग्रही ने भी अपना स्वास्थ्य जांच करवाई। डॉ सीबीएस बंजारे (डीएचओ) सुरेश जैन (कैंसर स्पेशलिस्ट) रामकृष्ण केअर हॉस्पिटल रोटरी क्लब के माध्यम से,पार्षद उषा ठाकुर सहित आदि मौजूद रहे। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि स्वास्थ्य व्यक्ति ही अपना काम पूरी मेहनत से कर सकता है।इसलिए नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सफाई मित्र का स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है।

महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की उपस्थिति में आयोजित शिविर के दौरान निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सफाई कर्मियों, स्वच्छता दीदी व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम स्वास्थ्य जांच और रक्त जांच करने के साथ ही दवाएं बांटी गईं।

## मुख्यमंत्री आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ाने कर रहे सार्थक पहल

# नवसंकल्प शिक्षण संस्थान ला रहा युवाओं के जीवन में बदलाव, अबतक 150 बच्चे हो चुके हैं चयनित

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को बढाने के लिए सार्थक पहल किया जा रहा है। छत्तीसग? शासन और जिला प्रशासन की पहल से युवाओं का जीवन बदल रहा है। इन क्षेत्रों के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए जशपुर में आवासीय नवसंकल्प शिक्षण संस्थान संचालित है। जहां आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। विभिन्न विषय के विशेषज्ञों द्वारा दूरस्थ अंचल के बच्चों को वर्तमान में पुलिस, शिक्षक एवं पीएससी, नेट, स्लेट, व्यापम, बैकिंग, अग्निवीर और एसएससी सहित अन्य भर्ती की तैयारी करवाई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री निःशुल्क दी जाती है। ताकि अधिक से अधिक बच्चे प्रतियोगी परीक्षा की तैयार करके अपना भविष्य संवार सके।

नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में रहकर तैयारी कर एसएससी जीडी उर्तीण किए युवा बेलडीपा जशपुर के नेहरूलाल राम ने बताया कि उनके गांव में सेंट्रल लेवल का परीक्षा की तैयारी के लिए दूर जाना पड़ता था। अब जशपुर में ही उन्हें निःशुल्क पढ़ाई की सुविधा मिलने लगी है।

### फीस नहीं थी पढ़ने के लिए

सोगड़ा के सोनकश्यप प्रधान ने कहा कि मेरे घर वाले इतना फीस नही दे पाते थे कि कही और जाकर एसएससी जीडी की तैयारी कर सकू। नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में हमें हॉस्टल, खाने और रहने की सुविधा प्रदान की जाती है। एसएससी जीडी उर्तीण शेखरपुर की अमीना का कहना है कि नवसंकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में रहकर तैयारी की है।

### सीएम को धन्यवाद दिया

नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह संस्था आवासीय है। जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की बच्चों को तैयारी कराई जाती है और अब तक इसमें से करीब 150 बच्चें विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए सेलेक्ट हो चुके हैं। कोचिंग संस्थान के शिक्षक शैलेश खोसले ने बताया कि संस्था में बच्चों का परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ र्स्वांगीण विकास भी हो रहा है। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयार कर रहे युवाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया है।

### इस तरह हो रही है तैयारी

नवसंकल्प शिक्षण संस्थान से एसएससी जीडी में संस्थान के कुल 22 छात्र लिखित परीक्षा उत्तीर्ण किए हैं इसके अतिरिक्त अग्निविर में 2 छात्र उत्तीर्ण किए हैं। विभिन्न शासकीय सेवाओं में कुल 23 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। एसएससी जीडी चयनित छात्र और वर्तमान में सीजी पुलिस की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए प्रतिदिन सुबह 5.30 से 7.30 बजे तक फिजिकल ट्रेनिंग दी जाती है। प्रत्येक सोमवार को सप्ताहिक टेस्ट, हर महीने मेगा टेस्ट, प्रति शनिवार को फिजिकल ट्रायल टेस्ट करवाया जाता है। छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए साप्ताहिक वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, खेल कूद प्रतियोगिता, विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा सेमिनार, लाइब्रेरी, हॉस्टल, मेस आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष बनीं पत्थलगांव विधायक गोमती साय

- **कहा, सरकार के दिए दायित्वों का जनता के हित में बेहतर निर्वहन करूंगी**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष पत्थलगांव विधायक गोमती साय को नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा आदेश जारी किया गया है।

# आबकारी अमला ने जब्त किया अवैध शराब



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में लगातार अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में 19 सितम्बर को मगरलोड के ग्राम भालुचुवा के जंगल में आबकारी अमला द्वारा कार्यवाही करते हुए 65 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया तथा 650 किलोग्राम लाहन को नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफआबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गयी। इस मौके पर आबकारी उप निरीक्षक लालजी दीवान,पुरुषोत्तम सिन्हा, आबकारी मुख्य आरक्षक राजेश यादव यादव सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका यात्रा से लौटे

## शिकागो में आयोजित भारतीय स्वदेशी मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव अमेरिका के अध्ययन प्रवास के बाद शुक्रवार सुबह रायपुर पहुंचे। राजधानी वापसी पर स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री साव ने बताया की अमेरिका के अपनी अध्ययन यात्रा के दौरान उन्होंने पांच प्रमुख शहरों का भ्रमण कर सड़क निर्माण और सड़कों के रखरखाव की तकनीक, इनमें एआई (Artificial Intelligence) के उपयोग और पुल-पुलियों के निर्माण को लेकर तकनीकी विशेषज्ञों से चर्चा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह के साथ अमेरिका के बड़े-बड़े शहरों में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली तकनीकों का अध्ययन किया। साव ने अमेरिका में निर्माण स्थलों और ग्रीन-फील्ड रोड का भी अवलोकन किया। उन्होंने अपनी यात्रा को काफी लाभदायक बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की परिस्थितियों में जिन तकनीकों का इस्तेमाल हो सकता है, उन्हें यहां जरूर लागू करेंगे। साव अपने अध्ययन प्रवास के दौरान शिकागो में आयोजित भारतीय स्वदेशी मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान सभी शहरों में भारतीयों और खासकर छत्तीसगढ़ के लोगों से बड़ी संख्या में मुलाकात और बात हुई। छत्तीसगढ़ के बहुत से लोग वहां रह रहे हैं और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। साव ने बताया कि उन्होंने अमेरिका में रह रहे छत्तीसगढ़ के लोगों, भारत के अन्य प्रांतों के लोगों और अमेरिकी लोगों को छत्तीसगढ़ आकर प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक-पौराणिक महत्व के स्थलों को देखने तथा यहां की संस्कृति और सभ्यता को समझने के लिए आमंत्रित किया हूं।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं जना स्माल फाइनेंस बैंक के सहयोग से 'एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर' आयोजित



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं जना स्माल फाइनेंस बैंक के सहयोग से 'एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर' का आयोजन 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक जना स्माल फाइनेंस बैंक सुंदर नगर ब्रांच में किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें जनरल मेडिसिन डॉ. धनेन्द्र साहू, नेत्र रोग से डा. वेद अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश मानस एवं विवेकानंद मिश्रा, एवं नर्सिंग स्टाफ, खुशबू सिधार, श्वेता निधि तिरके एवं बैंक के ब्रांच मैनेजर रविकांत सिंह बैंक के ग्राहक, कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता का आधार है : अजय सिंह

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने स्थानीय निकायों के निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली प्रेक्षकों की ब्रीफिंग में कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता का आधार है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए आज विशेष ब्रीफिंग का आयोजन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य नामावली में संभावित त्रुटियों को दूर करना और सभी योग्य मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज करना है ताकि चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से आयोजित हो सके। आयुक्त अजय सिंह ने निर्धारित समय सीमा में मतदाता सूची शुद्ध एवं त्रुटि पूर्ण बनाने की निर्देश दिए। आयुक्त अजय सिंह ने सभी प्रेक्षकों से कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में ई आर ओ तथा ए ई आर ओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का समय पर निरीक्षण करते रहें और यदि आपको आवंटित जिले में पुनरीक्षण कार्यक्रम में किसी भी चरण में जिले में नियमों, निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है तो इसकी सूचना संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी तथा आयोग को तत्काल प्रदान कर समाधान प्राप्त करें। ब्रीफिंग में निर्वाचक प्रेक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी अहम भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# धान की फसल में तना छेदक, बंकी और झुलसा जैसे बीमारियों से बचाव के लिए किसानों को कृषि वैज्ञानिकों की सलाह

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ सीजन में अब तक 48.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी हैं। जबकि राज्य सरकार द्वारा इस सीजन में 48.63 लाख बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इनमें प्रमुख रूप से धान की फसल की बोनी जाती है। इस साल अच्छी बारिश हुई हैं। लेकिन अच्छी बारिश होने के बावजूद, हाल के दिनों में तेज धूप और बदलते मौसम के कारण कुछ जिलों में धान की फसल में तना छेदक, बंकी और झुलसा जैसी बीमारियों के लक्षण सामने आ रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों को इन बीमारियों से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तना छेदक से बचाव के लिए किसान फेरोमोन ट्रैप और लाइट ट्रैप का इस्तेमाल कर सकते हैं। भूरा माहो कीट के नियंत्रण के लिए फोरेट का उपयोग न करने की सलाह दी गई है। यदि कीट प्रकोप गंभीर हो जाता है, तो इमिडाक्लोप्रिड या इथीप्रोपइमिडाक्लोप्रिड दवाओं का उपयोग किया जा सकता है। धान की फसल में झुलसा रोग के लक्षण दिखाई देने पर ट्राइसाइक्लोजोल, आइसोप्रोथियोलेन, या टेबुकोनाजोल जैसी फफूंदनाशक दवाओं का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। छिड़काव दोपहर 3 बजे के बाद करने पर यह अधिक प्रभावी होगा, और 10 से 15 दिन के अंतराल पर इसे दोहराने की आवश्यकता होगी। जीवाणु जनित झुलसा (बहरीपान) रोग के लक्षण दिखने पर खेत से पानी निकालकर 3-4 दिन तक खुला छोड़ने और 25 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गई है। शीथ ब्लाइट रोग के लिए हेक्साकोनाजोल का छिड़काव उपयोगी साबित हो सकता है।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 1095.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1095.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 20 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2283.6 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 570.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 589.3 मिमी, सूरजपुर में 1082.9 मिमी, बलरामपुर में 1624.0 मिमी, जशपुर में 936.3 मिमी, कोरिया में 1065.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1054.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

# विश्वविद्यालय को गौरव दिलाने कड़ी मेहनत करें : राज्यपाल डेका




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्वविद्यालय को गौरव दिलाने के लिए उत्साह के साथ और कड़ी मेहनत करें ताकि यह देश के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हो सके। राज्यपाल रमेन डेका ने आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के 61वें स्थापना दिवस समारोह में उक्त बातें कहीं। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक अदभुत और सुंदर राज्य है। यहां की 70 प्रतिशत आबादी शिक्षित है साथ ही 44 प्रतिशत भूमि वनाच्छादित है, यहां की संस्कृति रामायण काल से भी पुरानी है। राज्य की ये तीनों विशेषताएं उन्हें प्रभावित करती हैं।

उन्होंने असम और छत्तीसगढ़ की प्राचीन विरासत और संस्कृति में समानता बताई। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं है। अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करनी होगी। नेल्सन मंडेला 26 वर्ष जेल में बिताने के बाद द. अफ्रीका के राष्ट्रपति बने थे इसलिए यह दृष्टिकोण रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए कि जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमने भारत में जन्म लिया है। भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था अत्यंत समृद्ध थी। लार्ड मेकाले द्वारा अंग्रेजी शासन के दबाव में नई शिक्षा व्यवस्था लाई गई। राज्यपाल ने कहा कि मातृ भाषा में शिक्षा ग्रहण करने से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

# मुख्यमंत्री सक्षम सुरक्षा योजना : बकरी पालन कर बसना की भूमिका पटेल हुई आत्मनिर्भर

## मुख्यमंत्री सक्षम सुरक्षा योजना : बकरी पालन कर बसना की भूमिका पटेल हुई आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री सक्षम सुरक्षा योजना के तहत् गरीब और असहाय महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। वहीं यह योजना ऐसे परिवारों के लिए आय का नया साधन भी बना है। इस कड़ी में महासमुन्द जिले के बसना विकासखंड के ग्राम चनाट की निवासी भूमिका पटेल ने मुख्यमंत्री सक्षम सुरक्षा योजना के सहयोग और अपनी लगन तथा मेहनत से खुद के जीवन को एक नई दिशा दी है।

भूमिका पटेल पति के निधन के बाद जब परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा थी, तब इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में पटेल ने हार नहीं मानी और खुद का व्यवसाय करने का निर्णय लिया। आर्थिक संकट से जूझ रही भूमिका को पता चला की मुख्यमंत्री सक्षम सुरक्षा योजना द्वारा महिलाओं को व्यापार करने के लिए ऋण और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसी दौरान उसकी मुलाकात महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक से हुई। उन्होंने इसके बारे में अधिक जानकारी दी और जाना कि वह इस योजना के लिए योग्य हैं। भूमिका ने योजना के तहत आवेदन किया और अपने स्वरोज़गार के लिए प्रस्ताव तैयार किया। आवेदन करने पर उन्हें बालविकास परियोजना बसना द्वारा 40,000 रुपये का ऋण प्रदान किया गया, जिसका उपयोग उन्होंने बकरी पालन के व्यवसाय में किया। उनके इस प्रयास ने उन्हें न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद की, बल्कि उन्हें अपने आत्म-सम्मान को भी बढ़ाने का अवसर दिया। भूमिका ने बताया कि सक्षम के तहत जो ऋण लिया था उसकी नियमित किस्त जमा करती है। उन्होंने बताया कि लगभग एक वर्ष के भीतर, बकरी पालन से होने वाले मुनाफे ने उनके परिवार को स्थिर आय प्रदान की। इसके अलावा आय की बचत राशि से गांव में ही कृषि भूमि को रेगहा-अधिया लेकर खेती-किसानी की शुरुआत भी की, जिसने उनके व्यवसायिक विस्तार और आर्थिक सुदृढ़ता को बढ़ाया है। मुख्यमंत्री सक्षम योजना के अंतर्गत मिले इस सहयोग ने भूमिका पटेल को न केवल आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि उनके परिवार को एक सम्मानजनक जीवन भी प्रदान किया। यह योजना आर्थिक परेशानियों से घिरी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के साथ अपने पैरों में खड़े होने का अवसर प्रदान कर रही है। भूमिका ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री स्वयं सक्षम सुरक्षा योजना प्रदेश की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य शुरू किया गया है इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार ने सभी पात्र महिलाओं को कम ब्याज दर पर हमें प्रदान करने का प्रावधान किया है जिससे वह सभी महिलाएं अपना लघु उद्योग शुरू कर सकें।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403